सुप्रभात
रांची, गुरुवार
12.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 92



12 फिल्म रामायण में राम बनेंगे रणबीर कपूर

## न्यूज डायरी

### राजधानी रांची में एक्सपो उत्सव आज से

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में गुरुवार से पांच दिवसीय ट्रेड फेयर एक्स्पो उत्सव का आयोजन शुरू हो रहा है। एक्सपो का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे।

### पठानकोट एयरबेस का गुनहगार शाहिद ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सियालकोट की एक मस्जिद में बुधवार को अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने भारत के पठानकोट एयरबेस के गुनहगारों में शामिल जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर शाहिद लतीफ और हाशिम को गोलियों से भून दिया। इसे संगठन पर बड़ा आघात माना जा रहा है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ा राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

# कार्डिनल को राजकीय सम्मान के साथ दी गयी अंतिम विदाई

- तिरंगा ओढ़ाकर दिया गया राजकीय सम्मान
- झारखंड पुलिस के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदायी दी गयी। उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा झंडा ओढ़ाया गया। झारखंड पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूद रहे।

बुधवार को कार्डिनल टोप्पो का पार्थिव शरीर संत मरिया महागिरजाघर से एक बजे लोयला मैदान लाया गया। वहां कार्डिनल के विधि संस्कार का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में विभिन्न कलिसियाई और विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित हुए। गार्ड ऑफ ऑनर से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, भूषण तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू समेत कई लोगों ने पुष्पचक्र चढ़ाकर कार्डिनल को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले, संत मरिया महागिरजाघर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन, मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो सहित कई लोगों ने कार्डिनल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिवंगत कार्डिनल के पार्थिव शरीर पर तिरंगा झंडा ओढ़ाकर उन्हें राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर देने के दौरान बंदूकों की सलामी के दौरान कई बंदूकों से फायरिंग ही नहीं हुई। आपको बता दें कि 15 अक्टूबर 1939 को गुमला में जन्मे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन 4 अक्टूबर 2023 को रांची के मांडर में हुआ था। इसके बाद 10 अक्टूबर को उनका पार्थिव शरीर रांची लाया गया था।



कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें नमन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### मदर टेरेसा की प्रतिमा के नीचे दफन हुए कार्डिनल



कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को बुधवार की शाम को संत मरिया महागिरजाघर में मदर टेरेसा की प्रतिमा के नीचे दफन किया गया। महाधर्माध्यक्ष के अंतिम दर्शन और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए 30 बिशप, 500 फादर, रोम से नियुक्त वेटिकन एंबेसी के सदस्य भी शामिल हुए। तेलेस्फोर पी टोप्पो की इच्छा थी कि संत मरिया कैथेड्रल में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाये।

## युवा ऊर्जा के उपयोग को केंद्र बनायेगा मेरा युवा भारत निकाय

**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद सरकार ने मेरा युवा भारत (माय भारत) नाम से एक स्वायत्त संस्था बनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा और कर्त्तव्य भाव जागृत करते हुए उनका देश और समाज हित में उपयोग करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक स्वायत्त निकाय की स्थापना को मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर इसकी शुरुआत की जायेगी। ये निकाय युवाओं को समान पहुंच प्रदान करते हुए युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत (माय भारत) का प्राथमिक उद्देश्य युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ने से युवा सामुदायिक परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जायेंगे। यह राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना चाहता है। यह मंच सेवा, कर्तव्य और सकारात्मक भाव वाले युवाओं के लिए है। राष्ट्रीय युवा नीति में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। (शेष पेज 11 पर)



### लिथियम, नाइओबियम और आरइइ के खनन को रॉयल्टी दरों की मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने तीन महत्वपूर्ण खनिजों- लिथियम, नाइओबियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरइइ) - के खनन के लिए रॉयल्टी दरों को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव से खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन बढ़ने की भी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी। रॉयल्टी की दर को मंजूरी से अब केंद्र सरकार ब्लॉकों की नीलामी कर पायेगी। आज तय रॉयल्टी इस प्रकार है- लिथियम : लंदन मेटल एक्सचेंज मूल्य का 3 प्रतिशत, नाइओबियम : औसत बिक्री मूल्य का 3 प्रतिशत (प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों दोनों के लिए), आरइइ : रेयर अर्थ ऑक्साइड के औसत बिक्री मूल्य का 1 प्रतिशत। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे आर्थिक विकास होगा और राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ेगी, स्वदेशी खनन से आयात में कमी आयेगी और संबंधित उद्योगों की स्थापना होगी तथा ऊर्जा स्रोतों के परिवर्तन की सुविधा प्रदान करेगा और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 संसद द्वारा पारित किया गया था। यह विगत 17 अगस्त से लागू हो गया है।

# मेरे मुवक्किल को इडी का समन सही नहीं : चिदंबरम

- सीएम हेमंत सोरेन के वकील ने झारखंड हाइकोर्ट में दी दलील कल पुन: होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इडी के समन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट पिटीशन की सुनवाई बुधवार को हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता पी चिदंबरम ने सीएम हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न आदेश का हवाला देते हुए हेमंत सोरेन को जारी समन निरस्त करने का आग्रह किया। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।

पी चिदंबरम ने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन को इडी की ओर से जो समन जारी किया गया है, वह एक गवाह के रूप में या आरोपी के रूप में किया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गयी है। हेमंत सोरेन की ओर से उनकी संपत्ति की जानकारी उन्होंने दाखिल आइटी रिटर्न में दी है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पंकज बंसल वर्सेस केंद्र सरकार में कहा गया है कि इडी के साथ सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### माइनिंग लीज मामले में सुनवाई 29 नवंबर को

रांची। खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआइ कार्यकर्ता एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता सुनील महतो की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाइब्रिड मोड में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट से जुड़े। उन्होंने कोर्ट को बताया कि यह मामला शिव शंकर शर्मा द्वारा दाखिल जनहित याचिका की तरह ही है। सुप्रीम कोर्ट ने शिव शंकर शर्मा की याचिका को खारिज कर दिया था। सुनील महतो की याचिका में कुछ नया नहीं है। मामले में प्रार्थी ने इसका तुलनात्मक विवरण दाखिल किया कि यह केस कैसे शिव शंकर शर्मा केस से अलग है। इसमें बताया गया है कि शिव शंकर शर्मा मामले में केवल माइंस लीज का मामला था, लेकिन इस मामले में सीएम के माइनिंग लीज के अलावा उनकी पत्नी और साली को इंडस्ट्रीयल एरिया में जमीन देने का भी है। कोर्ट ने प्रार्थी द्वारा दाखिल तुलनात्मक विवरण पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का समय दिया। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी की।

## भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

**विश्व कप क्रिकेट**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच कप्तान रोहित शर्मा (131) के ऐतिहासिक शतक की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट पर 272 रन बनाये थे। इसके जवाब में भारत ने रोहित के तूफानी शतक की बदौलत 35 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 273 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 84 गेंदों पर 131 रन की यादगार पारी खेली। वहीं, विराट कोहली 55 रन बनाकर नाबाद रहे। ईशान किशन ने 47 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की तरफ से राशिद खान ने दोनों विकेट लिये। इससे पहले, अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 272 रन बनाये। टीम की तरफ से हशमतुल्लाह शाहिदी ने 80 रन की शानदार पारी खेली। उरमजाई ने टीम के स्कोर में 62 रनों का योगदान दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, हार्दिक पांड्या ने 2 और शार्दुल ठाकुर व कुलदीप यादव ने 1-1 विकेट लिया।

## पीएम मोदी का सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता का दर्जा बरकरार

- मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को दूसरी सबसे अच्छी अनुमोदन रेटिंग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी कंसल्टेंसी फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पिछली रेटिंग्स में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे।

'मॉर्निंग कंसल्ट' की वेबसाइट के अनुसार वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग ट्रैकर के लिए इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आंकड़े एकत्र किये गये। ट्रैकर पर 78 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया, जबकि 17 प्रतिशत ने इसे नापसंद किया और पांच प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। विशेष रूप से यह बड़ा अंतर है, क्योंकि मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (67 प्रतिशत) को दूसरी सबसे अच्छी अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है।

इस सूची में तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट (54 प्रतिशत) हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को 39 प्रतिशत, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को 34 प्रतिशत, यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को 27 प्रतिशत और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को सिर्फ 22 प्रतिशत रेटिंग मिली है।

## विदेश मंत्रालय ने शुरू की दिल्ली तेल अवीव, रामल्ला में हेल्पलाइन

**इजरायल-हमास युद्ध**

**24 घंटे का हेल्पलाइन नंबर :** +972-35226748 और +972-543278392 या cons1.telaviv@mea.gov.in इमेल।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इजरायल और हमास चरमपंथियों के बीच जारी संघर्ष के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में चौबीसों घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। तेल अवीव एवं रामल्ला में विशेष आपात हेल्पलाइन नंबर चालू किये हैं। इससे स्थिति पर नजर रखी जा सकेगी और भारतीयों को सूचना एवं मदद मुहैया हो सकेगी। गाजा से हमास चरमपंथियों ने शनिवार को इजरायल के खिलाफ हमले किये थे, जिसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, इस समय इजराइल में 18,000 भारतीय हैं और उन्हें किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

मंत्रालय ने कहा, इजरायल एवं फलस्तीन में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने स्थिति पर नजर रखने और सूचना एवं मदद मुहैया कराने के लिए चौबीसों घंटे सेवा उपलब्ध कराने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा तेल अवीव में भारतीय दूतावास और रामल्ला में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने आपातकालीन हेल्पलाइन भी स्थापित की हैं, जो चौबीसों घंटे चालू रहेंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रिकॉर्डेड संदेश में इजराइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने कहा, 'यह आपको आश्वस्त करने के लिए है कि दूतावास आपकी सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है। हम सभी बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं। लेकिन, शांत और सतर्क रहें।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आवासीय विद्यालय ओरमांझी में कार्यशाला का आयोजन

# 600 छात्राओं ने ली बाल विवाह न करने की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ओरमांझी की छात्राओं ने सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठा लिया है। इसके लिए विद्यालय की लगभग 600 छात्राओं ने बाल विवाह के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है।

बुधवार को स्कूल परिसर में इन छात्राओं ने बाल विवाह न करने की शपथ ली। साथ ही, समाज में इस धारणा के खिलाफ जागरूकता फैलाने का भी जिम्मा लिया।



बाल विवाह न करने की शपथ लेतीं कस्तूरबा की छात्राएं।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ओरमांझी में एक कार्यशाला के माध्यम से बाल विवाह के विरोध में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किये गये। जिसकी मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकरी (बीइइओ) सीमा कुमार ने बालिकाओं को सक्षम व सशक्त बनाने को सुप्रीम कोर्ट के वकील भुवन ऋभु द्वारा लिखित पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का विमोचन कर बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया।

प्रमुख ने कहा कि पौधे के समान बेटियां एक दिन पेड़ बन कर समाज को छाया दे सकती हैं। बेटियों को अपने परिवार की देखभाल व विकास के दायित्व के साथ अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए कठिन व कठोर निर्णय लेने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)



## ₹4 करोड़ 94 लाख 50 हजार की पुरस्कार राशि का होगा वितरण

# खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सीएम आज देंगे सम्मान राशि

**राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और ओलम्पिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले और स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक पानेवाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मिलेगी सम्मान राशि**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में खेलों के लिए उत्साहजनक वातावरण तैयार करने तथा अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज गुरुवार को खेलगांव में उन्हें सम्मान राशि देकर सम्मानित करेंगे। सम्मान राशि पाने वालों में ओलम्पिक खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ी तथा इनके प्रशिक्षक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा इस समारोह में 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों के बीच 4,46,20,000 रूपये एवं 15 खेलों के 52 प्रशिक्षकों के बीच 48,30,000 रूपए की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। पुरस्कार पाने वालों में सबसे अधिक फुटबॉल के 55 खिलाड़ी, हॉकी के 39, वूशु के 24, आर्चरी के 23, तायकांडो के 17, रेसलिंग के 13, लॉन बॉल के 11, एथलीट के 11 तथा अन्य खेलों के कुल 222 खिलाड़ी शामिल हैं।

### सीएम के निर्देश पर खिलाड़ी सम्मान राशि में की गयी बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड खेल नीति 2022 के तहत राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय और ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में पदक प्राप्त किया हो अथवा भागीदारी की हो, उन्हें मिलने वाली सम्मान राशि को बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। अब खिलाड़ियों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम 5 करोड़ और प्रशिक्षकों को कम से कम 50 हजार से अधिकतम 25 लाख की खिलाड़ी सम्मान राशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में झारखंड खिलाड़ी सम्मान राशि उपलब्ध कराने संबंधी मार्ग निर्देशिका 2022 भी निर्गत कर इन्हें मिलने वाली सम्मान राशि में वृद्धि की गई। ताकि खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत हो और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा भी मिल सके।

## बाबूलाल मरांडी के राज्यपाल को लिखे पत्र पर झामुमो ने किया पलटवार

# हेमंत सरकार गाजर-मूली नहीं जिसे उखाड़ फेंका जाये: सुप्रियो भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से राज्यपाल को पत्र लिखकर हेमंत सोरेन की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग पर झामुमो ने पलटवार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी 2024 और आगामी दिनों होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में हार की आशंका को लेकर बौखला गए हैं। उनकी संकल्प यात्रा पूरी तरह विफल रही है। देश की सारी केंद्रीय एजेंसियां हेमंत सरकार को अस्थिर करने, विकास को प्रभावित करने का प्रयास करने के बाद भी यह सरकार निरंतर काम कर रही है। यह सब देखकर वे अपना आपा खो चुके हैं। बाबूलाल मरांडी अपने पत्र में सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हैं। वो सूत्र कौन है, क्या-क्या जानकारी उनको दिए हैं। किस आधार पर पत्र लिखे हैं, यह अपने आप में सवाल खड़ा करता है। बाबूलाल जान लें, हेमंत सरकार कोई गाजर-मूल नहीं है, जिसे आप उखाड़ फेंकेंगे।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर संवैधानिक संस्थाओं को डैमेज करने को लेकर कोई कार्रवाई होनी चाहिए, तो वह भाजपा पर क्योंकि चार साल में भाजपा नेता प्रतिपक्ष नहीं दे पाई। इसके कारण सरकार कई महत्वपूर्ण फैसला नहीं ले पा रही है। विधानसभा में नेता प्रतपिक्ष का कक्ष और कुर्सी खाली है।

## बाबूलाल अधिकारियों के रवैये से चिंतित सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर सरकारी अधिकारियों के आचरण को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि मुख्य सचिव कार्यालय को केन्द्रीय जांच एजेंसियों की ओर से कार्रवाई के मामले में गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है। झारखंड के शीर्ष अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इस पर मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग भी की गई है लेकिन, उन्होंने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। यह चिंता का विषय है कि मुख्य सचिव ने चुप्पी साध रखी है। इससे स्पष्ट होता है कि है कि ठोस सबूतों के बावजूद शीर्ष अधिकारियों को बचाने के लिए यह बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। जब जांच एजेंसियों के द्वारा राज्य के शीर्ष अधिकारियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के पर्याप्त सबूत दिये जाते हैं और उनके खिलाफ कोई जानकारी मांगी जाती है तो मुख्य सचिव स्तर से किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती है। उन्होंने सीएम से इस गंभीर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले खेल निदेशक सुशांत गौरव

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में खेल-कूद एवं युवा कार्य निदेशालय के डायरेक्टर सुशांत गौरव ने मुलाकात कर 12 अक्टूबर 2023 को मेगा स्पोर्ट्स, कॉम्प्लेक्स, होटवार में आयोजित खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक नकद पुरस्कार राशि वितरण समारोह में उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया।

### मुख्य सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव को सशरीर तलब किया है। अदालत ने राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाने पर मुख्य सचिव को 9 नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी पर स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। इस मामले में न्याय मित्र राजीव रंजन मिश्रा ने अदालत को सुझाव दिया है कि राज्य सरकार वैसे ही मामलों में अपील या एसएलपी दाखिल करे, जो जीतने लायक है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

### प्रदीप भगत ने डीएसओ के रूप में दिया योगदान



**रांची।** प्रदीप भगत ने बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची के रुप में योगदान दिया। निवर्तमान जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने उन्हें कार्यभार सौंपा और शुभकामनाएं दीं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी दोषी करार

**रांची।** पाक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले के अभियुक्त सुनील मुंडा एवं प्राण मुंडा उर्फ पहरा को दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 18 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त पर नाबालिग लड़की को जबरदस्ती करने का आरोप है। इस घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 27 अप्रैल 2020 को सुखदेव नगर थाना में नाम दर्ज प्राथमिक की दर्ज कराई थी। पीड़िता रात में घर से बाहर निकली थी उसी समय सुनील मुंडा न्उसे उठाकर कांके डैम के तरफ ले गया। जहां दोस्तों के साथ घटना को अंजाम दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कल 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर अदालत ने दोनों को दोषी ठहराया है।

### आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

रांची। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को झारखंड के सक्रिय गैंग को गोला बारूद की आपूर्ति करने वाला सत्यम कुमार की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज की है। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 19 सितंबर को अर्जी दाखिल की थी । वह बिहार के सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के कायस्थ मोहल्ला निवासी है। एटीएस की टीम ने 30 अगस्त 2023 को उसे 20 जिंदा कारतूस के साथ डोरंडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। इस मामले को लेकर एटीएस थाना में कांड संख्या 11-2023 दर्ज किया गया है। उस पर झारखंड के कई गैंगों को हथियार एवं गोला बारूद की आपूर्ति करने का आरोप है।

### चुनाव में इंडी गठबंधन लहरायेगा परचम : रानी



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ ने बुधवार को राजद के प्रदेश कार्यालय में बैठक की। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन का परचम लहराएगा। रानी कुमारी ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा गठबंधन की सरकार की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त है। मौके पर झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी। इसमें रुखसाना खातून प्रदेश सचिव व संजीदा खातून प्रदेश महासचिव मनोनीत की गयीं जबकि सुषमा को रामगढ़ जिलाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव पिंकी देवी, जिला अध्यक्ष पूनम देवी, शारदा देवी, रूदा देवी, अमरजीत कौर, फुलवा देवी, उषा देवी, चांदनी कुमारी, पुष्पा सिंह, अंजू कुमारी, बबीता देवी, शबनम परवीन, नाजमा खातून, रोशनी खातून, लक्खी देवी, रजिया बानो, आशा देवी सहित काफी संख्या में महिला पदधारी मौजूद थीं।

### लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए कमेटी गठित

**रांची।** विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित की गई है, जल्दी लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

# 39 प्रशिक्षु डीएसपी को आवंटित हुआ जिला

### किस डीएसपी को कौन सा जिला हुआ आवंटित

- विनोद कुमार: चाईबासा
- मो. अरमानुल हक: रांची
- पूजा कुमारी: सरायकेला
- राजीव रंजन: पलामू
- वसीम रजा: चतरा
- सुनील कु. सिंह: धनबाद
- अकरम रजा: जमशेदपुर
- प्रदीप साव: लातेहार
- सन्नी वर्धन: जमशेदपुर
- चिरंजीव मंडल: गढ़वा
- फौजान अहमद: रामगढ़
- कुमार गौरव: गोड्डा
- अनुभव भारद्वाज: हजारीबाग
- प्रदीप कुमार: चाईबासा
- प्रशांत कुमार: बोकारो
- अजय आर्यन: पाकुड
- कैलाश महतो: गिरिडीह
- रामप्रवेश कुमार: खूंटी
- रविकांत साव: सिमडेगा
- रूपक सिंह: साहेबगंज
- राजेश यादव: पलामू
- रोहित साव: जमशेदपुर
- दिवाकर कुमार: कोडरमा
- आकाश भारद्वाज: दुमका
- अर्चना स्मृति : धनबाद
- दुसरु वानसिंह: रांची
- अमित सिंह : लोहरदगा
- अमित रविदास: दुमका
- रमाकांत रजक: देवघर
- प्रशांत कुमार: हजारीबाग
- विनित कुमार किंडो: रांची
- नीलम कुजुर: गिरिडीह
- शिवशंकर मरांडी: गुमला
- प्रदीप कुमार: धनबाद
- प्रभात कुमार बेक: रांची
- पूजा कुमारी: हजारीबाग
- ताराश सोरेन: देवघर

-------------------

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सप्तम से दशम झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त सत्र 2022-23 बैच के पुलिस अकादमी हजारीबाग में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 39 प्रशिक्षु डीएसपी को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला आवंटित किया गया है। इससे संबंधित आदेश झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी कर दिया गया है। इन सभी डीएसपी का 12 महीने का जिलों में व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा।

### राज्यपाल अब मर्सिडीज बेंज जीएलएस एसयूवी कार में करेंगे सवारी

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी अब मर्सिडीज बेंज की जीएलएस एसयूवी की सवारी करेंगे। इसकी कीमत लगभग 1.35 करोड़ रुपये है। इसके अलावा गवर्नर के कारकेड में तीन बोलेरो भी शामिल होने वाले हैं, जिसमें करीब 26 लाख रुपये खर्च होंगे। बताते चलें कि राजभवन से राज्य सरकार को अनुरोध पत्र भेजकर राज्यपाल की गरिमा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मर्सिडीज बेंज जीएलएस एसयूवी खरीदने की आवश्यकता जाहिर की गई थी। इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल सचिवालय के संबंधित प्रस्ताव को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली प्रशासनिक कर्मचारी समिति ने मंजूरी प्रदान कर दी है। बता दें कि इसमें कई खूबियां हैं। इसमें 1 डीजल इंजन भी है और 1 पेट्रोल इंजन भी। डीजल इंजन 2925 सीसी का है, जबकि पेट्रोल इंजन 3982 सीसी का है।

## 15 को कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय का घेराव करेंगे टेट पास शिक्षक

# राज्य के टेट पास शिक्षकों ने घेरा वित्त मंत्री आवास कहा- वेतनमान मिलने तक चलता रहेगा आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के टेट पास शिक्षकों का आंदोलन जारी है। सरकार के तरफ से ठोस पहल नहीं होने के कारण सभी शिक्षकों ने बुधवार को वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव के आवास का घेराव किया। सभी शिक्षक जुलुस की शक्ल में मंत्री आवास तक जाकर एक दिवसीय धरना सह प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगायी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को संगठन की ओर से मांग पत्र सौपा गया।


संघ के प्रमोद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जायेगा। झारखंड के सत्तापक्ष के सभी मंत्री, विधायकों ने भी समर्थन दिया है फिर भी सरकार कुम्भकर्णी नींद में सोयी हुई है। संगठन ने तय किया है हमारी वेतनमान की मांगों पर जबतक सरकार ठोस पहल नहीं करती है, तब तक सरकार में शामिल सत्ताधारी पार्टी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस निमित 15 अक्टूबर को टेट पास पारा शिक्षकों द्वारा कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

कार्यक्रम में संजय मेहता, सुनीता साहु, रामदेव गोप, हसन अंसारी, साधु उरांव, विजय साहु, शंभूनाथ, प्रकाश कुमार, रुबी कुमारी, तलव प्रवीण, वजीर अंसारी, पुनम कुमारी, रुखसाना प्रवीण और फरजाना सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा के दौरान 300 मेगावाट बिजली की मांग बढ़ने का आकलन

# अवश्यकता पड़ने पर सेंट्रल पावर एक्सचेंज से ली जायेगी बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम ने तैयारी कर ली है। निगम मुख्यालय की मानें तो ऊर्जा विभाग की ओर से पूरे राज्य में दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति का आदेश दिया गया है। इसके लिए जेबीवीएनएल को मांग के अनुसार सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली लेने का आदेश दिया गया है। निगम अधिकारियों की मानें तो विभागीय आदेश के अनुसार निगम की टीम बिजली की स्थिति की मॉनिटरिंग करेगी। इस दौरान तीन सौ मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली की मांग का आकलन किया गया है। सेंट्रल पावर एक्सेंज से जरूरत के अनुसार बिजली की मांग की जायेगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि पूजा के दौरान बिजली की मांग बढ़ जाती है। वर्तमान में राज्य में बिजली की खपत लगभग 2600 मेगावाट है। फिलहाल टीटीपीएस, आधुनिक पावर प्लांट, डीवीसी, सेंट्रल पूल, इंलैंड से बिजली लेकर राज्य में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

**पंडालों की सुरक्षा की जांच :** रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की ओर से सभी कायार्पालक अभियंताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी सब स्टेशनों में लगे पावर ट्रांसफॉर्मर की जांच करने का आदेश दिया गया है। वहीं जरूरत पड़ने पर मरम्मत भी करने को कहा गया है। पंडालों की सुरक्षा को देखते हुए पंडाल निमार्ताओं के साथ पंडाल का निरीक्षण कर बिजली व्यवस्था की जांच का आदेश दिया गया है। जिससे व्यवस्था सुचारू रहे। निगम की मानें तो पूजा से पहले 33, 11 केवी और सभी एलटी लाइन की पेट्रोलिंग लगभग पूरी है। शहर के सभी ट्रासंफार्मर एवं उसकी अर्थिंग की जांच भी हो गयी है।

# मॉनसून का असर लगभग खत्म, पांच दिन बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में आनेवाले पांच दिनों तक मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अब राज्य में मानसून का असर लगभग खत्म हो चुका है। राज्य के पश्चिमी हिस्से में आनेवाले एक-दो दिनों के दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है लेकिन अन्य हिस्सों में तेज धूप का असर देखा जायेगा। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास हो सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आनेवाले पांच दिनों तक राज्य का मौसम लगभग साफ रहेगा। साथ ही इस दौरान अधिकतम तापमान में विशेष वृद्धि नहीं होगी। पांच दिनों के बाद अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अक्टूबर में लोगों को तेज धूप का एहसास करना होगा लेकिन नवंबर आते ही लोगों को ठंड का एहसास होगा। हालांकि नवंबर के शुरूआती दिनों में बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। जिसका असर राज्य में कितना होगा ये आने वाले दिनों में सही जानकारी मिल पायेगी।

**कितना रहेगा तापमान :** मौसम केंद्र की मानें तो आनेवाले दिनों का औसतन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रहने की संभावना है। रांची में 12, 13 और 14 अक्टूबर को 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जतायी गयी है।

### बाजार समिति पंडरा में दुकान आवंटन में गड़बड़ी की हुई जांच

**रांची।** कृषि उत्पादन बाजार समिति पंडरा की ओर से दुकान आवंटन में गड़बड़ी की जांच करने दंडाधिकारी साधना जयपुरियार बुधवार को बाजार समित कैंपस पहुंचीं। उन्होंने बाजार समिति की ओर से आवंटित दुकान का निरीक्षण किया और उससे संबंधित कागजात भी बाजार समिति के प्रभारी पणन सचिव से मांगा। मौके पर मौजूद परिवादकर्ता अनिल पांडे ने दंडाधिकारी को बाजार समिति के प्रभारी सचिव पर गलत तरीके से पैसे लेकर दुकान आवंटन से संबंधित कागजात उपलब्ध काराये।

मालूम हो कि परिवादकर्ता अनिल पांडेय ने कृषि उत्पाद बाजार समिति पंडरा के प्रभारी पणन सचिव उत्तम कुमार पर 35 लाख रुपए लेकर दुकान आवंटन करने का आरोप लगाया है।

## डीजीपी ने दुर्गा पूजा की सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

# विधि व्यवस्था पर मंथन, अलर्ट रहने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, रेंज डीआईजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश की आगामी पर्व त्योहारों को लेकर विधि-व्यवस्था पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान राज्य की विधि-व्यवस्था पर मंथन किया गया और सभी जिलों को अलर्ट रहने का आदेश दिया। सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखें।

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वह विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विशेष रूप से अपने-अपने जिलों में निगरानी रखें ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे। वहीं सोशल साइट्स पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत सभी जिलों को दी गई है।

स्पेशल ब्रांच के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों के संबंध में सभी जिलों को सूचनाएं दी गई हैं। मीटिंग के दौरान डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को कहा कि पर्व को देखते हुए राज्य की सुरक्षा कड़ी करनी है। कहां कितने बल की जरूरत है, कहां क्या आवश्यकता है, इसपर तुरंत निर्णय लें और उसकी भरपाई करें, ताकि राज्य में विधि-व्यवस्था का संकट न हो।




**13 अक्टूबर को सीएम करेंगे समीक्षा :** गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। सीएम के समीक्षा के एक दिन पहले डीजीपी ने पूरी तैयारी का जायजा लिया ताकि वह मुख्यमंत्री के सामने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के बारे में उन्हें पूरी जानकारी दे सकें। डीजीपी की बैठक में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय, अभियान, स्पेशल ब्रांच आईजी, आईजी अभियान समेत कई वरीय अफसर मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर निर्देश

जेनरेटर की व्यवस्था रखें, मोबाइल एंबुलेंस की व्यवस्था रखें, सीसीटीवी लगाएं, वीडियो रिकार्डिंग करवाएं, ड्रोन से फुटेज लें। क्या करें, क्या न करें का बोर्ड लगाएं। आकस्मिक जरूरतों के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार रखें। अग्निशमन उपकरण, पुलिस पेट्रोलिंग को चौकस रखें। सड़क दुरुस्त करवाएं, अतिरिक्त जवान तैनात रखें, होमगार्ड के जवानों को भी लगाएं।असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सुरक्षात्मक कार्रवाई करें। मॉक ड्रिल, फ्लैग मार्च आदि करवाएं। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें, वोलंटियर को पहचान पत्र दें।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाएं और सभी जिलों में शांति समिति की बैठक बुलाकर सभी धर्मों के लोगों की समस्या जानें और उसके निदान की कोशिश करें। किसी की धार्मिक भावना आहत न हो, इसपर जोर दें।

# झारखंड में 21 बड़े नक्सली कांडों की जांच का जिम्मा एनआइए को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस ने 21 बड़े नक्सली मामलों की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपी है। इसके अलावा माओवादियों को धन और रसद की आपूर्ति करने वाले ठेकेदारों की प्रोफाइलिंग और निगरानी की जा रही है। बड़े नक्सली मामले की जांच के क्रम में एनआईए ने भाकपा माओवादी संगठन के छह बड़े नेताओं की संपत्ति जब्त की है, जबकि झारखंड पुलिस ने 28 बड़े नक्सलियों की करीब आठ करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त कर ली है।

इन मामलों की जांच कर रही एनआइए

लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी मामले की जांच,माओवादियों और अपराधियों को अवैध तरीके से हथियार व सुरक्षा बलों की कारतूस की सप्लाई का मामला, चाईबासा जिले के टोकलो थाना क्षेत्र स्थित लांजी गांव में आईडी विस्फोट में तीन जवानों के शहीद होने का मामला,लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में 22 नवंबर 2019 को चार पुलिसकर्मियों की हत्या का मामला, सरायकेला- खरसावां के कुकरूहाट बाजार में पुलिस बल पर हमला कर पांच पुलिसकर्मियों की हत्या करने का मामला, लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में नक्सलियों के जर्मन मेड हथियार बरामद होने का मामला,टीपीसी नक्सलियों द्वारा झारखंड और बिहार में लेवी वसूलने का मामला, गिरिडीह के मधुवन थाना क्षेत्र में पकड़े गए 16 नक्सलियों की निशानदेही पर 1125 आधार कार्ड, 160 एटीएम और 200 बैंक अकाउंट बरामदगी का मामला,भाकपा माओवादी नक्सली की निशानदेही पर 5 मार्च 2018 को गिरिडीह के डुमरी थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में हथियार और नक्सली साहित्य बरामदगी का मामला, गिरिडीह के डुमरी थाना क्षेत्र में लेवी के 6 लाख रुपये के साथ नक्सली

## अनंत यात्रा | दिवंगत कार्डिनल की आत्मा की शांति के लिए की गयी प्रार्थना

# रेस्ट इन पीस विद गॉड...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को बुधवार को राजकीय सम्मान दिया गया। उनके पार्थिव शरीर को दफन करने से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दिवंगत कार्डिनल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। विधि विधान की प्रक्रिया अपनायी गयी। उनके पार्थिव शरीर पर सीएम हेमंत सोरेन, सांसद महुआ माजी, सांसद विजय हांसदा, नेहा शिल्पी तिर्की, धर्म गुरु बंधन तिग्गा, बह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के निर्मला बहन, बंधु तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री प्रदीप बलमुचू समेत कई गणमान्य लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित किये।



### लेडियानी बेदी में दफन होनेवाले चौथे आर्चबिशप हैं तेलोस्फर पी टोप्पो

संत मरिया महागिरजाघर में कार्डिनल तेलेस्फोर चौथे आर्चबिशप हैं, जिन्हें लेडियानी बेदी में दफनाया गया। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की इच्छा थी कि उन्हें मदर टेरेसा की मूर्ति के नीचे यहीं दफनाया जाए। संत मरिया गिरजाघर बना तो महिलाओं के लिए अलग से एक और जगह बनायी गयी। ईसाई महिलाएं गिरजाघर के आगे बांयीं ओर बैठतीं थी, इसलिए उस जगह को आज तक लेडियानी बेदी कहा जाता है।

## विधि संस्कार में शामिल हुए सीएम और सांसद-विधायक



**रांची।** कार्डिनल टोप्पो के विधि संस्कार सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सांसद-विधायक व अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। लोयला ग्राउंड में विभिन्न राज्यों से 25 से 30 बिशप, 500 फादर, रोम से नियुक्त किये गए वेटिकन एम्बेसी के सदस्य व पोप के प्रतिनिधि फादर केविन्स किप्टिस शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद विजय हांसदा, राज्य सभा सदस्य महुआ माजी, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, गुमला विधाकय भूषण तिर्की, आइएएस वंदना दांडेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री प्रदीप बलमुचू, पूर्व मेयर रांची रमा खलखो, सुंदरी तिर्की, मेयर संजीव विजयवर्गीय, सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा समेत बड़ी संख्या में सभी धर्म, जाति सम्प्रदाय के लोग उपस्थित थे।

## अंतिम दर्शन के लिए लोयला मैदान लाया गया कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर









**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर बुधवार को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए संत मरिया महागिरजा चर्च से लोयला मैदान लाया गया। शव यात्रा के साथ हजारों अनुयाई थे। यहां धर्माध्यक्ष विशप फेलेक्स टोप्पो, संत मरिया महागिरजा चर्च के पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर जार्ज, बिशप आनंद जोजो अगुवाई कर रहे थे। दोपहर 2 बजे लोयला मैदान में विशेष मिस्सा का आयोजन किया गया। दिन के चार बजे विधि संस्कार आयोजित किया गया। इससे पहले सुबह 6 से 12 बजे तक कार्डिनल टोप्पो का पार्थिव शरीर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए संत मरिया गिरजा चर्च में रखा गया था। मालूम हो कार्डिनल टोप्पो का देहांत 4 अक्टूबर को मांडर के लिवंस हॉस्पिटल में 84 साल के उम्र में हो गया था। वहीं 10 अक्टूबर को पार्थिव शरीर मांडर से संत मरिया महागिरजाघर लाया गया। यहां लगभग दो से तीन घंटे तक उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गयी।



## राज्यपाल, स्वास्थ्य मंत्री और आजसू प्रमुख ने दी श्रद्धांजलि







**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई गणमान्य लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सबने संत मरिया महागिरजाघर जाकर कार्डिनल टोप्पो के अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पिम किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि कार्डिनल तेलोस्फर पी टोप्पो का निधन झारखंड के लिए दुख की बात है। उन्होंने कहा कि उन्होंने मानवता और गरीब-पिछड़े आदिवासियों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वहीं सुदेश महतो ने कहा कि कार्डिनल टोप्पो जी हमारी स्मृतियों व विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।



# पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

## पत्नी ने कहा- गले में अन्न फंसने से हुई है मौत, पुलिस लाइन में थे पदस्थापित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार की संदिग्ध परिस्थिति में इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कांस्टेबल अभिषेक कुमार की मौत कैसे हुई है, क्योंकि अभिषेक के गले पर निशान मिले हैं।

रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित कांस्टेबल अभिषेक कुमार अपनी पत्नी के साथ रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित विनोद कुमार के मकान में किरायेदार के रूप में रहते थे। अभिषेक बिहार के मुंगेर जिले के रहनेवाले थे। अभिषेक की पत्नी अक्षरा कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद उनके पति को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और कुछ देर बाद ही वे उल्टियां करने लगे। इसके बाद अभिषेक कुमार को अक्षरा कुमारी आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले गई। सेवा सदन अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने अभिषेक को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जिसके बाद अक्षरा कुमारी अपने पति अभिषेक को रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में ले गयी, जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। इधर, सूत्रों ने बताया कि जवान ने पुलिस अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली है।

### मामला संदेहास्पद, जांच करेगी पुलिस

जिस अस्पताल में अभिषेक कुमार की मौत हुई वह रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में है। लालपुर पुलिस ने अभिषेक की पत्नी का बयान लिया है, जिसमें पत्नी ने मौत का कारण बीमारी को बताया है। लेकिन लालपुर पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। मृत जवान अभिषेक के गले पर फांसी के फंदे पर लटकाने जैसा निशान मिला है। इस संबंध में सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि वे पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## अवैध तरीके से कर रहा था पिस्टल का इस्तेमाल, अब चलेगा अभियोजन

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अभियुक्त ललित कुमार के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दे दी है। ललित कुमार कांके थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। उस पर पिस्टल का अवैध रूप से इस्तेमाल करने का आरोप है। धोखा देने के नियत से फर्जी लाइसेंस प्रस्तुत किया गया। उक्त कांड के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में उक्त घटना उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध सत्य पाया गया। डीसी ने उक्त कार्रवाई का आदेश दिया है। अभियोजन की स्वीकृति कांके थाना कांड सं 197/23 दिनांक- 12-08-2023 से संबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत दी गई है।

गौरतलब हो कि ललित पर 12 अगस्त, 2023 को कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वह बिहार के औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। गुप्त सूचना के आधार पर चांदनी चौक के पास से गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त की तलाशी के क्रम में अभियुक्त के पास से 01 (एक) 7.65 एम0एम0 बोर का देशी निर्मित लोडेड पिस्टल बरामद हुआ, जिसे अनलोड करने पर उसके मैग्जीन में 03 (तीन) 7.65 एम0एम0 बोर का जिंदा गोली एवं 01 (एक) 7.65 एमएम बोर का मिस फायर गोली बरामद किया गया था।

## मारपीट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** शहर के बीच सड़क में मंगलवार की रात मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में चुटिया थाना प्रभारी ने बताया कि ओवर ब्रिज के समीप सेना भर्ती कार्यालय के पास मारपीट करने वाले दो लड़कों को पीसीआर ने रात में ही पकड़ लिया था। लेकिन अबतक जिसके साथ मारपीट हुई है वो कप्लेन नहीं किया है। बार में कुछ झंझट हुआ था, इसके बाद यह लड़ाई बीच सड़क में पहुंच गई थी। वीडियो के आधार पर दोनों युवकों को पकड़ा गया है। बता दें कि मंगलवार की रात के करीब 10 बजे ओवर ब्रिज के पास अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। एक छोर के रास्ते पर गाड़ियां रूक गई थी। सेना भर्ती कार्यालय के सामने बीच सड़क पर एक लड़के को 10-12 लोग मारपीट करने लगे थे। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## मोरहाबादी में एक्सपो उत्सव का राज्यपाल आज करेंगे उद्घाटन



**रांची।** ट्रेड फेयर एक्स्पो उत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। पांच दिवसीय इस उत्सव का आयोजन मोराबादी मैदान में किया जा रहा है। एक्सपो का यह 26 वाँ संस्करण है। यह जानकारी एक्सपो के मुख्य संयोजनक संजय जैन ने बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक्सपो हम सभी के लिए बेहद खास होने वाला है, एक्सपो के दौरान यंग एंटरप्रेन्योर्स एवं कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है जिसमे देश के जाने-माने लेखक शिव खेड़ा ट्रेनिंग देंगे। इस बार एक्सपो में 39 छोटे स्टार्टअप्स अपना स्टॉल लगा रहे हैं। मेला का उद्घाटन राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन करेंगे। मौके पर जेसीआई अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस एक्सपो में सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। एक्सपो में मिसेज एक्सपो, डॉग शो, ट्रेजर हंट, वॉइस ऑफ एक्सपो, पेंटिंग कंपटीशन प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सचिव तरुण अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल मौजूद थे।

# खेलगांव के नाराज सुरक्षाकर्मियों ने जेएसएसपीए प्रबंधन को दिया आवेदन

## निजी सुरक्षाकर्मी मानदेय कटौती को लेकर आंदोलनरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खेलगांव में कार्यरत निजी सुरक्षाकर्मी मानदेय कटौती को लेकर आंदोलनरत हैं। बीते दिनों उन्होंने एक दिवसीय प्रदर्शन भी किया था। बुधवार को इन्होंने जेएसएसपीए प्रबंधन को इस मामले में आवेदन भी दिया है। सुरक्षा कर्मियों ने आवेदन में कहा है कि सभी सुरक्षाकर्मी 2011 से ही (मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम) खेल गांव में कार्यरत हैं। इस दौरान सभी का वेतन सरकारी नियम के अनुसार हमेशा बढ़ते रहा है लेकिन अब नियम विरुद्ध वेतन को घटाने की बात हो रही है।

जानकारी के अनुसार, खेल सचिव सह जेएसएसपीस कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष ने पहले की सिक्योरिटी टेंडर की पूरी प्रक्रिया को गलत बताकर रद्द कर दिया था। आदेश दिया है कि नया टेंडर तुरंत जारी किया जाए। इस मामले में खेल मंत्री हफीजुल हसन के हस्तक्षेप के बाद खेल सचिव मनोज कुमार ने विभागीय मंत्री के निर्देशानुसार टेंडर को रद्द करते हुए जल्द से जल्द नया टेंडर जारी करने का आदेश दिया था।

### 12 हजार से घटा कर 10 हजार महीना करने की बात

झारखंड सरकार और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की संयुक्त इकाई झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन समिति (जेएसएसपीस) के अधीन खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कार्यरत 135 निजी सुरक्षाकर्मियों ने आरोप लगाया है कि कमांडो सिक्योरिटी कंपनी द्वारा पिछले टेंडर में 12000 रुपये प्रतिमाह (पीएफ और ईएसआइ) काटकर दिया जाता था लेकिन नए टेंडर में उन्हें 10 हजार से भी कम राशि प्रति महीना पेमेंट देने की बात हो रही है। इसी सूचना पर सुरक्षा कर्मियों में रोष है।

## मेकॉन के गार्ड की पिटाई से युवक की मौत, हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मेकॉन कॉलोनी की सुरक्षा की कमान संभाल रहे सुरक्षागार्ड द्वारा मारपीट की घटना के बाद रामनाथ महतो नामक युवक की मौत हो गयी। मृतक रामनाथ महतो मेकॉन कॉलोनी के बगल खटाल में रहता था। रामनाथ की मौत की सूचना इलाके में आग की तरह फैल गयीं। फिर खटाल में रहने वाले लोग मेकॉन कॉलोनी की सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए कंट्रोल रुम तक पहुंच गए। इसके बाद जमकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी, एयरपोर्ट थाना प्रभारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा हैं। लेकिन, कोई समझने को तैयार नहीं हैं। इधर, मृतक रामनाथ महतो के परिजन मेकॉन के गार्ड पर हत्या का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग की।

### मामूली दुर्घटना में डिमांड किया था ₹50 हजार

मृतक रामनाथ महतो ने मामूली दुर्घटना में गार्ड से 50 हजार रुपये की डिमांड किया था। पैसा ज्यादा और नहीं देने के कारण मेकॉन की सुरक्षा में तैनात गार्ड सभी ने मिलकर रामनाथ महतो की जमकर मारपीट कर दी थी। घायल रामनाथ महतो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रामनाथ महतो की मौत बुधवार को हो गयीं।

## डीएवी हेहल की प्रतिष्ठा को भाषण प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की छात्रा प्रतिष्ठा कुमारी को वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित वन्यप्राणी सप्ताह 2023 के अवसर पर पलास सभागार वन भवन आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है। बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने प्रातः प्रार्थना सभा में प्रतिष्ठा कुमारी को ट्रॉफी एवं प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर हम सभी को गौरान्वित किया है। मैं विद्यालय परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामना देता हूं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन को संवारने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी के द्वारा सुझाये गये पांच सूत्रों को अपनाना ही चाहिये।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पौधरोपण



**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। एनएसएस यूनिट 3 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ दल शर्मा, डॉ अजय सिंह, डॉ बोनिता दिवाकर, डॉ सुखदेव साहू, प्रो गोपाल साहू, प्रो राजेश कुमार, प्रो गोपाल साहू , डॉ मनोज कुमार, डॉ शहनाज खातून, डॉ उषा साहू इत्यादि प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण किया।

## खबर एक नजर में

### राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्तों के भत्ते में बढ़ोतरी, अब हर माह मिलेंगे 4200 रुपये

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड सूचना आयोग से रिटायर मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को मिलने वाले भत्ते एवं सेवा शर्त में संशोधन किया है। केंद्रीय सूचना आयोग की तर्ज पर राज्य के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त को आवास के लिए 1500 रुपये के (टेलीफोन-मोबाइल) कॉल की सुविधा थी, उसे बढ़ाकर 4200 रुपये प्लस टैक्स प्रतिमाह किया गया है। इसमें अब ब्रॉडबैंड, इंटरनेट आदि शब्द भी जोड़ दिए गये हैं। पहले ये शब्द नहीं थे। इसके अलावा घरेलू सहायता के लिए संविदा पर हेल्पर को नियुक्त करने की सुविधा भी बढ़ी है। इन्हें हेल्पर को रखने के लिए न्यूनतम वेज 18,000 रुपये मासिक प्लस डीए के साथ भुगतान किया जायेगा। इस खर्च का भुगतान राज्य सरकार करेगी। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### जेसोवा का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 2 नवंबर से 6 नवंबर 2023 तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया। मौके पर जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, वरीय सदस्य रंजना स्वरूप, उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, सचिव मनु झा, सदस्य जगता कुमार तथा श्रेया चौरसिया उपस्थित थीं।

### एचइसी में विरोध पर बैठे कर्मियों पर लाठीचार्ज

**रांची।** रांची के एचईसी प्लांट के अंदर बुधवार को कर्मियों पर सीआईएसएफ के जवानों ने बल प्रयोग किया। कर्मी लंबित वेतन की मांग को लेकर एमटीपी बिल्डिंग में धरना दे रहे थे। इसके बाद प्रबंधन ने सीआईएसएफ जवानों को बल प्रयोग करने का आदेश दिया। इसमें कई कर्मियों के सिर फट गए तो कईयों के हाथ-पैर में चोटें आयी हैं। वर्करों पर लाठीचार्ज के बाद वे आक्रोशित हो गए और डायरेक्टर का गेस्ट हाउस घेरने पहुंच गए। साथ ही कर्मी गुरुवार को प्लांट बंद रखने को लेकर नारेबाजी की। पुलिस ने कहा कि शांति से वार्ता की जाये लेकिन कर्मियों ने वहां हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

### डॉ चक्रवर्ती को मिला आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड



रांची। बीआईटी मेसरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अशोक कल्याण चक्रवर्ती को करियर 360 की ओर से आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड उन्हें अर्थ एंड प्लेनेटरी साइंस इन द कंट्री इन 2023 के लिए दिया गया है। मालूम हो कि डॉ चक्रवर्ती बीआईटी मेसरा में सिविल एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। अमेटी यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित एक समारोह में यह अवार्ड उन्हें एआईसीटीई के चेयरमैन टीजी सीतारमण ने दिया।

### युवा दस्ता के प्रशिक्षण में नये सदस्य शामिल

रांची। युवा दस्ता का प्रशिक्षण शिविर श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब में हुआ। इसकी अध्यक्षता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने की। इसमे सैकड़ो पुराने एवं नये सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह उपस्थित थे। शिविर में राजधानी राँची के विभिन्न क्षेत्रों के 96 नये सदस्यों ने युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण की। प्रशिक्षण शिविर में श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को सफल बनाने के लिये सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने कठिनाइयों की जानकारी दस्ता के समक्ष रखी। राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पूरी ईमानदारी से सारे पंडाल में तैनात रहेंगे। प्रशिक्षण शिविर में मदन साहू, पीयूष आनंद, मुन्ना बड़ाईक, मनीष केसरी, राहुल सिन्हा, पिंटू तिवारी, साहिल कुमार, सुमित साहू,मनीष साहू, राजेश राम,राकेश सिंह,ज्योति साहू,अमित केसरी,नवनीत पांडेय, ओम प्रकाश शर्मा, राहुल कुमार सिंह, श्याम पाठक, दिनेश साहू, सोनू पटवा, रवि कुमार, तूफान सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।

### आइएमए हॉल में नवदुर्गा का मनमोहक दृश्य



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) की ओर से बुधवार को आईएमए हॉल में दुर्गा पूजा का भव्य उत्सव नवदुर्गा के मनमोहक दृश्य के साथ शुरू हुआ। मौके पर डीडब्ल्यूए की अध्यक्ष सीमा माहेश्वरी, चेयरपर्सन विनीता शरण ने सभी को शुभकामनाएं दीं। मौके पर सचिव मधु गुप्ता, झूमा सरकार, मधु गुप्ता, मोना पाल, रेखा मिश्रा, देबजानी सान्याल, उमा सेनगुप्ता, बालाका रॉय, मोनिदीपा दासगुप्ता, डॉ ब्यूटी बनर्जी, डॉ देबजानी पाल, डॉ शिप्रा शरण, डॉ साक्षी, डॉ अंकिता वर्मा, प्रीति कश्यप,सविता जारिका,वीणा साहू,रश्मि अग्रवाल,डॉ तन्नु,अंजलि झा शामिल थीं। कार्यक्रम में बिंदु प्रसाद, नीलम शेखर, रीना साह, श्वेता रंजन, मिनाक्षी महतो, वंदना सिन्हा, अंजू सिंह, डॉ प्रियंका लांबा, रश्मी बख्शी, रिंकू चौधरी, सुमिता कुमार, श्रीला चौधरी, विभा सिंह सहित 80 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

### संजीवनी सखी ने कन्याओं का पूजन किया

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को संजीवनी सखी ग्रुप द्वारा 15 कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन के बाद नवदुर्गा की झांकी की प्रस्तुति सुनीता विद्यार्थी, सुनीता सिन्हा, अर्चना दत्ता, भारती गोस्वामी, दुर्गा तिवारी, ज्योत्सना, किरण चौधरी, रेखा गुप्ता, मंजुला जायसवाल, पुष्पा सिंह, सिमलजीत कौर, रेणुका, विभा सिंह, मधुमिता साहा, मीनू कर, ओशिमा नायक, पूनम सिंह, रीना सिंह, रश्मि बिस्वास, रेणु लाल, रेणु सिंह, रिमझिम, संध्या, सोमा चटर्जी, सुरभि, मंजू कुमार ने किया। सोमिता और सोमालिका चटर्जी ने दुर्गा नृत्य किया। वंदना वर्मा द्वारा गणेश वंदना, सिम्मी गोस्वामी और रचना रॉय ने मां की स्तुति प्रस्तुत किया।

## बड़ा तालाब से निकली मिट्टी पहाड़ी मंदिर में भरी जायेगी



**रांची।** नगर आयुक्त अमित कुमार ने बुधवार को पहाड़ी मंदिर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि र पहाड़ी को भूमि अपरदन से बचाव हेतु बड़ा तालाब से निकली सारी मिप्ती वर्षा के कारण हुए पहाड़ी में बड़े.बड़े गढे को भरने हेतु स्वीकृति दी हौ ताकि भु.धसान से बचाया जा सके। पूर्व में तत्कालिन नगर आयुक्त शशि रंजन को संस्थापक दयाशंकर एवं पहाड़ी मंदिर विकास समिति के प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा 12 मांगो संबंधित आवेदन पत्र दिया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से पहाड़ी मे मिप्ती भरने ए एल0ई0डी0 लाईट जल संचयन प्रणाली आदि की मांग रखी थी। जिस पर वर्तमान नगर आयुक्त द्वारा मिप्ती भरनेए एल0ई0डी0 लाईटए जल संचयन प्रणाली पर स्वीकृति प्रदान की गई।

# झारखंड राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ परिषद की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने पर विचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ परिषद की बैठक बुधवार को श्रम नियोजन सचिव राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, न्यूनतम मजदूरी निदेशक राजेश प्रसाद, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, इंटर अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय के अलावा सीटू, बीएमएस और एटक के प्रतिनिधि एवं राज्य अस्पताल के योगेश गंभीर परामर्शदातृ परिषद के सदस्य के रूप में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिग वर्कर और प्लेटफार्म वर्कर आदि के लिए न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित करने को श्रम आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी, जो विभिन्न स्टेक होल्डर्स से विचार विमर्श कर प्रतिवेदन परामर्शदातृ समिति को देगी। इसी प्रतिवेदन के आधार पर जिग वर्कर्स और प्लेटफार्म वर्कर्स आदि के लिए न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करने पर निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में राज्य में रहन-सहन के स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए राज्य के नियोजनों को तीन श्रेणी में विभाजित कर न्यूनतम मजदूरी पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। पूर्व से न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत अधिसूचित नियोजनों को दो श्रेणी में बांटकर मजदूरी का मूल दर निर्धारण किया जाएगा। परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सभी नियोजन न्यूनतम मजदूरी से आच्छादित होंगे। इसके लिए पूर्व से अधिसूचित नियोजन में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी पर अध्यक्ष सह विभागीय सचिव को परिषद के सदस्यों द्वारा अधिकृत किया गया।

# कारोबारी की कार से गायब 31.77 लाख रुपये के चोर की सीसीटीवी फुटेज से तलाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी मनीष कुमार अग्रवाल की कार से पैसे का बैग गायब कर दिया गया है। कारोबारी के बैग में 31 लाख 77 हजार 500 रुपये थे। मामले को लेकर कारोबारी मनोज कुमार अग्रवाल ने सदर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। सदर थाना में दिए अपने आवेदन में मनीष कुमार अग्रवाल ने बताया है कि वह अपने एक परिचित के साथ अपनी कार से गया से रांची लौट रहे थे। कार में कारोबार से जुड़े 33 लाख 77 हजार नगद, लैपटॉप और एक कपड़े से भरा बैग भी रखा हुआ था। रांची लौटने के दौरान मनीष सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली के पास सब्जी और कुछ दूसरे सामान खरीदने के लिए रुक गए। इसी दौरान एक बेकाबू बस ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मनीष अग्रवाल की कार क्षतिग्रस्त हो गई और मनीष भी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने मौके पर पीसीआर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गई। क्षतिग्रस्त वाहन को पुलिस के द्वारा क्रेन से मौके से हटा दिया गया था। प्राथमिक इलाज करवा कर जब मनीष अपनी कार के पास पहुंचे तब कार में कोई सामान नहीं था। पुलिस ने उन्हें उनका लैपटॉप और दूसरे सामान दिए लेकिन पैसों से भरा बैग गायब था, जबकि बाकी सभी सामान कार में था। पैसों के संबंध में मनीष ने पुलिसकर्मियों से ही पूछताछ की, लेकिन उन्होंने बताया कि उनके कार में पैसे से भरा बैग नहीं था। जिसके बाद मनीष सदर थाना पहुंचे और पैसे के संबंध में एफआईआर दर्ज करायी।

**कार में एक परिचित भी था**

मनीष कुमार अग्रवाल ने सदर पुलिस को यह भी बताया है कि कार में उनके साथ उनके एक परिचित भी मौजूद थे, लेकिन वह रांची के ओरमांझी में ही उतर गए थे। उनके उतरने के बाद भी पैसों से भरा बैग कार में ही मौजूद था। मनीष कुमार अग्रवाल ने आशंका जताई है कि हादसे के समय ही पैसों से भरा बैग गायब कर दिया गया।

# उपायुक्त ने की भू-राजस्व विभाग की समीक्षा, लंबित मामलों के निषपादन का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी ने भू-राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में डीसी ने नए पदभार ग्रहण किए अंचलाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही उन्हें ईमानदारी पूर्वक काम करने को कहा। उन्होंने कहा की शहरी क्षेत्र में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में भूमि की आवश्यकता पडती है। सभी योजना एवं विभिन्न भवनों का निर्माण जल्दी हो सके इसके लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्ि्रत करने की आवश्यकता है। डीसी ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा की भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैयती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ अंचलों में चल रहे महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा कराने की दिशा में अपनी भूमिका निभाने को कहा। डीसी ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय चेरी मनातू, बीआईटी मेसरा रांची, रांची हवाई अड्डा में आ रही भूमि की समस्या पर चर्चा करते हुए इसे दूर करने का भी निर्देश संबंधितत अधिकारी को दी।

**म्यूटेशन से संबंधित मामले**

डीसी ने म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने का निर्देश दिया। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त रांची ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा।

**एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अघतन स्थिति**

डीसी ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अघतन स्थिति आदि की समीक्षा की। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जमीन को चिन्हित करते हुए, जमीन ट्रांसफर होते ही इसका दाखिल खारिज तुरंत कर लें। ताकि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण ना हो एवं भूमि हस्तांतरण के लिए प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित अंचल अधिकारी से लेते हुए उन्होंने कहा कि जिस अंचल में भूमि हस्तांतरण का कार्य हो चुका है वहां संबंधित अंचल अधिकारी भूमि का म्यूटेशन कराएं। सरकारी भूमि जो किसी योजना के तहत ली गई हो, जिला में विभिन्न परियोजनाओं के लिए अर्जित भूमि की म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निदेश दिया। विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों की समीक्षा, इ-कोर्ट से संबंधित अघतन स्थिति की समीक्षा की। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से अपने कोर्ट की कार्यवाही करने और कॉउज लिस्ट एवं ऑर्डर को ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिया।

### लंबित दाखिल-खारिज एवं भूमि सीमांकन मामलों की समीक्षा

डीसी ने लंबित दाखिल –खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी अंचल अधिकारी को लंबित दाखिल–खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ सभी अंचल अधिकारी से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवसीय) के बारें में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया।

### दुर्गा पूजा को लेकर दी गयी जिम्मेवारी का करें निर्वहन

दुर्गा पूजा पर्व 2023 को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारी से कहा की दुर्गा पूजा पर्व में उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई हैं, उसे अच्छे से निभाते हुए दुर्गा पूजा पर्व में किसी तरह की परेशानी भक्तों और पूजा समिति को ना हो इस पर विशेष ध्यान दें। बैठक में विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, उप–निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची एवं विभिन्न अंचल के अंचलाधिकारीउपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अमानत अली इंटर कॉलेज के शासी निकाय का पुनर्गठन

**बुंडू।** अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू शासी निकाय की एक बैठक कॉलेज के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्व समिति शासी निकाय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विधायक विकास कुमार मुंडा,सचिव मोहम्मद असद अली चुने गए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू अजय कुमार साव, जैक प्रतिनिधि डॉ जयराम महतो, शिक्षक प्रतिनिधि श्वेता सिंह, प्रिंसिपल अली अल अराफात उपस्थित थे।

## प्रीति कुमारी बनी पीजी इतिहास की टॉपर

**बुंडू।** बुण्डू स्थित पांच परगना किसान महाविद्यालय की प्रीति कुमारी ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इतिहास स्नातकोत्तर की परीक्षा में 66 प्रतिशत अंक प्राप्तकर महाविद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है उनकी उपलब्धि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अध्यापकों ने हर्ष प्रकट किया है।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**ठाकुरगांव।** दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को ठाकुरगांव थाना में शांति समिति की बैठक बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने प्रशासन से पूजा के समय गश्ती बढ़ाने व क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग किया। बैठक को जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, मुखिया कुशेन्द्र पाहन,सचिन पाहन, मौलाना शाबिर, पंसस भुनेश्वर साहु, गौरव महतो, कयूम अंसारी,लाल अमन शाहदेव आदि ने भी संबोधित किया।

## शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**रातू।** थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीओ प्रदीप कुमार, डीएसपी प्रवीण सिंह व उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान एसआई कुलेश्वर महतो ने जिला प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इसके बाद प्रस्ताव पारित कर दशहरे का त्योहार सद्भाव के साथ मनाने, दशवीं की शाम मूर्ति विसर्जन, दशहरा पूजा और मेला को सफल बनाने, रोड पर चंदा नहीं लेने, पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दामोदर, कामेश्वर, महावीर, जितेश्वर, जेएन, मिथलेश, शिवपूजन, इमरान, मोहन, कलामुद्दीन ने अपनी बातें रखी।

## जनकल्याण समर्पण संस्थान का खेल महोत्सव 31 से

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी का खेल महोत्सव 31 अक्टूबर से सिकिदिरी फुटबॉल में आयोजित की जाएगी। कुल 100 स्पर्धा आयोजित होंगी, संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि पहली बार इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है, खेल के इस महाकुंभ में हजारों खिलाड़ी भाग लेंगे। संस्थान का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के बालक,बालिकाओं के लिए खेल के क्षेत्र में अवसर पैदा करना है बालक,बालिकाओं के लिए सब जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसका नेतृत्व संस्थान के खेल प्रभारी व राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल करेंगे।

## 5 नवंबर को एकदिवसीय फुटबॉल का आयोजन

**बुंडू।** उलगुलान फाउंडेशन के तत्वाधान पर भगवान बिरसा मुंडा चैंपियन ट्रॉफी 5 नवंबर को ताऊ मैदान बुंडू में आयोजित की गई है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 115000 नगद रुपए द्वितीय पुरस्कार 85000 रुपए नगद के अलावा सभी टीमों को पुरस्कार दिए जाएंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक राम दुर्लभ सिंह मुंडा, सुनील कुमार जायसवाल, विजय ,परमेश्वरी शांडिल, गुंजन , राजकिशोर, केशव चंद्र महतो, दिलीप,हरिहर महतो, धीरेन , विक्की गुप्ता खेल संचालक धनु नाग खेल प्रभारी बिंदेश्वर महतो, सुरेश चंद्र महतो, जगदीश गुप्ता व अन्य खेल समिति के सदस्य चुने गए हैं।

# भीषण सड़क दुर्घटना में दो की मौत डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल

रमेश करमाली की घटना स्थल पर ही मौत

राजेश बेदिया ने इलाज के दौरान रिम्स में तोड़ा दम


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।


मृतक राजेश बेदिया।


मृतक रमेश करमाली।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया मार्ग पर हाहे मड़ई के पास बुधवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे एक भीषण सड़क दूर्घटना घटी जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें कई लोगों की हालत बेहद गम्भीर बतायी गयी है। घटना के संबंध में बताया गया कि सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के टाटी सिंगारी और इसके आस पास से एक सवारी पीकप वैन जेएच01 डीपी6688 मजदूरों को लेकर रांची की ओर जा रही थी इसी बीच स्कूटी चालक रमेश करमाली और एक बाईक चालक शंकर उरांव के बीच आमने सामने टक्कर हो गयी। ठीक उसी समय सवारी वाहन भी वहां पहुंच गया सवारी वाहन में उपर नीचे खचा खच यात्री सवार होने के कारण सवारी वाहन का चालक अपना संतुलन खो दिया और स्कूटी चालक को अपने चपेट में लेते हुए सवारी वाहन पलट कर उसका चारो चक्का उपर हो गया। वाहन के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। स्कूटी चालक रमेश करमाली की मौके पर ही मौत हो गयी। दूर्घटना की सूचना पाकर अनगड़ा पुलिस और आस पास के लोग तत्काल रेसक्यु कर घायलों को सीएचसी गोन्दली पोखर पहुचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। जहां राजेश बेदिया की इलाज के दौरान रिम्स में मृत्यु हुयी।

मृतक रमेश करमाली थाना क्षेत्र के चिलदाग का रहने वाला था और वह डीसी कार्यालय रांची का कर्मचारी था। वह अपनी पत्नी को स्कूटी में बिठा कर ससुराल बरादाग जा रहा था पत्नी भी दूर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गयी जबकि दूसरा मृतक राजेश बेदिया चूकडू बोहा सिगारी का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर सिल्ली विधायक और पूर्व डिप्टी सीएम घटना की सूचना पाकर रिम्स पहुंचे और घायलों से मिले और बेहतर इलाज करने की व्यवस्था की गयी।

**दुर्घटना में घायल लोग**

घायलों मे जयराम बेदिया, चेतन बेदिया, शुशिला कुमारी, खेतु बेदिया, शीलवती देवी, सुमी देवी,संदीप कुमार शर्मा, शंकर उराव, कामनी देवी, फूलमनी देवी, अजय गोप, सोमवारी देवी, जीतवाहन मुन्डा, होरो मुन्डा, नेपाल महतो, इन्द्र मुन्डा, कार्तीक मुन्डा, प्यारी टोप्पो, राममोहन मुन्डा, महेश मुन्डा, जगदीश मुन्डा, लखमनी देवी, इत्यादि शामिल हैं।

## जामुन दोहर में रैयतों का लगातार 11वें दिन धरना जारी



**खलारी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले जामुनदोहर में लगातार ग्यारहवाँ दिन अपनी मांग पर धरना में बैठें हैं। धरना पर बैठे खतियानी रैयतों ने कहा की जब तक हमलोंगों का हक अधिकार मिल नहीं जाता तब तक धरना जारी रहेगा। सीसीएल का खदान खुला है तब से हमलोग को हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता है,खदान से धूल,गर्दा हमलोग के घर तक आता है और ब्लास्टिंग से भी हमलोग के घर में दरार पड़ गई है। खदान से जहरीला गैस निकल रहा है, कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन सीसीएल प्रबंधन को इसकी कोई परवाह नहीं है। धरना में मुख्य रूप से जोनल अध्यक्ष रतिया गंझु, एन, के एरिया अध्यक्ष इरफान खान, सोनू गंझु, विजय गंझु,देवराज गंझू, लाल मैन गंझु, राम प्रसाद गंझु, झरीनाथ गंझु, राजू कुमार भुईयाँ, कर्मा तुरी, बालजीत गंझु, महावीर गंझु, बालेसर गंझु, साकेत कुमार, अखिलेश गंझु, दिनेश गंझु, बालजीत गंझु, लुरका गंझु आदि मौजूद थे।

# लंबित मुआवजे की मांग को लेकर सड़क निर्माण बंद कराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सड़क निर्माण कार्य बंद करवाते लोग।

**इटकी।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पलमा से गुमला तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य मे अधिगृहित भूमि का लंबित मुआवजा की मांग को लेकर गढ़गांव पंचायत के रैयतों ने सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया। ग्रामीण रैयतों की ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा मे लंबित मुआवजा मिलने के बाद ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करने दिये जाने के निर्णय के बाद कार्य बंद करा दी गयी। ग्रामीण रैयतों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण के दो वर्ष बाद भी समुचित रैयतों का मुआवजा भुगतान नही किया गया। गढ़गांव मुक्तिधाम सेड व गढ़गांव हनुमान मंदिर को तोड़ी गयी है। एनएचआई के द्वारा तोड़ी गयी धार्मिक स्थलों को शीघ्र बनाने के आश्वासन के बावजूद नही बनाया गया जिसके कारण ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है। गत पांच सितंबर को उपयुक्त गढ़गांव पहुंच कर एनएचआई के योजन निदेशक को रैयतों को एक सप्ताह के भीतर मुआवजा राशि भुगतान का निर्देश दिया गया था। लेकिन एक माह गुजर जाने के बाद भी भूअर्जन द्वारा रैयतों को मुआवजा भुगतान नही किया जा सका। शीघ्र मुआवजा भुगतान नही होने पर रैयतों ने एनएच मार्ग को जाम करने की चेतावनी दी है। मौके पर गढ़गांव ग्राम प्रधान चारो उरांव, उप मुखिया सधनु उरांव, दीपक सिंह, नरेश साहू, घोमा सिंह, बबलू गुप्ता, बिगू गोप, आलोक कुमार साहू, भवानी सिंह व रंजीत उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# चोर गिरोह का आतंक, बंद घर को बना रहे निशाना

ब्रजपुर में पुलिस जवान के घर से नकद और जेवरात की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। इससे लोग भयभीत हैं। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब दो से चार घरों में चोरी न होती हो। गिरोह ने ब्रजपुर निवासी और त्रिपुरा पुलिस के जवान के बंद घर को मंगलवार की दोपहर निशाना बनाया और गोदरेज में रखे 12 हजार नकद समेत सोने का चेन, सोने का कान की बाली, चांदी का पायल व बिछिया लेकर रफू-चक्कर हो गये। उनकी पत्नी अनिता उरांव दरवाजे में ताले जड़ बेलांगी मायका गयी थीं। जब वह लौटी, तो दरवाजे और गोदरेज में लगे ताले को टूटे देख उनके होश उड़ गये। मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा।

**आलमीरा से बीस हजार गायब**

अपराधियों ने बुधवार की सुबह विंध्यवासिनी नगर में दूसरी घटना को अंजाम दिया। प्रमोद कुमार दरवाजे में ताले बंद कर काम से निकले थे। चार बजे घर लौटे, तो अलमीरा से 20 हजार नकद गायब थे। हालांकि, दो बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गये हैं। भुक्तभोगी ने उनकी पहचान कर लिये जाने का दावा किया है। पुलिस जांच में जुट गयी है।

## पलांडू अनुसंधान केंद्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**नामकुम।** आईसीएआर के पलांडू अनुसंधान केन्द्र मे दो अक्टुबर से 31 अक्टुबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। केन्दके क्षेत्र में बुधवार को प्रधान डॉ अरूण कुमार सिंह एंव कर्मियों द्वारा संत जेवियर्स कालेज के बच्चों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर प्रधान डॉ सिंह ने कृषि प्रणाली के महत्व और साफ सफाई पर प्रकाष डाला। वहीं डॉ बीके झा ने तकनीकी जानकारी देते हुए स्वच्छता को आत्मसात करने की बात कही। वहीं अभियान की समन्वयक डॉ रेशमा शिंदे ने समेकित कृषि प्रणाली के तहत जैविक कचरेके पुनर्चकण हेतू वर्मी कंपोस्टिंग और कंपोस्टिंग तकनीको के बारे में जानकारी दी।

## कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नये प्रखंड विकास पदाधिकारी को किया सम्मानित



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारीयों ने नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा के नेतृत्व में नये प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री दीपाली भगत को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहाबीर लोहरा ने कहा कि नगड़ी प्रखंड के जनता के प्रति हमेशा सेवा भावना से काम करें।

वर्तमान में जितने भी सरकारी योजनाएं चल रही है उसकी सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई है। मिलने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता संजय मंडल, अध्यक्ष अख्तर अंसारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा देवी, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शकील, प्रखंड सचिव परवेज , पंचायत अध्यक्ष असरफूल , प्रखंड उपाध्यक्ष जतरी देवी, लक्ष्मी देवी, अनीता तिग्गा शामिल थे।

## वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर डाक चौपाल आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** पूरे भारत वर्ष में चल रहे डाक सप्ताह के अंतर्गत तमाड़ डाकघर में वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर डाक चौपाल किया गया। वन विश्रामगार स्थित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदय भान सिंह, सहायक डाक अधीक्षक अमर कुमार वर्मा, तमाड़ पोस्ट मास्टर प्रेम कुमार, मुखिया प्रमिला कुमारी, राहुल कुमार, लालो प्रसाद, रमेश ठाकुर, सलिल प्रजापति, मनीष कुमार भगत आदि शामिल हुए। मंच पर उपस्थित डाक अधिकारी और लोगों ने अपना-अपना विचार तथा सुझाव साझा किया। सभा को संबोधित करते हुए उदय भान सिंह ने कहा की डाकघर द्वारा प्रदान की जाने वाली आधार के नामांकन एवम सुधार की सुविधा लोगों के लिए अहम है। विभाग द्वारा प्रदत्त डाक जीवन बीमा निगम तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा अन्य कंपनियों के मुकाबले बहुत ही बेहतर है। सहायक डाक अधीक्षक अमर कुमार वर्मा ने कहा की डाक विभाग द्वारा संचालित महिला सम्मान बचत पत्र काफी आकर्षक है। पोस्ट मास्टर प्रेम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की आम जनता की कड़ी मेहनत की गढि कमाई डाकघर में पूर्णतः सुरक्षित है। इस दौरान उपस्थित लोगों और जनप्रतिनिधियों ने डाक विभाग द्वारा आयोजित डाक चौपाल को एक बेहतर कदम बताया।

# छात्राओं की सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटकी।** इटकी प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को 13 अक्तूबर को शिफ्ट किये जाने का विभागीय आदेश के बाद अभिभावकों ने बुधवार को विद्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया व बीडीओ गौतम प्रसाद साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चहारदीवारी में तार से घेराबंदी, महिला सुरक्षाकर्मी, पुरुष रात्रि प्रहरी व सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था किये जाने की मांग की गयी है। इस दौरान अभिभावकों ने आवासीय विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था का पक्का इंतेजाम करने के बाद ही छात्राओं को शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। मालूम हो कि 277 छात्राओं का नामांकन आवासीय विद्यालय में हो चुका है जो वर्तमान में नामकोम स्थित रामपुर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में पढ़ रही हैं। जिन्हें 13 अक्तूबर को इटकी में शिफ्ट किया जाना है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड के मकुंदा गांव में करीब चार करोड़ की लागत से प्रखंड स्तरीय झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी है। विद्यालय के भव्य भवन का निर्माण कार्य का वर्ष 2016 में बुनियाद रखी गयी। 2019 में भवन निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। ठीकेदार द्वारा शिक्षा विभाग को हैंडओवर किये तीन वर्ष से अधिक समय हो गया है, परंतु विभाग के सुस्ती से विद्यालय में अब तक पठन पाठन का कार्य चालू नहीं किया जा सका है। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पहल व प्रयास के बाद छात्राओं को विभाग द्वारा 13 अक्तूबर को इटकी शिफ्ट किए जाने का विभाग द्वारा निर्देश जारी किया गया। इसके बाद विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय में बिजली पानी, शौचालय व रंग रोगन सहित अन्य जरूरी कार्य पूरी कर ली गयी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार बहुत जल्द आवासीय विद्यायल के चहारदीवारी में कांटा लगाना, सुरक्षा प्रहरी कक्ष, साइकिल स्टैंड, स्ट्रीट लाइट व मैदान समतलीकरण सहित अन्य जरूरी कार्य कराये जायेंगे। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज आलम राजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, मुखिया रीता देवी, लखन लकड़ा व राजकुमार महतो सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

एक नजर में

## नेहरू युवा केंद्र का मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**रातू।** नेहरु युवा केंद्र संगठन जिला इकाई और रांची युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से डायट स्थित अभ्यासिक मवि परिसर में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिप अध्यक्ष निर्मला भगत बतौर मुख्य तथा प्रमुख संगीता तिर्की, मुखिया महेश्वरी देवी, सीआरपीएफ 133 बटालियन धुर्वा के सहायक कमांडेंट शशिभूषण सिंह विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान देश के वीर शहीदों को समर्पित बिरसा कला केंद्र के कलाकारों ने नुकड़ नाटक का मंचन किया। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने पंचायतो की माटी को अमृत कलश में संग्रहित कर पंच प्रण की शपथ दिलायी। पौधरोपण के बाद काठीटांड़ चौक तक कलश रैली निकाली गयी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**खलारी।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन खलारी प्रखंड परिसर में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा का भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में अतिथियों में से मेरी युवा केंद्र के कार्यक्रम प्रभारी उमेश वैध, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,जिला परिषद सरस्वती देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबोधित किये। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के बारे में पूरी रूप रेखा के बारे में बतलाया गया। वही विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह के द्वारा भी मेरा माटी मेरा देश के कार्यक्रम के महत्व को बताया गया।

## उदय मेमोरियल कॉलेज में स्वागत एवं विदाई समारोह



**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर नये छात्राओं का स्वागत व पासआउट छाखओं का विदाई दी गई। इस अवसर पर सत्र 2022-24 व 2023-25 के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं अंतिम वर्ष के छात्रा संजीव कुमार मुर्मू व मिस फेयरवेल प्रीति साहू को फेयरवेल दिया गया। वहीं महाविद्यालय के निदेशक राजेश कुमार कंडरवार मिस्टर फ्रेशर जितेन्द्र प्रसाद व मिस फ्रेशर अंशु को सम्मानित किया।

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में विदाई समारोह



**माण्डर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी, माण्डर में बी.एड. सत्र 2021-23 के विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस मौके पर मधु रंजन, कृपा शंकर सिन्हा, विवेक राज जयसवाल, बिनिता चौधरी, रीभा कुमारी, नन्दीता भाट्टाचार्य, मुकेश नन्द तिवारी, कार्यालय अधीक्षक एस.एन. सहाय, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तुलसी दास, नवरंजन, अंजुम रावाँ, चंदन झा, संगीता कुमारी, सलमान अंसारी, इमरोज अंसारी, महेन्द्र, सुरेन्द्र, नरेन्द एवं सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

पत्रांकः– दिनांक–

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्या– 08/2023-24/RWD/RANCHI, P.R.No.-308395 REO (23-24) # D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 308886 REO (23-24)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव, उम्र–लगभग–60 वर्ष,
उंचाई– लगभग 5 फिट 7 ईंच,
पहचान चिह्न–बॉंये हाथ पर सफेद का निशान है।

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव मनातु धोबी घाट थाना–कॉंके से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में कॉंके थाना यु0डी0 काण्ड सं0–30/23 दिनांक –22.08.2023, दर्ज कर शव का शिनाख्त की जा रही हैं। इसकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि अज्ञात पुरूष का शव के बारे में कोई जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय, रॉंची में अथवा संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

सहायक पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय–प्रथम, रॉंची। –94317 06141
थाना प्रभारी, कॉंके रॉंची। –94317 06185

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 308848 Police(23-24).D

**DIRECTORATE OF AGRICULTURE**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008**

**CORRIGENDUM**

**Issue No.- 5191 /Ranchi, Dated:- 10.10.2023**

In reference to RFP No.- Agri/06/2023-24, Dtd.-18/09/2023 (PR No. – 307214 Agriculture (23-24)#D) regarding **"Request for Proposal (RFP) for empanelment of Eligible Agencies to Implement & ManageKrishak Pathshala and Birsa Grams under Samekit Birsa Gram Vikas Yojana - sah- Krishak Pathshala Yojana in Jharkhand"**, it is hereby informed that due to unavoidable circumstances, the timeline for Document download, Bid Submission etc. has been extended as follows:-

| S.N. | Milestone | Previous date and time | Revised last date and time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Download Period | 18.09.2023 at 06:00 PM to 10.10.2023 upto 06:00 PM | 18.09.2023 at 06:00 PM to 17.10.2023 upto 06:00 PM |
| 2 | Date & Time of Pre-bid meeting | 26.09.2023 (3:00 PM) | 26.09.2023 (3:00 PM) |
| 3 | Online Bid Submission Period | 28.09.2023 at 06:00 PM to 10.10.2023 upto 06:00 PM | 28.09.2023 at 06:00 PM to 17.10.2023 upto 06:00 PM |
| 4 | Hard Copy of EMD and Tender Cost submission date | 12.10.2023 upto 01:00 PM | 19.10.2023 upto 01:00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 12.10.2023 at 03:00 PM | 19.10.2023 at 03:00 PM |

Note:- 1. Bidders may refer to the corrigendum along with the RFE Documents.
2. Contact No of e-procurement officer: 9304866088/9430354821
3. All other term and conditions of the RFE would remain same.

S/D
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 308874 (Agriculture) 23-24 (D)

# युद्ध का विस्तार

विश्व भर में युद्ध और अशांति का विस्तार हो रहा है। इजरायल पर हमास के हमला के बाद पांच दिनों में पूरा विश्व एक बड़ी आशंका से भयभीत है। रुस और यूक्रेन के युद्ध के लंबे समय बाद अब इजरायल और हमास के बीच घोषित युद्ध का पांच दिन बाद यह पूरी दुनिया की कूटनीति दो घड़ों में बटा हुआ दिख रहा है। हमास ने जिस प्रकार से बड़ा हमला किया उसके बाद इजरायल का प्रतिकार भी लगातार हो रहा है। इस बीच अमेरिका ने सीधे अपनी सैन्य मदद देकर साफ कर दिया है कि वह और नाटो के सभी देश इजरायल के साथ हैं। लेकिन इस बार के युद्ध में और पहले की हमला में एक बड़ा फर्क है। इसबार यह घोषित युद्ध है जिसका टारगेट पूरा गाजा पट्टी को हमास से मुक्त कराना ही है। गाजा पट्टी को इजरायली सेना ने चारों ओर से घेर लिया है साथ ही आमलोगों से कहा है कि वे गाजा छोड़ दें। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय अपील की है कि विशेषकर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करें। लगभग 23 लाख आबादी वाले गाजा पट्टी से तीन लाख लोगों का पलायन हो चुका है। क्या इजसरायली पहले उन सभी इमारतों को ध्वस्त कर देगी जहां उसे हमास के चरमपंथियों के होने की आशंका है। इसके बाद वह पूरे गाजा पट्टी में सैन्य बलों के माध्यम से कब्जा कर लेगी तथा तलाशी अभियान चलायेगी। पूरे प्रकरण में हमास को यह अहसास नहीं होगा कि इसरायल इतना कड़ा जबाव देगा। पूरे प्रकरण में संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई भूमिका नजर नहीं आती साथ ही इस संघर्ष और विवाद का कोई लोकतांत्रिक हल भी अब नहीं दिख रहा। युद्ध के विस्तार की आशंका को इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि इजरायल ने इस्लामी आंतकियों के समूहों को समूल नाश करने की जिद ठान ली है।

# स्वास्थ्य सेवा का विस्तार

विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत को चेतावनी दे चुका है। देश में मेडिकल कालेजों के निर्माण में 2,329 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उ.प्र. की आबादी के नजरिये से इस पहल का स्वागत तो किया जाना चाहिए, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हैं। पीएम मोदी ने बिहार चुनाव के क्रम में देश के हर संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल खोलने की बड़ी काम की बात कही थी। इस दिशा में ठोस काम करना चाहिए। केंद्र व योगी सरकार की प्राथमिकता पूर्वांचल का इलाका है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह इलाका लंबे समय से दिमागी बुखार और अन्य चिकित्सा चुनौतियों से जूझता रहा है। वैसे भी जब किसी इलाके में कोई मेडिकल कालेज खुलता है तो स्थानीय लोगों को समय पर उपचार तो मिलता ही, क्षेत्र में रोजगार की शृंखला का भी विस्तार होता है। यह इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कोरोना काल में निजी अस्पतालों ने जिस तरह मरीजों को किस तरह परेशान किया। सरकारी चिकित्सातंत्र का विस्तार व मजबूती बेहद जरूरी हो जाती है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी की चिकित्सा सुविधा में ढाई हजार बिस्तर और जुड़ जायेंगे। मोदी सरकार के सात साल के दौरान देश में 157 मेडिकल कालेज खुलने व मंजूरी मिलना सुखद ही है। झारखंड और बिहार में भी इस दिशा में एक ठोस कार्यवाही की आवश्यकता है। यही नहीं देश अगर सस्ता औरबेहतर स्वास्थ्य सेवा दे पाता है तो हेल्थ टूरिज्म की एक बड़ी संभावना भी है जो देश को एक आर्थिक ताकत बना सकती है। आवश्यकता है इस दिशा में गंभीर और राजनीति से हटकर ईमानदार प्रयास करने की। अभी देश में और 250 से अधिक मेडिकल कॉलेज आंरभ करने की योजना पर काम चल रहा है।

# राम से प्रेम

**धर्म-प्रवाह**

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

कैकेयी से वन गमन की बात सुनकर श्रीराम ने कहा कि यदि मुझे राजा बना दिया जाता तो राजा की इतनी जिम्मेदारी होती है कि मुझें थोड़ा सा समय नहीं मिलता कि मैं जंगल जाकर ऋषि मुनियों के बीच बैठूं और ज्ञान की चर्चा करूं। लेकिन मां तुमने तो मेरी मन की मुराद पुरी कर दी। मुनि जन मिलन विशेष वन सबहि भांति हित मोर।। इसमें मेरी भलाई है। इसमें मैं प्रसन्न हूं। महाराज को आप बोल दीजिए कि महाराज आप दुखी मत हो और मैं तैयार हूं। श्रीराम वनगमन के लिये तैयार होने चल दिये। वे तैयार हुए तब देखे कि लक्ष्मण जी भी तैयार हो रहें हैं, सीता जी भी तैयार हो रही है। सीता को श्रीराम जी ने कहा कि आप क्यों तैयार हो रही हैं? मैं तो अद्धांगिनी हूं। जहां आप हैं वहां मेरा जीवन है। आपसे अलग मैं कैसे रह सकती हूं। जब वे तीनों वनगमन के लिये निकलने लगे तो प्रजा ने घेर लिया। आपको महाराज युवराज नहीं बनाए कोई बात नहीं है। वे भरतजी को युवराज बनाए हैं, ये हमलोगों को मंजूर है लेकिन महाराज अपनी जुबान से यह नहीं बोले हैं कि आप जंगल जाइये। ये हमलोगों को मालूम है। अतः आप अपनी इच्छा से जंगल जा रहे हैं और हमलोग अपनी इच्छा से आपका रास्ता रोक रहे हैं। इसलिये कि आपको हमलोग छोड़ नहीं सकते हैं। आप अयोध्या सूना करके चले जाइये यह हमलोगों को मंजूर नहीं है।

श्रीराम, लक्ष्मण एवं सीता जब रथ पर तैयार होकर बैठे तो सामने रास्ता पर हजारों लोग लेट गये और कहा कि नहीं जाने देंगे। स्थिति ऐसी हो गयी कि रथ बढ़ नहीं सकता था। श्रीराम प्रजा से बोले भाईयों ठीक है कि महाराज की आज्ञा नहीं हुई है। (ब्रह्य विद्यायल सह आश्रम)

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

## कार्रवाई भी हो

फिल्म और राजनीति से जुड़े मशहूर सितारे समाज के लिए एक आदर्श माने जाते हैं। बाजार की प्रतिस्पर्धा में विज्ञापनों के बाजार में सितारों को एक नया मुकाम मिल गया है। बेशक यह परंपरा पुरानी है मगर कभी चुनिंदा विज्ञापनों में ही बड़े सितारों की भूमिका होती थी। प्रतिबंधित और नुकसानदेह उत्पादों को प्रोत्साहित किया है। उनपर कड़ी कार्रवाई भी हो।

**–अजय मिश्र, हजारीबाग**

## आर्थिक प्रलोभन

देश के भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्मश्री, पद्मभूषण अलंकृत महानुभाव जब तेल, पानी, साबुन बेचते दिखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान में पैसा और प्रदर्शन इतना हावी है कि नैतिकता ताक पर रख दी गयी है। विज्ञापनों में ही नैतिकता कहां है। अन्तर्वस्त्रों तक के विज्ञापनों के लिए तो ये सितारे संकोच नहीं करते। यही इनकी नैतिकता है। इन्हें शर्म नहीं आती?


**–सुजाता सिंह, रांची**

# पेट्रोलियम के अधिक मूल्यों की समीक्षा ईमानदारी से हो

वर्ष 2016 की तुलना में आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 3 गुना हो गए हैं। इसी के समानांतर अपने देश में पेट्रोल का दाम लगभग 70 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसका सीधा प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। हमारे लिए यह मूल्य वृद्धि विशेषकर कष्टप्रद है क्योंकि हम अपनी खपत का 85 प्रतिशत तेल आयात करते हैं। अतः यदि किसी प्राकृतिक आपदा अथवा युद्ध जैसी स्थिति में तेल का आयात नहीं हो सका तो हमारी अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी। इसलिए प्रधानमंत्री ने सही कहा था कि हमें अपनी तेल की खपत में आयात का हिस्सा घटाकर 50 प्रतिशत पर लाना चाहिए। तेल की मूल्य वृद्धि से हम इस दिशा में बढ़ेंगे क्योंकि महंगे तेल से तेल की खपत कम होगी। फिर भी तेल के ऊंचे मूल्य की तीन प्रमुख हानियां हैं, जिन पर गौर करना होगा।

पहली हानि यह कि हमारा व्यापार घाटा बढ़ता है। तेल महंगा होता है तो हमें उसके आयात के लिए अधिक मात्रा में डॉलर से पेमेंट करना पड़ता है। डॉलर को अर्जित करने के लिए हमें अधिक मात्रा में अपना माल निर्यात करना पड़ता है। अधिक मात्रा में माल को निर्यात करने के लिए हमें अपने माल के दाम को अक्सर घटाना पड़ता है। जैसे बच्चे का विवाह करना हो तो परिवार अपनी भूमि को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो जाता है। इसलिए तेल के ऊंचे दाम से हमारी आर्थिक स्थिति गड़बड़ाती है। लेकिन इसका उपाय उपलब्ध है। यदि हम विनिर्माण के स्थान पर सेवा क्षेत्र पर ध्यान दें तो हम उतनी ही ऊर्जा से अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। सिनेमा, संगीत, मेडिकल, ट्रांसक्रिप्शन, विभिन्न भाषाओं में अनुवाद इत्यादि कार्य में ऊर्जा का उपयोग कम होता है। विनिर्माण की तुलना में सेवा क्षेत्र में दसवां हिस्सा ऊर्जा लगती है। हमें इस दिशा में इंग्लैंड से सबक लेना चाहिए। इंग्लैंड द्वारा सेवा क्षेत्र को ज्यादा महत्व दिया जाता है। इंग्लैंड की आय में वित्तीय सेवाओं, पर्यटन और शिक्षा सेवाओं का भारी योगदान है। इस कारण 1 लीटर तेल में इंग्लैंड 16.2 डॉलर की आय अर्जित करता है। चीन द्वारा विनिर्माण अधिक किया जाता है, इसलिए चीन उसी 1 लीटर तेल में केवल 5.3 डॉलर की आय अर्जित करता है। भारत इन दोनों देशों के बीच में है। हम 1 लीटर तेल से 8.2 डॉलर की आय अर्जित करते हैं। अतः यदि हम इंग्लैंड की तरह वित्तीय, पर्यटन और शिक्षा सेवाओं का विस्तार करें तो हम वर्तमान में जो तेल की खपत हो रही है, उसी से दोगुना आय अर्जित कर सकते हैं। यद्यपि यह सही है कि तेल के ऊंचे दाम से हमारा व्यापार घाटा बढ़ता है लेकिन इसकी काट उपलब्ध है। तेल के ऊंचे दाम का दूसरा प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। 2018 में अपने देश में महंगाई की दर 3.4 प्रतिशत थी जो आज बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है। लेकिन साथ-साथ जीएसटी की वसूली में भी सुधार हुआ है। 2018 में हम प्रतिमाह लगभग 90 हजार करोड़ रुपये का जीएसटी वसूल कर रहे थे जो कि सितंबर, 2021 में बढ़कर 117 हजार करोड़ हो गया है। अर्थ हुआ कि अपने देश में आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से चल रही हैं, जिसके कारण महंगाई में वृद्धि हो रही है, जिस प्रकार बाइक को तेज चलाने से वह गर्म हो जाती है। अतः महंगाई को केवल तेल पर आरोपित करना उचित नहीं है। इसका मूल कारण अर्थव्यवस्था की गति दिख रही है। तेल का महंगाई पर यूं भी प्रभाव न्यून है। एक अध्ययन के अनुसार पेट्रोल के दाम में 100 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि होती है तो उसका महंगाई पर 1 प्रतिशत प्रभाव पड़ता है। डीजल के दाम में 100 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो उसका महंगाई पर 2.5 प्रतिशत का प्रभाव पड़ता है। दोनों का सम्मिलित प्रभाव 1.5 प्रतिशत मान सकते हैं। तेल के दाम में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इसलिए इसका महंगाई पर प्रभाव मात्र 0.8 प्रतिशत माना जा सकता है। इसलिए वर्तमान में जो महंगाई बढ़ी है, उसमें तेल का हिस्सा कम है और जो आर्थिक गति में तीव्रता आई है, उसका हिस्सा ज्यादा दिख रहा है। यद्यपि यह सही है कि तेल का महंगाई पर प्रभाव पड़ता है लेकिन इसको महंगाई का प्रमुख कारण नहीं बताया जा सकता।





**-भरत झुनझुनवाला**

> तेल का महंगाई पर यूं भी प्रभाव न्यून है। एक अध्ययन के अनुसार पेट्रोल के दाम में 100 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि होती है तो उसका महंगाई पर 1 प्रतिशत प्रभाव पड़ता है। डीजल के दाम में 100 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो उसका महंगाई पर 2.5 प्रतिशत का प्रभाव पड़ता है। दोनों का सम्मिलित प्रभाव 1.5 प्रतिशत मान सकते हैं। तेल के दाम में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इसलिए इसका महंगाई पर प्रभाव मात्र 0.8 प्रतिशत माना जा सकता है।

तीसरा तर्क है कि तेल की मूल्य वृद्धि से वित्तीय घाटा बढ़ता है। यह तर्क पूर्णतया भ्रामक है। वर्तमान में अपने देश में आयातित तेल पर 36 प्रतिशत एक्साइज ड्यूटी केंद्र सरकार द्वारा वसूल की जाती है। यदि आयातित पेट्रोल का दाम 50 रुपये प्रति लीटर हो तो उस पर 18 रुपये की एक्साइज ड्यूटी वसूल की जाएगी। यदि इसी आयातित पेट्रोल का दाम 70 रुपये प्रति लीटर हो जाये तो उस पर 25 रुपये की एक्साइज ड्यूटी वसूल की जाएगी। तेल के दाम में वृद्धि के साथ-साथ एक्साइज ड्यूटी की वसूली भी बढ़ती है, इससे सरकार को राजस्व अधिक मिलता है और वित्तीय घाटा कम होता है, न कि बढ़ता है। हां इतना जरूर है कि यदि तेल के बढ़ते मूल्य पर नियंत्रण करने के लिए सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती करे तो सरकार का राजस्व घटेगा; परंतु तब वह प्रभाव तेल के दाम में वृद्धि का नहीं बल्कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती का कहा जाएगा।

इन प्रभावों के सामने तेल के ऊंचे मूल्य के कई लाभ हैं। पहला यह कि तेल के मूल्य विश्व अर्थव्यवस्था की गति को दर्शा रहे हैं। विश्व अर्थव्यवस्था की इस गति के कारण हमारे निर्यात बढ़ेंगे और हमारे प्रवासियों द्वारा जो रेमिटेंस भेजी जाती है, उसमें भी वृद्धि होगी। दूसरा सुप्रभाव यह कि जब तेल महंगा होता है तो हम ऊर्जा उपयोग की कुशलता में सुधार करते हैं। जैसे यदि तेल महंगा होता है तो बाइक खरीदते समय हम ध्यान रखते हैं कि वह कितना एवरेज देती है। यदि तेल सस्ता होता है तो हम एक्सलेरेशन अथवा अन्य बातों पर ध्यान अधिक देते हैं और एवरेज पर कम। अतः तेल के ऊंचे दाम से हमारी ऊर्जा के उपयोग की कुशलता बढ़ती है। तीसरा लाभ यह है कि तेल के ऊंचे दाम से तेल की खपत कम होने से ग्लोबल वार्मिंग कम होगी, जिससे बाढ़, सूखा, तूफान इत्यादि प्राकृतिक आपदाएं कम होंगी और हमारी अर्थव्यवस्था कम प्रभावित होगी। चौथा लाभ यह कि तेल के ऊंचे दाम के समानांतर देश में ऊर्जा का दाम ऊंचा होगा तो सौर और वायु ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। अतः तेल के ऊंचे मूल्य का समग्र आकलन करें तो हानि को हम काट सकते हैं जबकि लाभ को हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।

**खास बात**

## विकास दर की गति

बार्कलेज ने कहा कि 2028 तक पांच साल की अवधि में वैश्विक ॠऊढ में चीन का योगदान लगभग 26% अनुमानित है। भारत की अर्थव्यवस्था को चीन से आगे निकलने के लिए प्रति वर्ष 8 प्रतिशत बढ़ोतरी की जरूरत है। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक, बार्कलेज पीएलसी ने कहा कि चीन दुनिया की अर्थव्यवस्था में सबसे अहम योगदान देता है, ऐसे में इसे पछाड़ने के लिए भारत को काफी ज्यादा निवेश की जरूरत है। विशेष रूप से परंपरागत क्षेत्र में निवेश की। बार्कलेज का यह बयान ऐसे समय आया है जब आज यानी 10 अक्टूबर को आईएमएफ ने अप्रैल-जून के दौरान उम्मीद से अधिक मजबूत खपत का हवाला देते हुए भारत के लिए अपने वित्त वर्ष 2024 के ग्रोथ अनुमान को 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है।

बार्कलेज के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने ब्लूमबर्ग को बताया कि साउथ एशियाई देशों को माइनिंग, ट्रांसपोर्ट, यूटिलिटीज और स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए फोकस करना चाहिए। ये ऐसे सेक्टर्स हैं जिनसे व्यापक अर्थव्यवस्था पर ज्यादा मजबूत असर पड़ेगा।

बाजोरिया ने कहा कि हाल के वर्षों में टेलीकम्युनिकेशन और डिजिटल सेक्टर जैसे नए उद्योगों पर ज्यादा तवज्जो दी जा रही है और ऐसे में परंपरागत क्षेत्रों में निवेश कम हो गया है। उन्होंने कहा, पारंपरिक क्षेत्रों में क्षमता की कमी का मतलब है कि अब उन क्षेत्रों में ज्यादा निवेश की जरूरत है, खासकर सरकार की ओर से।

बाजोरिया ने कहा कि विशेष रूप से पारंपरिक क्षेत्रों में ज्यादा निवेश का रोजगार और घरेलू आय पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए, और इससे पॉलिसी मेकर्स को इकॉनमिक ग्रोथ के लिए बेहतर पॉलिसी बनाने में मदद मिल सकती है।

2005-2010 में भारत की अर्थव्यवस्था औसतन लगभग 8 प्रतिशत बढ़ी और अगर नई सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए ऐसा करने का लक्ष्य रखती है, तो अगले साल के आम चुनावों के बाद यह उस रफ्तार पर लौट सकती है, जैसा कि बार्कलेज ने पिछले महीने एक अलग रिपोर्ट में अनुमान लगाया था।

रांची स्थित संत मारिया गिरिजाघर जाकर कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो जी के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो जी हमारी स्मृतियों व विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।


**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

**आपके ट्वीट**

रांची स्थित संत मारिया गिरिजाघर जाकर कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो जी के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो जी हमारी स्मृतियों व विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।

**–महेश पोद्दार**





शिक्षा का अर्थ जीवन की दिव्य श्रेष्ठ कलाओं के जागरण व अंतर में अंतर्निहित अनंत ऊर्जा,आनंद तथा सम्पूर्णता के प्रकटीकरण से है। अंतःकरण प्रकाशित करने वाले युगनिमार्ता शिक्षकों-आचार्यों को अनेक नमन। **– अवधेशानंद गिरी**

# हमास के समर्थन से कांग्रेस को कितना लाभ होगा?

**नीरज दूबे**

**सामयिक**

**इजराइल** और हमास के बीच चल रहे युद्ध कुछ इजराइल का समर्थन कर रहे हैं वह सड़कों पर नहीं उतर रहे लेकिन जो फिलस्तीन का समर्थन कर रहे हैं वह सड़कों पर उतर कर रैलियां निकाल रहे हैं, प्रार्थना सभाएं कर रहे हैं और धार्मिक नारेबाजी कर माहौल को उन्मादी बना रहे हैं। ऐसा तब किया जा रहा है जब भारत का आधिकारिक रुख इजराइल के साथ खड़े रहने का है। इसके अलावा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग ने इजराइल को उत्पीड़क बताते हुए फलस्तीन के लिए स्वतंत्रता की मांग करते हुए रैलियां निकालीं, यह तो समझ आता है लेकिन यह समझ से परे है कि देश में दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने इजराइल पर हुए हमले की निंदा क्यों नहीं की? देखा जाये तो कांग्रेस ने फलस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म-सम्मान के साथ जीने के अधिकारों की मांग करके एक तरह से आतंकवाद के साथ खड़े होने का संकेत दे दिया है जिससे वह राजनीतिक रूप से निशाने पर भी आ गयी है। यहां सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इजराइल-हमास संघर्ष पर जो प्रस्ताव पास हुआ कहीं इसके पीछे टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्य रहे जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार तो नहीं हैं? सवाल यह भी है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने आतंकवादी हमलों में अपने कई बड़े नेताओं को खोया है वह कहीं देशद्रोह का आरोप झेलने वाले कन्हैया कुमार के बहकावे में आकर तो इस तरह के प्रस्ताव पास नहीं कर रही है? हम कन्हैया कुमार पर सवाल इसलिए भी उठा रहे हैं क्योंकि वह भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी हैं। इसी संगठन यानि एनएसयूआई की जामिया इकाई ने फलस्तीन का समर्थन करते हुए क्षेत्र में इजराइल की उपस्थिति को आतंकवाद बताया था। बाद में विवाद होने पर इस पोस्ट को हटा दिया गया था। कांग्रेस की छात्रा शाखा के हटाए गए पोस्ट में लिखा था, इजराइल का फलस्तीन पर सात दशक से कब्जा आतंकवाद है। फलस्तीन को इजराइली यहूदीवादी आतंकवाद से स्वतंत्रता मिलनी चाहिए और लंबे समय से जारी इस संघर्ष का न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। इसलिए एक बार फिर सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस की बदलती विचारधारा के पीछे कन्हैया कुमार ही हैं?

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कह कर बुलाया था। यही नहीं, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दस साल के राज में आतंकवादियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत कई छोटे-बड़े शहरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक परिवहन के साधनों को निशाना बना कर सैंकड़ों निदोर्षों की जान ली थी लेकिन सरकार कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पाई थी। बल्कि यूपीए के दौर में सरकार से जुड़े लोगों ने आतंक को भगवा रंग देने का प्रयास कर मुद्दे को नया रूप दे डाला था वह यूपीए का ही दौर था जब 26/11 हमले के बाद हम दुश्मन को सबक सिखाने की बजाय उसे सिर्फ डोजियर सौंपने में लगे हुए थे, वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का ही दौर था जब तकनीक के मामले में सरकारी एजेंसियों से आगे आतंकवादी थे, वह यूपीए का ही दौर था जब निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की बजाय कैमरे लगाने के लिए एक विभाग दूसरे विभाग को पत्र ही लिखता रहता था।

# राजस्थान में भाजपा को कड़ा संघर्ष करना होगा

**राजनीति**

राजस्थान में भाजपा को चुनाव जीतने की कितनी जल्दी बाजी हो रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। जिससे भाजपा की बड़ी फजीहत हो रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व इसी अभियान के तहत भाजपा द्वारा किसानों से जुड़ा हुआ एक पोस्टर जारी किया गया था। जिस पर एक किसान का फोटो लगाकर लिखा गया था कि राजस्थान में 19000 से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान।

पोस्टर पर जिस किसान माधुराम की फोटो लगाई गई है उसका कहना है कि पोस्टर में मेरी जमीन नीलाम होने की बात लिखी गयी है। जबकि मेरी तो कोई जमीन नीलाम ही नहीं हुयी है। मुझसे पूछे बिना ही बेवजह पोस्टर पर मेरी फोटो लगा दी गई है। मेरा कहीं भी किसी भी बैंक में कोई लोन बकाया नहीं है। जिसने भी मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया है उनको तुरंत ही मेरी फोटो पोस्टर से हटाकर माफी मांगनी चाहिए। पूरे प्रदेश में मेरी फोटो लगे पोस्टर लगने से मेरी बहुत बदनामी हुई है। मेरे पास आज भी 188 बीघा जमीन है। मगर किसी का भी कोई कर्जा नहीं है।

करीबन 70 वर्षीय माधुराम जयपाल जैसलमेर जिले के रामदेवरा क्षेत्र के रिखियों की ढाणी के रहने वाले हैं। पोस्टर पर अपनी फोटो आने के बाद उन्होंने भाजपा के जिला स्तरीय नेताओं से संपर्क कर अपनी फोटो हटवाने के लिए बोल दिया है। इस बाबत जैसलमेर जिले के भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा का कहना है कि सभी तरह के पोस्टर प्रदेश स्तर से बनवाए गए हैं। तब उन्होंने बोला था कि हम फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार के सामने आपके फसल खराबे की रिपोर्ट रखेंगे। तब उन्होंने मेरी फोटो ली थी। उगर उन्होंने मुझे नहीं बताया था कि पोस्टर पर मेरी फोटो लगाई जाएगी।

किसान माधुराम के सबसे छोटे बेटे जुगताराम का कहना है कि जब से मेरे पिताजी को पोस्टरों पर उनकी फोटो लगने के बारे में पता लगा है तब से वह बहुत टेंशन में रहने लगे हैं। मुझे बार-बार पूछते हैं कि वह फोटो हटी कि नहीं। मेरी बहुत बदनामी हो गई। मेरे पिताजी को बहुत तकलीफ हो रही है। हम लोग भाजपा के नेताओं से प्रार्थना करते हैं कि पोस्टरों से मेरे पिताजी की फोटो को हटवा दें। इस तरह की घटनाओं से राजनेताओं ने तो अपना स्वार्थ साध लिया है। मगर गांव में रहने वाले एक इज्जतदार किसान की इज्जत तो खराब हो गई जिसकी भाजपा कैसे भरपाई कर पाएगी। भाजपा नेताओं को चाहिए कि कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच परख कर ही आगे बढ़ायें। जिस तरह की घटना एक गरीब किसान माधुराम के साथ घाटी है उस घटना को उसका परिवार जन्म-जन्मांतर तक नहीं भूला सकेगा। जिन पोस्टरों के बल पर भाजपा राजस्थान में सरकार बदलने के लिए हवा बन रही है। वह पोस्टर ही फुस्स हो गया। भाजपा के एक झूठ ने पूरे अभियान की हवा निकाल कर रख दी है।

इसी तरह सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में एक अति उत्साही भाजपा नेता ने अपने बैनरों पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के स्थान पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लगे बैनर बनवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर प्रचार भी शुरू कर दिया। उन्होंने ऑटो रिक्शा पर बैनर लगाते वक्त भी उसको देखना उचित नहीं समझा। जब शहर में लोगों ने टोका-टाकी की तो कहा गलती हो गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एनएमओपीएस का अधिवेशन 15 को



**रामगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की बैठक जिला संयोजक श्याम किशोर महतो की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के समक्ष हुई। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप, संयुक्त सचिव लोकेश कुमार, जिला संगठन सचिव जतरू महतो ,बुद्धदेव मुंडा ,सत्येंद्र रवि, विजय राम, मुकुल प्रसाद ,अजीत कुमार गुप्ता मौजूद थे । रामगढ़ जिला में 15 अक्टूबर को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय ,रामगढ में महाअधिवेशन 10 :00 बजे से होगा । जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के अलाव 45 विभाग के कर्मचारी भाग लेंगे। रामगढ़ में महाधिवेशन पहली बार होने जा रहा है। इसमें पुरानी पेंशन प्राप्त होने के बाद कर्मचारियों में काफी उत्साह है कश्यप ने कहा कि एनएसडीएल का पैसा वापस लेने की जुनून और उत्सुकता हम सबों में बरकरार है। इसके लिए सभी प्रखंड के संयोजक और कोषाध्यक्ष के अलावे जिला कार्यकारिणी को जिम्मेवारी सौंपी गई है ।

### बालिका दिवस पर कार्यशाला



**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर गुड टच एवं बैड टच विषय पर सीएमएसओई बालिका विद्यालय रामगढ़ कार्यशाला का आयोजन किया गया।ें बच्चियों को कौन सा स्पर्श अच्छा है और कौन सा बुरा है और उससे कैसे अपने आप को बचाव करना है इसके बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। बताया गया कि कोई बुरा स्पर्श करता है तो उसे अपने माता-पिता को जरूर बतानी चाहिए। साथ ही साथ कार्यक्रम की संयोजक डॉ नीति बरेलिया ने बच्चियों को महावारी के समय अपने आपको कैसे साफ सफाई रखना है इसके बारे में भी समझाया । सेनेटरी पैड का वितरण रोटेरियन कृष्ण कुमार बंसल के सौजन्य से सभी छात्राओं के बीच किया गया। कार्यक्रम में विनीता गुप्ता,सीमा अग्रवाल,पूनम अग्रवाल,दीपा अग्रवाल,अनीता राजगढ़िया,नीरू अग्रवाल,रिंकी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल,विजेता अग्रवाल,रोनिका बजाज,निधि चौधरी,सुमन चौधरी, प्रियंका खंडेलवाल, सोनू अग्रवाल,संतोष बंसल, श्वेता बगाड़िया आदि शामिल थीं।

### मुखिया ने किया जलमीनार का उदघाटन



**कुजू।** हर घर नल जल योजना के तहत पीएचडी विभाग से कुजू दक्षिणी पंचायत के चट्टान धौडा में करीब 8 लाख 16 हजार रुपए की लागत से निर्मित मिनी जलमीनार का कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश मेहता रॉक ने उदघाटन किया । मुखिया ने बताया कि पहले चट्टान धौड़ा के लोग चुंआ से पानी पीते थे। लेकिन अब हर घर नल योजना से उनको काफी सुविधा होगी। इधर पेयजल की सुविधा होने से ग्रामीणों ने मुखिया का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर किया। मौके पर रोहित चौधरी, विजय कुमार, रवि, राजेन्द्र मुंडा, अमीन मुंडा, सोनू मुंडा, संतोष कुमार, रवि, मुन्ना खान, नागो यादव, राधा देवी, अनिता देवी, मालती देवी, रोशनी देवी, पार्वती देवी, संतोषी देवी, फुल कुमारी देवी आदि मौजूद थे।

### संघर्ष फाउंडेशन के अध्यक्ष बने शिबू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती संघर्ष फाउंडेशन कोर कमेटी की बैठक बुधवार को सौंदा बस्ती में हुई। इसकी अध्यक्षता अखिलेश प्रसाद और संचालन ललन प्रसाद ने किया। बैठक में फाउंडेशन द्वारा पिछले एक वर्ष में किये गये कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही कमेटी की विस्तारक बैठक जल्द करने का निर्णय लिया गया। बैठक में फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिश कुमार ने अपने व्यक्तिगत कार्यो में व्यस्तता के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होनें कहा है कि फाउंडेशन ने जो मान-सम्मान दिया है, उसे कभी भी भूला नहीं सकते। उन्होने फाउंडेशन के हर कार्य में अपना पूरा सहयोग देंगे की बात कही। फाउंडेशन के अध्यक्ष की इस्तीफा के बाद पुरी कोर कमेटी और पदाधिकारी स्वतः निरस्त हो गये। बैठक में शिवनारायण प्रसाद उर्फ शिबू को दस दिनो के लिये अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया। जिनके देखरेख मे दस दिनों के अंदर कोर कमेटी का विस्तार किया जायेगा। मौके पर नितिश कुमार, अखिलेश प्रसाद, राजदीप प्रसाद, ललन प्रसाद, अरविंद कुमार, शिवनारायण प्रसाद, रवि कुमार, मनोज कुमार, शिवशेवक प्रसाद, मनोज प्रसाद, अनूप कुमार बाउरी, दीपक रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पीवीयूएन को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार



**बासल (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड ने उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम में एपेक्स इंडिया का एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। इससे कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। यह पुरस्कार माननीय संसद सदस्य (भारत सरकार) द्वारा प्रदान किया गया है। समारोह में प्रसिद्ध गायक एवं अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी, डॉ. अवनीश सिंह, महानिदेशक (सेवानिवृत्त), डीजीएफएएसएलआई, श्रम और रोजगार मंत्रालय (भारत सरकार) की उपस्थिति में परषोतम लाल डीजीएम (एचआर) ने पुरस्कार ग्रहण किया है।

### पटेलनगर कॉलोनी का हुआ सर्वे

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल के भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत पटेलनगर सीसीएल आवासीय कॉलोनी में बुधवार को सीसीएल प्रबंधन ने सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान प्रत्येक आवास की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही किस आवास में कौन-कौन लोग रहते हैं उनसभी का नाम रिजस्टर में अंकित किया गया। बताया गया की बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह के निर्देश में पूरे बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सीसीएल आवास की भौतिक सर्वे किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों जिला प्रशासन ने सीसीएल प्रबंधक को पत्र लिख सूचना दिया था की सीसीएल के खाली आवास में अपराधियों का कब्जा है और वहीं से अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार बरका-सयाल प्रक्षेत्र में सभी सीसीएल आवास की सर्वे की जा रही है। बताया गया की अभी तक 1500 आवास का सर्वे किया जा चुकी है। जो आगे भी जारी रहेगा।

## सांसद का प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग अस्पताल अधीक्षक से मिला, कहा

# परिसर में दलालों पर लगे प्रतिबंध



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के निरीक्षण हेतु एक टीम का गठन किया है। निरीक्षण टीम के द्वारा अस्पताल के जांच के क्रम में अनेकों खामियां सामने नजर आई। जांच के क्रम में जिन-जिन बिंदुओं में सुधार करने की आवश्यकता है इसका प्रतिवेदन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अधीक्षक को प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से दिया गया।प्रतिवेदन में सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, प्रमुख बिंदुओं पर सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार ने अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सर्वप्रथम दुर्घटना में घायलों को सिर्फ प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया जाता है। यह काफी गंभीर और चिंता का विषय है। संसाधन का बहाना बनाकर अपना पल्लू झाड़ लिया जाता है। अस्पताल परिसर में एक पूछताछ केंद्र की आवश्यकता से भी अवगत कराया गया। पूछताछ केंद्र काम नहीं करने के कारण इलाज के लिए आए हुए मरीजों को इधर से उधर भटकना पड़ता है। उन्होंने यातायात व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाया।कहा कि इसमें सुधार की बड़ी जरूरत है साथ ही एक दिशा निर्देश बोर्ड की भी आवश्यकता पर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि दिशा निर्देश बोर्ड लग जाने से मरीज को काफी सहूलियत होगी। सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव हिमांशु कुमार ने अधीक्षक को सवालों के घेरे में लेते हुए कहा कि जब हर संसाधन संसद के द्वारा उपलब्ध करवाया गया है तो उसका लाभ मरीजों को क्यों नहीं मिल रहा है। इस तरह की व्यवस्था से आम जनता में आक्रोश उत्पन्न होता है। हर और गंदगी कुव्यवस्था का आलम है। लोग यहां अपना इलाज करवाने आते हैं, मगर उनको वह सुविधा उन्हें नहीं मिल पाती जिसकी आवश्यकता होती है। अस्पताल में इलाज के लिए आए हुए मरीज हर दिन दलालों के चक्कर में पड़कर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं, और बाहर झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में अपनी जान को भी गंवा रहे हैं। इस पर ध्यान देने की बहुत ही ज्यादा आवश्यकता है। परिसर में दलालों की दलाली पर प्रतिबंध लगे। हिमांशु कुमार ने अधीक्षक से आग्रह किया कि जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार कर इसकी सूचना सांसद को दिया जाए। अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया, जितनी जल्दी संभव है व्यवस्था में सुधार कर इसकी सूचना सांसद को दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार, सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग ज्योति कुमार गुड्डू तथा मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# विधायक अमित यादव ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा ।** विधायक अमित कुमार यादव ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न विभागों मे पांच करोड़ राशि से विकास कार्यों का शिलान्यास प्रमुख रेणु देवी और जिप सदस्य कुमकुम देवी के उपस्थिति में किया। इनमें उत्क्रमित मवि गयपहाड़ी, उत्क्रमित मवि झिंगीबराय में करीब डेढ़ करोड़ के लागत से उन्नयन कार्य और करीब तीन करोड़ 57 लाख की लागत से आरईओ रोड कलहाबाद के डाक टोला से पारटांड तक कालीकरण रोड निर्माण कार्य शामिल है। विधायक ने कहा कि विकास के रथ का पहिया का गति पकड़ लिया है। आजादी के बाद से कल्हाबाद से पारटांड़ तक रास्ता नहीं था। बरसात में लोंगो को दिक्कत होती थी। अब सड़क बनने से लोंगो की सुविधा के साथ गांव का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और लोंगो के लिए यातायात की सुविधा देने हमारी प्राथमिकता है। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर संकल्पित हैं। विकास की इस गति को थमने नहीं दिया जाएगा। जनता के प्रति यह हमारी प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया कलावती देवी, पंस सदस्य महेंद्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, रीतलाल चौधरी, इंद्रदेव यादव, राजकुमार साव, अनिल कुमार आजाद, झब्बू चौधरी, वार्ड सदस्य सरिता देवी, सोनिया देवी, पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, यमुना साव, कृष्णदेव प्रसाद, छोटेलाल मेहता, शिवकुमार प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, संवेदक रीतलाल प्रसाद, बादल राम, बैजनाथ पांडेय, जागेश्वर प्रसाद, शंकर ठाकुर, मुरली प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, एचएम रामकृष्ण प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

### देवचंदा में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न



**बरही।** देवचन्दा में विकास यूथ क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्टार क्लब मंझगावां व विकास यूथ क्लब देवचन्दा के बीच खेला गया।मैच में वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया सरिता देवी, पंसस विकास सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंसस जीतू ठाकुर मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से कहा कि वह खेल को अनुशासित तरीके से खेलें और खेल प्रतियोगिता के क्षेत्र में अपना नाम जिला, राज्य और राष्ट्र स्तर पर करें ताकि गांव समाज का नाम रौशन हो। फाइनल मैच को सफल बनाने में रमेश सिंह, कमिटी के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष शशि सिंह, सचिव आरिफ अंसारी, विवेक राणा, उपसचिव गुलाम मुस्तफा, कोषाध्यक्ष विवेक राणा, उपकप्तान साबिर अंसारी, अनिल राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भीम आर्मी के अध्यक्ष बने किशुन नायक




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से भीम आर्मी भारत एकता मिशन के रामगढ़ जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला सचिव संजय लाल विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर राम व जिला मीडिया प्रभारी आनंद राम उपस्थित थें। बैठक में सर्वसम्मति से भीम आर्मी भारत एकता मिशन पतरातू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष किशुन नायक, सचिव देवनाथ बाउरी व अश्विनी राम को कोषाध्यक्ष चुना गया। संदीप कुमार ने चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि भीम आर्मी में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। उन्होंने पदाधिकारियों से समाजहित में कार्य करते हुए भीम आर्मी भारत एकता मिशन को और बुलंदियो तक ले जाने एवं इसमें अधिक से अधिक नवयुवको को जोड़कर इसे और मजबूत बनाने की अपील की।

## भाजपा नेता राजेश्वर शर्मा के निधन पर भदानीनगर में शोक की लहर



श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता।

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के वरिष्ठ नेता राजेश्वर शर्मा के निधन पर भाजपाईयों में शोक की लहर है। भाजपा नेता राजेश्वर राजेश्वर शर्मा का निधन दिल्ली के माता चानन देवी अस्पताल में मंगलवार को लगभग 3 बजे ब्रेन हेमरेज होने के कारण हो गया था। भाजपाई ने कहा गया कि राजेश्वर शर्मा का निधन भुरकुंडा मंडल के लिए ही नहीं पूर भारतीय जनता पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी को पूरा करना मुश्किल है। वक्ताओं ने कहा कि स्व. राजेश्वर शर्मा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता ही नहीं सभी को लेकर चलने वाले मृदुलभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक थें। हमेशा मुस्कुरा कर बातें करना उनकी नियति में शामिल थी। बुधवार को बिरसा चौक स्थित उनके आवास के समीप शोकसभा हुआ। यहां दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर प्रार्थना की गई। मौके पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा सहित भाजपाईयों ने पीड़ित परिवार को ढ़ाढ़स बंधाते हुए कहा कि भाजपा एक पार्टी नहीं एक परिवार है। इस दुख की बेला में भाजपा परिवार स्व. राजेश्वर शर्मा के पूरे परिवार के साथ खड़ी रहेगी। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, युगल नायक, राजन पांडेय, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, हृदय नारायण दांगी, संतन सिंह, गोपाल भगत, लक्ष्मी नारायण दांगी, प्रमोद दांगी, शंकर प्रसाद सहित प्रदेश व जिला के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष व दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बरही।** विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि छठु गोप ने दीपावली एवं छठ पूजा के ध्यानार्थ एसडीओ के नाम से लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार आस्था का पर्व छठ एवं दीपावली साफ सुथरा व पवित्र पर्व के रूप में मनाया जाता है।जिसके तहत साफ सफाई की विशेष महत्व है।इसलिए बरही चौक के अतिरिक्त धनबाद रोड में चौक से मस्जिद तक नो पार्किंग जोन घोषित कर गाड़ियों व बाइक का ठहराव बंद जर दिया जाय।वहीं हजारीबाग रोड में पीएचईडी कार्यालय के सामने से प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क तक गंदगी पड़े अम्बार को हटाकर सफाई किया जाय।साथ ही बस पड़ाव में बसों का ठहराव की व्यवस्था की जाए। धनबाद रोड में सब्जी विक्रेताओं को रोड को छोड़कर सब्जी बेचने के लिए निर्देश देने की बात कही।

# मंजिल तक पहुंचाती है सकारात्मकता: मुकेश सिंह चौहान



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज और गर्ल्स हाई स्कूल रिवर साइड भुरकुंडा में बुधवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ।

लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान और खुशी दूत डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी भटकने नहीं देनी चाहिए। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। यूं कहें सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। श्री चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई। एक गांव में दो मित्र थें। गांव के 5 किमी की परिधि में तकरीबन 30 गांव थें। पढ़ाई के लिए एकमात्र प्राथमिक विद्यालय थी। एक मित्र सोचता, यहां शिक्षा के लिए कुछ होना चाहिए। दूसरा मित्र सोचा मुझे अपने गांव के लिए कुछ करना है। वह अपने खेतिहर जमीन का एक टुकड़ा बेच कर गांव में स्कूल बनाने लगा। उसका हौसला देख ग्रामीणों ने भी मदद शुरू कर दी। 3-4 साल के अंदर उसका स्कूल पूरे एरिया में प्रशिद्ध हो गया। 2 हजार छात्र हो गए। उसकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई। पहला मित्र सोचता रहा, दूसरा मित्र बाजी मार ले गया। शिव खेरा की सुनें- विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए। साथ ही धीरू भाई अंबानी की भी सुन लें- बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे की सोचो क्योंकि विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है। अंत में चौहान ने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, खुशी क्लास से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। जेएम कॉलेज में प्राचार्य डॉ बीएन तिवारी, डॉ अनिल कुमार, प्रो विपुल सिंह, प्रो सावित्री विश्वकर्मा, प्रो लीला सिंह, प्रो शीला सिंह और गर्ल्स हाई स्कूल में अर्पणा सुरीन, लीलावती कुमारी, धनंजय सिंह, संजय मुंडा, रघुनाथ कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**जेएम कॉलेज और गर्ल्स हाई स्कूल में खुशी क्लास आयोजित**

## एक नजर में

### डीडीसी ने लाभुकों का कराया गृह प्रवेश



**कटकमदाग।** अडरा पंचायत के बिरहोर टंडा में हजारीबाग डीडीसी प्रेरणा दीक्षित बुधवार को पहुंची। इस दौरान बाबा साहेब भीम राव अमेडकर आवास के तहत दो लाभुकों का गृह प्रवेश करवाया गया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । ढेगुरा पंचायत के विरहोर टंडा में आवास का गृह प्रवेश कराया गया। प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया और दिशा निर्देश दिए गए । इस मौके पर प्रखंड बीडीओ शालिनी खलखो, प्रखंड कर्मी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

### प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर हुए सम्मानित



**बड़कागांव।** मध्य पंचायत निवासी प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर ( पिता विनोद रजक) को हजारीबाग में 10 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आउटडोर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद परिवार के सदस्यों एवं बड़कागांव वासियों में खुशी का माहौल है। चंद्रशेखर जेपीएससी 2022 में चयनित हुए थे। चंद्रशेखर के पिता विनोद रजक बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षक के रूप में पदस्थापित है। डीएसपी को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह हुआ सम्मानित

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना पिछले कई वर्षों से सामुदायिक विकास कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सामुदायिक विकास कार्यों के तहत परियोजना के आसपास तमाम आधारभूत संरचनाएं जैसे सड़कों का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, पर्व-त्योहार में ग्रामीणों की मांग के अनुसार मदद के साथ-साथ सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाली कौशल विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी का परिणाम है कि ढेंगा स्थित खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में पिछले कई सालों से सैकड़ो बच्चे प्रशिक्षण लेकर देश की कई बड़ी कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। अब इन्हीं योगदानों को देखते हुए अपेक्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवीं अपेक्स इंडिया सेफ्टी अवार्ड 2023 में पकरी बरवाडीह को सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पकरी बरवाडीह द्वारा मैटी प्रशिक्षण केंद्र से कौशल विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए नवाजा गया है।

### चुरचू के 67 शिक्षकों को दी गयी ट्रेनिंग

**चरही ।** चुरचू प्रखंड के बीआरसी चरही में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में 'बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम' का 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दूसरा बैच संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के पहला बैच - 34 एवं दूसरा बैच - 33 हिंदी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों मौखिक भाषा विकास,ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया गया।प्रशिक्षण में, शिक्षकगण को बताया गया कि कैसे वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी 8 घटकों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया, जिनमें बच्चों को पढ़ाने के तरीके को दशार्या गया ताकि वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। यह प्रशिक्षण में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री नागेश्वर सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य प्रशिक्षक असलम आजाद, दुगार्नंद सिंह, रविन्द्र कुमार और 'रूम टू रीड' से सुजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

### मुकेश सोनी का आकस्मिक निधन

**बड़कागांव।** तीन दिन से बुखार से पीड़ित नटराज नगर निवासी मुकेश कुमार सोनी पिता कालेश्वर साव आकस्मिक मृत्यु हो जाने से मुहल्ला वासी में शोक कि लहर है अपने पीछे तीन बेटियां वर्षा कुमारी, अप्सरा कुमारी, अंकिता कुमारी को छोड़कर चले गए। उनके पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है । मुकेश सोनी मुर्गा बेचकर अपने परिवार का भरण पोषन करते थे।अब उनके परिवार के सदस्यों को काफी दिक्कत का सामान करना पड़ेगा। उनके आकस्मिक मृत्यु पर सोशल मीडिया पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### जेईई पर आरोप निराधार : प्रदीप मेहता

**इचाक।** राजद नेता व प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां कि मनरेगा जेईई सुनील कुमार पर लग रहा आरोप निराधार है। जिस -जिस पंचायत में सुनील कुमार कार्यरत हैं।विकाश की गंगा बह रही है । प्रखंड में और कुछ जेईई है जो फोन तक लाभुको को उठाना पसंद नहीं करते हैं। लाभुक परेशान हो जाते हैं। इस संबंध में प्रखंड के कई पंचायत के लाभुको व मुखियाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अन्य जेईई का शिकायत करते हूवे अपने पंचायत में सुनील कुमार की पदस्थापित करने की मांग भी किया था।पंचायतों में कारीमटी,परासी,हदारी,पुराना इचाक,अलौंजा खुर्द समेंत कई शामिल हैं।

### प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का स्वागत

**बड़कागांव।** डीलर संघ द्वारा प्रखंड में पदस्थापित नए प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी उमा शंकर प्रसाद को प्रखंड सभागार भवन में मंगलवार को बुके देकर स्वागत किया गया। डीलरों द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली से संबंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए जो समस्याएं उत्पन्न होती है उन समस्याओं का समाधान करते हुए सही तरीके से मिलजुल कर काम करने की अपेक्षा की है । साथ ही डीलर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पदस्थापित होने से अब हम सभी डीलरों को किसी प्रकार की कोई समस्या यदि उत्पन्न होती है तो उन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द संभव हो सकेगा। साथ ही प्रखंड के डीलरों द्वारा प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता के कार्य काल से संतुष्ट होकर उन्हें भी बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर रामेश्वर राम,सोनू कुमार गुप्ता,सुरेंद्र कुमार तुरी,शोले नायक,पवन सिंह,शशि भूषण कुमार,रामचंद्र राम,अतवा तुरी, शहादत हुसैन,राजेंद्र कुमार,पिंटू कुमार,सोहेल अंसारी,जुगेश्वर रविदास,प्रकाश राम,तुलेश्वर कुमार, संजर हुसैन सहित दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

### वनाधिकार समिति के अध्यक्ष बने सुरेश सिंह

**बरकट्ठा ।** आबुआ वीर दिशोम अभियान के तहत कपका और बसरिया में वनाधिकार समिति का गठन किया गया। समिति गठन को लेकर आमसभा की गई। समिति गठन में पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, बीएफटी दिलीप दास, मुखिया कमलेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य दिनेश प्रसाद, डालेश्वर पंडित की उपस्थिति में जल, जंगल के सुरक्षा और उसपर अधिकार को लेकर वनाधिकार समिति का गठन किया गया। कपका में समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह और सचिव अर्जुन प्रसाद को बनाया गया। बसरिया में अध्यक्ष रामेश्वर मंडल व सचिव पद पर कारू प्रसाद का चयन किया गया। आमसभा में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छोटी रविदास, सुनिल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, उदित यादव, रघुवीर महतो, रामेश्वर महतो ,राजेंद्र ठाकुर विंदेश्वर पांडेय, मंटू प्रसाद, रोहित ठाकुर, भोला दास, रामचंद्र मंडल, मोती प्रसाद, सीताराम प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

# मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां

गिरीश्वर मिश्र



**आयुर्वेद** के अनुसार यदि आत्मा, मन और इंद्रियां प्रसन्न रहें तो आदमी को स्वस्थ कहते हैं । ऐसा स्वस्थ आदमी ही सक्रिय हो कर उत्पादक कार्यों को पूरा करते हुए न केवल अपने लक्ष्यों की पूर्ति कर पाता है बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान भी कर पाता है । निश्चय ही यह एक आदर्श स्थिति होती है परंतु यह स्थिति किसी भी तरह निरपेक्ष नहीं कही जा सकती। जीवन का आरम्भ और जीने की पूरी प्रक्रिया परिस्थितियों के बीच उन्हीं के विभिन्न अवयवों से बनते-बिगड़ते एक गतिशील परिवेश के बीच आयोजित होती है । उदाहरण के लिए देखें तो पाएंगे सांस लेना भी परिवेश से मिलने वाले आक्सीजन पर निर्भर करता है जो नितांत स्वाभाविक और प्राकृतिक लगता है पर प्रदूषण होने पर या फेफड़े में संक्रमण हो तो मुश्किल हो जाती है । कोविड महामारी में यह सबने बखूबी देखा और पाया था ।वस्तुतः हमारा परिवेश भौतिक, सामाजिक और मानसिक हर स्तर पर सक्रिय होता है और ये सभी एक दूसरे से सघनता से गुंथे होते हैं । इन परिवेशों को भी आदमी अपने हस्तक्षेप से रचता-गढ़ता रहता है। मनुष्य की अब तक की संस्कृति-यात्रा इसका ज्वलंत प्रमाण प्रस्तुत करती है। वस्त्र,आवास,आहार, अलंकरण और तमाम सामाजिक संस्थाएं इत्यादि-सभी कुछ मनुष्य रचता रहा है और अपनी इन रचनाओं के सम्पर्क में आकर खुद भी बदलता रहा है। इस तरह स्वयं और परिवेश पर दुतरफा प्रभाव डालने वाली अंतः प्रक्रिया विभिन्न स्तरों पर अनवरत चलती चली आ रही है । मनुष्य निजी और सामाजिक स्मृति धारण करता है जिससे सब कुछ संचित होता हुआ आगे के लिए भी उपलब्ध रहता है । इस सब के बीच हम अपने अल्पकालिक ( जैसे -क्षणिक और दैनिक )और दीर्घकालिक लक्ष्य और उपक्रम चलाते रहते हैं । मनुष्य के रूप में हमारा शरीर नित्य क्षण-क्षण की योजना के साथ निरंतर कार्य करता है । हमारा पाचन तंत्र , श्वसन तंत्र , ज्ञान और कर्म की इंद्रियां , हृदय, मस्तिष्क आदि सभी निरंतर कार्यरत रहते हैं और हमें इसका पता भी चलता रहता है कि उनकी गतिविधि किस तरह की है। इनको लेकर हम खासतौर पर तब सचेत हो जाते हैं जब इनमें कोई विशेष उतार-चढ़ाव मालूम पड़ता होता है ।

जब इनके बीच संतुलन बना रहता है तो जीवन की गति और लय हमारे अनुकूल रहती है और हम अपने को स्वस्थ कहते हैं पर जब यही लय रुकने-टूटने लगती है तो हम अस्वस्थ महसूस करते हैं जीवन व्यापार में व्यवधान आने लगता है । थोड़ी गहराई और ब्योरे में जाएं तो पता चलेगा कि इन व्यवधानों के मूल में मुख्यतः भौतिक, शारीरिक और मानसिक परिस्थितियां होती हैं । हम अपने साथ इच्छाओं , आशाओं , प्रेरणाओं , रुचियों, मनोवृत्तियों, क्षमताओं का भंडार भी रखते हैं जो घटता बढ़ता रहता है । ये स्वतंत्र तो होते हैं परंतु इनका साबका भौतिक और शारीरिक दुनिया से भी रहता है । इसलिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच दीवार खींचना बेमानी है। बहुतेरे शारीरिक रोग मानसिक कारण से और मानसिक रोग शारीरिक कारण से पैदा होते हैं । इसलिए ह्यमानसिकह्ण और ह्यशारीरिकह्ण के बीच भेद करना एक स्तर के बाद व्यर्थ हो जाता है । सत्य यही है कि दोनों एकीकृत और संघटित हो कर संयुक्त रूप से कार्य करते हैं । मन शरीर को और शरीर मन को निरंतर प्रभावित करता रहता है। प्रसिद्ध कहावत ह्यमन चंगा तो कठौती में गंगाह्ण यही भाव व्यक्त करती है कि स्वस्थ और प्रसन्न मन हो तो सब कुछ अच्छा लगता है। दूसरी ओर शरीर को सभी कार्यों का साधन भी कहा गया है : ह्यशरीरमाद्यम् खलु धर्मसाधनम् । इसलिए शरीर और मन को परस्परनिर्भर मानना ही उचित है और दोनों की समुचित सेवा-सुश्रूषा होनी चाहिए ।

हमारी मनोवृत्तियां अपरिमित होती हैं और मन में संकल्प-विकल्प के जरिए कोई भी विचार प्रबल या दुर्बल हो सकता है । चूंकि इनके स्रोत बाह्य जगत या स्मृति कहीं भी हो सकते हैं इसलिए ये निर्बंध होते हैं। इन चित्तवृत्तियों को यदि बेलगाम छोड़ दें तो वे कुछ भी कर सकती हैं। स्मृति और कल्पना के योग से विचारों और भावनाओं का ताना-बाना बुना जाता रहता है जो आदमी को उलझाने के लिए काफी होता है । व्यक्ति का उन्नयन और अधःपतन कुछ भी हो सकता है । इनको नियमित करना ही योग है और पूरा योग शास्त्र इसी के उपाय में संलग्न है । स्वास्थ्य के लिए युक्ताहार विहार बड़ा आवश्यक है। अतः नियमित व्यायाम , संतुलित आहार और पर्याप्त नींद को सामान्य जीवन का अंग बनाना जहां आवश्यक है वहीं स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह व्यवहारों जैसे तम्बाकू सेवन और मद्यपान से बचना भी जरूरी है । रोगों के लिए अपने में प्रतिरोध की क्षमता बनाए रखने के लिए तैयारी होनी भी आवश्यक है । आज जिस तरह की परिस्थितियां बन रही हैं सजगता के साथ निगरानी, जांच पड़ताल और देखरेख भी आवश्यक है होती है कि कोई रोग तो विकसित नहीं हो रहा है।

आज के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का सत्य चिंताजनक दिशा का संकेत दे रहा है। यथार्थ को रचती आज की मीडिया चाहतों, जरूरतों और आवश्यकताओं के बीच अंतर को धूमिल करती जा रही है। उसके प्रभाव में आदमी यह विवेक खोता जा रहा है कि क्या करणीय है और क्या वरणीय है। आवश्यकताओं की सूची निरंतर बढ़ती जा रही है और बाजार इसी में अपनी सफलता मानती है । नई-नई प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप के चलते ये सवाल और जटिल होते जा रहे हैं । कुंठा, चिंता , अवसाद , तनाव और अकेलापन के साथ अनेक मानसिक रोग व्याप्त होते जा रहे हैं । आज व्यक्ति केंद्रित जीवन में जीवन के लक्ष्यों का प्रश्न नए ढंग से देखे जाने लगे हैं। इनके फलस्वरूप वास्तविकता के स्तर पर प्रतिस्पर्धा और हिंसा का दायरा बढ़ता जा रहा है । साथ में भौतिक जगत को ही सत्य की सीमा मान कर उपभोग पर अतिरिक्त बल देती आज की जीवन-शैली धरती की धारण क्षमताओं की सीमा को चुनौती दे रही है जिनको अनसुना करना जीवन और मानवतावादी के प्रति अपराध सा है । व्यक्ति और सामाजिक जीवन के स्तर पर स्वास्थ्य की रक्षा और उसके विपरीत रोग से बचाव तथा उसे दूर करना स्वाभाविक लक्ष्य के रूप में स्वीकार किया गया है। आज संतुलित दृष्टि के साथ जीवन के लिए सार्थक पहल की जरूरत है ।

इसके लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को मिल कर पहल करनी होगी ताकि मानसिक स्वास्थ्य की सुविधाओं को जन- जन तक पहुंचाया जा सके।

# जब अकेले इजरायल ने छह देशों को युद्ध में बुरी तरह हराया था

**अभिनय आकाश**

अमेरिका, भारत, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन जैसे देश इजरायल के समर्थन में हैं तो इस्लामिक देश हमास के कदम को सही बता रहे हैं। वहीं कुछ देश ऐसे भी हैं जो पूरी तरह तटस्थ होकर युद्ध विराम की अपील कर रहे हैं।

जैसे 32 दांतो के बीच जीभ रहती है वैसे ही अरब राष्ट्रों के बीच इजरायल है। वह दुनिया का एक अकेला ऐसा देश है जो बहुत ही छोटा होने व इतने आक्रामक पड़ोसियों से घिरा होने के बावजूद अपनी शर्तों पर जी रहा है। प्रगति कर रहा है और रक्षा क्षेत्र में अमेरिका की बराबरी कर रहा है। इजरायल का जब भी जिक्र होता है तो सिक्स डे वॉर की भी बात जरूर होती है। जब एक जंग में इजरायल ने अरब देशों को बुरी तरह हराया था। ये अरब देश इजिप्ट, सीरिया, जॉर्डन, इराक, सऊदी अरब और कुवैत थे। 50 साल बाद एक बार फिर इजराइल पर अचानक बहुत बड़ा हमला हुआ है। इजरायल और हमास के बीच युद्ध बड़ा होता जा रहा है। अब तक दोनों पक्षों के 3 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल ने हमास को मिटाने का ऐलान किया है और हमास कई दशक से इजरायल के बारे में यहीं इच्छा रखता है। मुश्किल ये है कि दोनों देशों के बीच हो रही जंग को लेकर दुनिया के अलग-अलग देशों की राय जुटा है। अमेरिका, भारत, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन जैसे देश इजरायल के समर्थन में हैं तो इस्लामिक देश हमास के कदम को सही बता रहे हैं। वहीं कुछ देश ऐसे भी हैं जो पूरी तरह तटस्थ होकर युद्ध विराम की अपील कर रहे हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि युद्ध उन्होंने शुरू की है खत्म हम करेंगे। जानकार इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को तीसरे विश्व युद्ध की आहट मान रहे हैं। खास बात ये है कि इन दो युद्धों को लेकर दुनिया के देश दो हिस्सों में बंट गए हैं। जिस तरह यूक्रेन युद्ध के दौरान पश्चिमी देश कीव समर्थन कर रहे थे। क्यूबा, चीन, अर्मेनिया, कजाकिस्तान, कीर्गिस्तान और बेलारूस जैसे देश रूस के समर्थन में थे। यही हाल अब हमास और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में बन रहे हैं। जहां मिडिल ईस्ट के ज्यादातर खाड़ी देश फिलिस्तीन का समर्थन कर रहे हैं। जबकि ज्यादातर पश्चिमी देश इजरायल के साथ खड़े हैं।

**विचार मंत्र**

सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन ने विदेशी मीडिया का हवाला देते हुए संघर्ष और हताहतों पर एक संक्षिप्त लेख प्रकाशित किया ।अखबार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दावा है कि यह संघर्ष फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायल के लगातार आपराधिक कृत्यों का परिणाम था, और मूल रास्ता एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का निर्माण करना है।



**कौन सा देश किसके साथ**

**इजरायल को मिला ब्रिटेन समेत इन देशों का साथ**

इजरायल और हमास में ज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्राइल के लिए 'दृढ़ता और एकजुटता' के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

**फिलिस्तीन के समर्थन में पाकिस्तान समेत सारे मुस्लिम देश**

मुस्लिम देश ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ये ऑपरेशन सत्ता हथियाने वाले शासन के चरमपंथियों के प्रति फिलिस्तीनियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने बाकी मुस्लिम देशों से अल अक्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करने का आह्वान किया। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सूडानी ने एक बयान में कहा कि फिलिस्तीनी लोगों द्वारा किया गया ये ऑपरेशन कई सालों से व्यवस्थित उत्पीड़न का स्वाभाविक परिणाम है। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के चलते इस हमले के लिए जिम्मेदार है। सीरिया ने भी सरकारी समाचार मीडिया के माध्यम से हमास के इजरायल पर हमले के लिए समर्थन दिखाते हुए बयान जारी किए। सऊदी अरब ने इस हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया। उकसावे और फिलिस्तिनयों को अधिकारों से वंचित रखने के चलते ये हमला हुआ।

**चीन-रूस और किम जोंग**

खास बात ये हैं कि यूक्रेन के साथ युद्ध कर रहे रूस ने खुद को तटस्थ रखा है। रूस का मानना है कि अमेरिका और पश्चिमी देश इजरायल को भी यूक्रेन की तरह फंसा रहे हैं। खबर सामने आई है कि फिलीस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास मॉस्को जा सकता है। वहां अब्बास रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। इस सूची में चीन और तुर्किए भी है। जिन्होंने युद्ध के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए युद्ध विराम की बात कही है। चीन ने फिलिस्तीन और इजरायल से तुरंत युद्ध खत्म करने की अपील की है। बीजिंग की ओर से कहा गया कि दोनों देशों को संयम बरतते हुए हालात को और बिगड़ने से रोकना चाहिए। इसके साथ ही चीन ने नागरिकों की रक्षा के लिए शांति बहाल करने के लिए कहा है। उत्तर कोरियाई राज्य मीडिया ने पहली बार इजराइल और इस्लामी समूह हमास के बीच सैन्य झड़पों पर जोर देते हुए गाजा में रक्तपात के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन ने विदेशी मीडिया का हवाला देते हुए संघर्ष और हताहतों पर एक संक्षिप्त लेख प्रकाशित किया। अखबार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दावा है कि यह संघर्ष फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायल के लगातार आपराधिक कृत्यों का परिणाम था, और मूल रास्ता एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का निर्माण करना है।

**भारत की होगी अहम भूमिका**


भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकट की इस घड़ी में इजरायल के साथ खड़े होने की बात कही है। फिलस्तीनी राजदूत अदनान अबु अलहैजा ने कहा कि भारत अपने बढ़ते वैश्विक कद और पश्चिम एशिया के सभी प्रमुख पक्षों पर प्रभाव से इस्राइल-हमास संघर्ष से पैदा संकट को कम करने में अहम भूमिका निभाने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है।

अलहैजा ने विशेष रूप से कहा कि भारत इस्राइल और फलस्तीन दोनों का एक 'मित्र' है। वह तनाव कम करने की दिशा में काम करने और फलस्तीन मुद्दे के समाधान में योगदान देने में 'सक्षम' है। अलहैजा ने कहा कि भारत यूरोपीय देशों, अमेरिका, पश्चिम एशिया के देशों से संपर्क कर सकता है। शांति की दिशा में काम करने के लिए इस्राइल पर 'दबाव' बना सकता है, जिससे वह (इस्राइल) अब तक इनकार करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से जानता है कि फलस्तीनी मुद्दा क्या है? महात्मा गांधी के समय से। इसलिए, वे उस भूमिका को निभाने के लिए योग्य हैं, खासकर क्योंकि भारत दोनों का मित्र है।'

# गायक, अभिनेता, संगीतकार अलबेला कलाकार किशोर कुमार

**किशोर कुमार को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान क्यों नहीं...**

**सौमेन मुखर्जी**



भारतीय सिने जगत के हरफनमौला कलाकार एवं प्रख्यात पार्श्वगायक किशोर कुमार जो अपनी विलक्षण एवं बहुमुखी प्रतिभा से न केवल भारतवर्श बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में करोड़ों संगीतप्रेमियों एवं सिनेप्रेमियों के दिलों में अलग पहचान बनाये साथ ही पार्श्वगायन में उत्कृश्ट प्रस्तुति के लिए उन्हें रिकॉर्ड आठ बार ''फिल्म फेयर'' अवार्ड से नवाजा गया। जिनका मधुर एवं दिलकश आवाज और अपनी अभिनय कौषल से आज भी लोगों के दिलों में बसने वाले प्राप्त महान कलाकार को न ही जीवित अवस्था और न ही उनके देहांत के बाद 30 साल बाद भी भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न नहीं दिया जाना हम सब संगीतप्रेमियों एवं किशोर कुमार के प्रशंसकों के लिए बेहद दुरूखद और अफसोस की बात है कि भारत माता के इस अनमोल रतन को श्भारत रत्नश साथ ही भारत सरकार की अन्य राजकीय सम्मान नहीं दिया जाना बहुत बडी भूल और अत्यंत दरूखद बात है।

**किशोर कुमार की खूबियां**

किषोर कुमार ऐसे कलाकार थे जिन्होंने संगीत की विधिवत तालीम किसी से नहीं ली, यह सब उनके बहुमूखी प्रतिभा का कमाल है कि वह जितने बेहतरीन गाना गाते थे उतनी ही अच्छा रूपहले पर्दे पर अभिनय कर सबका मनोरंजन करते थे। इसके अतिरिक्त वह बाद में अपने नाम से किशोर फिल्मस के बैनर तले कई बेहतरीन फिल्मों का निर्माण करने के साथ ही कई फिल्मों का निर्देषन और संगीत की भूमिका भी निभाए। बतौर अभिनेता फिल्मों के रूपहले पर्दे पर उनका जलवा दिखा साथ ही पार्श्वगायन में उनके सुरीली आवाज का जादू लगातार चार दषको 1948 . 1987 तक चला जिसकी भूरि . भूरि प्रषंसा की गयी और उनके जादुई आवाज के बदौलत भारतीय सिने जगत के प्रख्यात सितारे देवानंद, राजेष खन्ना, अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर, मिथुन चक्रवर्ती समेत कई अन्य कलाकारों को फिल्मों में अलग पहचान मिली साथ ही फिल्म भी हिट साबित हुई। आज भी उनके द्वारा प्रस्तुत अमर गीत समाज में आयोजित सांस्कतिक कार्यक्रमों एवं टीवी के पर्दे पर रिएलिटी षोज में सिर चढकर बोलता है एवं बगैर उनके गीतों से महफिल लगता है। यह बात कहना अतिषयोक्ति नहीं होगी कि किशोर कुमार जैसा कलााकार न पैदा हुआ और न ही दूसरा पैदा होगा, वह सचमुच अलबेला कलाकार हैं किसी और कलाकार से तुलना नहीं की जा सकती। गायकी में वह अपनी अलहदा अंदाज यानी वॉयस मॉडयूलेशन और सुमधुर आवाज से सबको मोहित कर देते थे और हर तरह के गीतों रोमांटिक, दर्द, मस्ती भरा, भजन,अनायास आवाज देने में माहिर थे।

रूपहले पर्दे पर भी ठीक वैसे ही हंसी.मजाक के साथ ही फिल्मों के कहानी के अनुसार गंभीर ;सीरियसद्ध अदाकारी को भी अच्छी तरह से निबाह कर लोगों को हैरत में डाल देते थे। किशोर कुमार द्वारा अभिनीत फिल्मों में श्पडोसनश श्चलती का नाम गाडीश्ए श्हाफ टिकटएश श्दिल्ली का ठगश, श्लूकोचुरीश, समेत अन्य फिल्मों को टीवी के पर्दे पर देख आज भी लोग हंसते हंसते लोटपोट खा जाते हैं। किषार दा अपने जीवन में हमेषा हंसते और मस्ती के मूड में रहते थे, इन सबके अतिरिक्त वह बखूबी संगीतकार की भूमिका निभायी जिनमें से गीत लोगों को आज भी मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वह अपनी विलक्षण प्रतिभा खासकर अपनी गायकी से लोगों को दीवाने बनाये साथ ही षोहरत और लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद भी इस महान कलाकार को श्भारत रत्नश सम्मान देना किसी भी से नाइंसाफी लगता है।

मालूम हो कि उक्त सम्मान सामाजिक गतिविधि, कलाग़्संस्कति, खेल., समेत अन्य क्षेत में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया जाता है। इसी कडी में अभी तक देष के हुनरमंद प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व जैसे लता मंगेषकर, उस्ताद बिसमिल्लाह खान, सत्यजीत रे, राजीव , नाना जी देषमुख, प्रमुख राजनीतिविद प्रणव मुखर्जी, भूपेन हजारीका, सचिन तेन्दुलकर समेत अन्य को बारीब्बारी से दिया गया है। किशोर कुमार के अनुरागियों का यह प्रश्न यह है कि किषोर कुमार जी की बहुमुखी प्रतिभा किसी से छुपी नहीं उनमें कला के सार्वभौमिकता ;वर्सटैलिटीद्ध की झलकियां हम सबके सर आंखों पर हैं, संगीत जगत के दिग्गजों ने भी उनकी बेमिसाल प्रतिभा को काफी सराहा।

**''भारत रत्न'' सम्मान देने की मांग को लेकर पदयात्रा,**

केन्द्र सरकार से हमारी मांग है कि बिना राजनीति और जाति भेद से उपर उठकर इस महान कलाकार को अविलम्ब उक्त सम्मान देकर हम भारतवासियों को गौरवान्वित करे।

(लेखक संस्थापक किशोर कुमार फैन्स क्लब, रांची झारखण्ड)

# कौन है हमास का मास्टर माइंट डेफ, जो हर हमले में बच निकलता है



गाजा में अल-अजहर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मखैमर अबुसादा के रूप में डेफ को हमास और फिलिस्तीनियों के बीच एक पवित्र और अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। डेफ का जन्म मोहम्मद दीब इब्राहिम अल-मसरी के रूप में 1960 के दशक के दौरान गाजा में खान यूनिस शरणार्थी शिविर में हुआ था, जो उस समय मिस्र के नियंत्रण में था। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट है कि डेफ के चाचा या पिता ने 1950 के दशक में सशस्त्र फिलिस्तीनियों द्वारा उसी भूमि पर छिटपुट कार्रवाई में भाग लिया था। डेफ बारे में बहुत कम जानकारी है। उसकी केवल एक ही तस्वीर है। लेकिन उसके शुरूआती दोस्तों और आसपास के लोगों के अनुसार, वह सौम्य हैं और उनमें हास्य की अच्छी समझ है। उस पर बनाए गए सुरक्षा दस्तावेजों के अनुसार, वह गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय का छात्र रह चुका है जो मुस्लिम ब्रदरहुड की राजनीतिक इस्लाम की शैली की मिस्त्र शाखा का केंद्र था। जब 20 साल की उम्र में डेफ हमास में शामिल हो गए। 1996 में उसने आत्मघाती बम विस्फोटों में कई लोगों की मौत के लिए इजरायलियों द्वारा जिम्मेदार ठहराया गया था, जिसमें 50 से अधिक लोगों की जान लेने वाला विस्फोट भी शामिल था। ऐसा कहा जाता है कि ये बम विस्फोट 1990 के दशक की शुरूआत में इजराइल और फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) के बीच हस्ताक्षरित ओस्लो शांति समझौते के लिए डेफ की प्रतिक्रिया थी। डेफ और हमास का मानना है कि समझौते का मतलब प्रभावी रूप से फि लिस्तीनियों के लिए क्षेत्र का नुकसान है। इसके बाद वह हमास की सैन्य शाखा कसम ब्रिगेड में और अधिक मजबूत हो गया। एक इजरायली अधिकारी ने यह भी कहा है कि यह डेफ के प्रयास ही थे जिसके कारण हमास ने अपने अल्पविकसित रॉकेट विकसित किए। आज, हमास के पास रॉकेटों का एक विशाल भंडार होने के लिए जाना जाता है जिसका उपयोग वह इजराइल के खिलाफ करता है। मीडियम की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारी ने यह भी कहा कि डेफ ने कब्जे वाले क्षेत्रों में बसने वालों और सैनिकों, यरूशलेम और तेल अवीव में बसों और व्यक्तिगत रूप से रॉकेट बैराज जैसे उच्च प्रभाव वाले लक्ष्यों की तलाश की। वह शत्रुता समाप्त करने के लिए सहमत नहीं हुए। 2002 में ब्रिगेड के पिछले नेता सलाह शेहादे के इजरायली हवाई हमले में मारे जाने के बाद उसने ब्रिगेड का नेतृत्व संभाला।

**हर हमले में बच निकलता है**

डेफ को सार्वजनिक उपस्थिति का शौक नहीं है। अलग-अलग छतों के नीचे रात बिताने की उनकी रुचि के कारण उसे द गेस्ट उपनाम भी मिला। शनिवार के संदेश से पहले, उसे आखिरी बार मई 2021 में सुना गया था, जहां उसने यरूशलेम से संबंधित हमास की मांगों को पूरा नहीं करने के लिए इजराइल को भारी कीमत की चेतावनी दी थी। लेकिन उसके कार्यों ने उसे इजराइल की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान आकर्षित किया है। नतीजतन उसे मोस्ट वांटेड सूची में शीर्ष पर डाल दिया है। उनके खिलाफ कई हत्या के प्रयास भी हुए हैं। डेली मेल की रिपोर्ट है कि वह हत्या के पांच प्रयासों में बच गया है, जिसमें उसके दोनों पैर और एक हाथ उड़ गए और उसकी पत्नी और दो बच्चे मारे गए। हमलों में उसने अपनी एक आंख भी गंवा दी है। कुछ लोग कहते हैं कि वह व्हीलचेयर पर है। सुरक्षा मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले एक इजरायली पत्रकार रोनेन बर्गमैन ने एक बार न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया था कि डेफ हमास में एकमात्र प्रमुख सैन्य व्यक्ति हैं जो इतने लंबे समय तक जीवित रहा है।

# रोहित के तूफान में उड़े अफगान, भारत की धमाकेदार जीत



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कप्तान रोहित शर्मा के ऐतिहासिक 31वें वनडे शतक के बूते भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान पर 90 गेंद पहले एकतरफा जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच रोहित शर्मा ने 84 गेंद में 131 रन की रिकॉर्ड्स से भरी पारी खेली। विराट कोहली 56 गेंद में 56 रन बनाकर नाबाद रहे। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद यह भारत की लगातार दूसरी जीत थी। 1.50 नेट रनरेट के साथ भारत अब पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ चुका है। न्यूजीलैंड 1.9 नेट रनरेट के साथ पहली पोजिशन पर है। अरुण जेटली स्टेडियम में आठ विकेट की यह विशाल जीत पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाले बड़े मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करेगी। मुकाबले में टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवर में 272/8 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में भारत ने ओवर में 35वें ओवर में विराट कोहली के विनिंग चौके के साथ दो विकेट खोकर मैदान मार लिया। श्रेयस अय्यर ने 23 गेंद में 25 रन की नाबाद पारी खेली। ईशान किशन 47 गेंद में 47 रन बनाकर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे।

### रिकॉर्डतोड़ रोहित के प्रहार से जीता मैच

16 चौके और पांच छक्कों की मदद से 131 रन बनाने के अलावा रोहित शर्मा ने ईशान किशन (47) के साथ पहले विकेट के लिए 112 गेंद में 156 रन और विराट कोहली (नाबाद 55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने फजलहक फारुकी के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाते हुए बायें हाथ के इस गेंदबाज के शुरूआती चार ओवर में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने इस दौरान विश्व कप में 19 पारियों में 1000 रन पूरा कर डेविड वार्नर की बराबरी की। भारतीय कप्तान ने नवीन-उल-हक पर चौका लगाकर 30 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 85 मीटर लंबा छक्का लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने 483 मैच (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय) में 553 छक्के लगाये है। रोहित के नाम 453 पारी में 556 छक्के है। रोहित ने 18वें ओवर में नबी के खिलाफ चौका और एक रन लेकर 63 गेंद में अपना शतक पूरा किया। विश्व कप में रोहित का यह रिकॉर्ड सातवां शतक है। इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर के छह शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा तो विश्व कप में भारतीय बल्लेबाजों में सबसे तेज शतक लगाकर कपिल देव को भी पछाड़ दिया।

### वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान का दूसरा बड़ा स्कोर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की 80 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने अपने आइसीसी एकदिवसीय विश्व कप का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया था। शाहिदी ने 85 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाने के साथ चौथे विकेट के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। ओमरजई ने 69 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के जडे.। जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर अपनी धारदार गेंदबाजी से प्रभावित करते हुए 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिये। हार्दिक पंड्या ने दो जबकि कुलदीप यादव और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाये। मोहम्मद सिराज ने नौ ओवर में बिना किसी सफलता के 76 रन लुटाए। दूसरे छोर से शानदार गेंदबाजी कर रहे बुमराह ने जादरान को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराया।



### अफगानिस्तान 272/8 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज के ठाकुर बो. पंड्या | 21 | 28 | 03 | 01 |
| जादरान के राहुल बो. बुमराह | 22 | 28 | 04 | 00 |
| रहमत शाह एलबीडब्ल्यू ठाकुर | 16 | 22 | 03 | 00 |
| हशमतुल्लाह एलबीडब्ल्यू यादव | 80 | 88 | 08 | 01 |
| ओमरजाई बोल्ड हार्दिक पंड्या | 62 | 69 | 02 | 04 |
| मोहम्मद नबी एलबीडब्ल्यू बुमराह | 19 | 27 | 01 | 00 |
| जादरान कै. कोहली बो.बुमराह | 02 | 08 | 00 | 00 |
| राशिद खान कै. यादव बो. बुमराह | 16 | 12 | 01 | 01 |
| मुजीब उर रहमान नाबाद | 10 | 12 | 02 | 00 |
| नवीन-उल-हक नाबाद | 09 | 08 | 01 | 00 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन : 32-1, 63-2, 63-3, 184-4, 225-5, 229-6, 235-7, 261-8.

गेंदबाज : जसप्रीत बुमराह : 10-0-39-4, मोहम्मद सिराज : 9-0-76-0, हार्दिक पंड्या : 7-0-43-2, शार्दूल ठाकुर : 6-0-31-1, कुलदीप यादव : 10-0-40-1, रवींद्र जडेजा : 8-0-38-0.

### भारत 273/2 (35 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बोल्ड राशिद | 131 | 84 | 16 | 05 |
| किशन कै जादरान बो. राशिद | 47 | 47 | 05 | 02 |
| विराट कोहली नाबाद | 55 | 56 | 06 | 00 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 25 | 23 | 01 | 01 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन : 156-1, 205-2.

विकेट पतन : फजलहक फारूकी : 6-0-50-0, मुजीब उर रहमान : 8-0-64-0, नवीन-उल-हक : 5-0-31-0, अजमतुल्लाह ओमरजाई : 4-0-34-0, मोहम्मद नबी : 4-0-32-0, राशिद खान : 8-0-57-2.

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 02 | 02 | 00 | 04 | +1.958 |
| भारत | 02 | 02 | 00 | 04 | +1.500 |
| पाकिस्तान | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.927 |
| द. अफ्रीका | 01 | 01 | 00 | 02 | +2.040 |
| इंग्लैंड | 02 | 01 | 01 | 02 | +0.553 |
| बांग्लादेश | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.653 |
| ऑस्ट्रेलिया | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.883 |
| श्रीलंका | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.161 |
| नीदरलैंड्स | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.800 |
| आफगनिस्तान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.907 |

## रोहित शर्मा ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

छह वर्ल्ड कप खेलने वाले मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने 44 पारियों में छह सेंचुरी बनाई थी, लेकिन रोहित शर्मा ने अपने सिर्फ तीसरे ही विश्व कप की 20वीं पारी में सात शतक पूरे कर दिए। 2019 में इंग्लैंड की मुश्किल सरजमीं पर खेले गए विश्व कप में रोहित शर्मा ने रिकॉर्ड पांच शतक बनाए थे। किसी एक वर्ल्ड कप में यह सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड था।

**वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा शतक**
- 7 शतक- रोहित शर्मा (20 पारी)
- 6 शतक- सचिन तेंदुलकर (44 पारी)
- 5 शतक- कुमार संगाकारा (35 पारी)
- 5 शतक- रिकी पोंटिंग (42 पारी)
- 4 शतक- डेविड वार्नर (18 पारी)

**इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के**
- 556 रोहित शर्मा
- 553 क्रिस गेल
- 476 शाहिद अफरीदी
- 398 ब्रैंडन मैकुलम
- 383 मार्टिन गप्टिल




## एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले सहरावत और अभिषेक वर्मा से मिले सीएम केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एशियाई खेलों में भारत के लिए मेडल लाने वाले दिल्ली के खिलाड़ी पवन सहरावत और अभिषेक वर्मा से बुधवार को अपने आवास पर मुलाकात करके उन्हें बधाई दी और मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। सहरावत ने कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है और वह भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान भी हैं, जबकि वर्मा ने तीरंदाजी में स्वर्ण और सिल्वर पदक जीता है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शाबाशी देते हुए कहा कि ऐसे ही दिल्ली और देश का नाम रौशन करते रहे। उन्होंने कहा, ये खिलाड़ी दिल्ली सरकार के मिशन एक्सिलेंस स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम का हमारे खिलाड़ियों को बहुत फायदा हो रहा है और नतीजे भी शानदार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों ही खिलाड़ियों से खेलों को लेकर काफी बातें कीं



और उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जाना। खिलाड़ियों ने श्री केजरीवाल का आभार जताते हुए कहा, अगर हमें दिल्ली सरकार से वित्तीय मदद नहीं मिलती तो वह आज इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाते। श्री केजरीवाल ने कहा, हमारी कोशिश है कि हमारे देश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा पदक जीत कर लाएं। इसके लिए हमें उनको जो भी सहूलियतें देनी पड़ेगी, हम देंगे। खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की शुरूआत की है। हमारा मकसद है कि पूरे देश से प्रतिभावान खिलाड़ियों को तलाश कर यहां लाएं और उनके हुनर को और निखाकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान करें।

## पाकिस्तान के खिलाफ खेल सकते हैं शुभमन गिल



**नयी दिल्ली।** डेंगू बुखार से उबर रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को अहमदाबाद पहुंचेंगे लेकिन उनका शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में खेल सकते हैं। हालांकि अभी इस बात की कोई पुख्ता जानकारी नहीं है लेकिन गिल का स्वास्थय अच्छा होने की वजह से ऐसी अटकलें हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, गिल का स्वास्थ्य अच्छा है और वह बुधवार को चेन्नई से अहमदाबाद के लिए रवाना होने के लिए तैयार हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह गुरुवार को मोटेरा में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे या नहीं। उनका स्वास्थ्य पहले से बेहतर है लेकिन अभी यह वास्तव में सुनिश्चित नहीं है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ खेल पाएंगे या नहीं।' गिल अस्वस्थ होने के कारण विश्व कप के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए। पिछले सप्ताह उनके प्लेटलेट्स 70000 तक गिर गए थे और उन्हें चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। उन्हें हालांकि 24 घंटे के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। अच्छी फिटनेस होने के कारण गिल के जल्दी स्वस्थ होने की संभावना है लेकिन डेंगू बुखार में शरीर काफी कमजोर हो जाता है और ऐसे में उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होकर बांग्लादेश के खिलाफ मैच में वापसी का मौका मिल सकता है।

## 13 अक्टूबर को ट्रॉफी और मैस्कॉट की लांचिंग सीएम करेंगे अनावरण

**रांची।** 27 अक्टूबर से 5 नंवबर तक रांची में आयोजित झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के ट्रॉफी का अनावरण और इसके मैस्कट की लांचिंग 13 अक्टूबर को दिन के 3.30 बजे प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम व झारखंड के खेल मंत्री हफीजुल अंसारी के द्वारा की जायेगी। ट्रॉफी के अनावरण के बाद इस ट्रॉफी को 14 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक झारखंड के सभी जिलों में ट्रॉफी टूर कराया जायेगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह तथा हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन समेत कई गणमान्य अतिथि व खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे।

## उभरती खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करेंगी साइना

**हैदराबाद।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को दक्षिण भारत की प्रमुख बैडमिंटन कोचिंग अकादमी 'बैडमिंटन प्रोसह्ल' ने अपना मेंटर नियुक्त किया है। साइना इस उद्यम में हमवतन राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन पारुपल्ली कश्यप और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाई दत्त के साथ शामिल हो गई हैं।

## 'खेलो इंडिया' गेमचेंजर साबित हुआ : अमित शाह

**रोहतक।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार आजादी के बाद पहली बार एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदक जीतने पर खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलो इंडिया गेमचेंजर साबित हुआ। श्री शाह ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार 100 से ज्यादा मेडल जीते। 2014 के बाद हर खेल में भारत ने बहुत अच्छा खेला और इसका मुख्य कारण यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर जगह प्रतिभाशाली एथलीट्स की खोज की, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की और उनके आहार और स्वास्थ्य का ख्याल रखा। खेलो इंडिया गेमचेंजर साबित हुआ।

## हॉकी सब जूनियर में छत्तीसगढ़, गुजरात और मध्य प्रदेश की जीत

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में खेली जा रही पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 के तीसरे दिन बुधवार को छत्तीसगढ़,गुजरात और मध्य प्रदेश ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हॉकी और मध्य प्रदेश विजयी रहे। महिला वर्ग के पहले मैच में छत्तीसगढ़ हॉकी ने गोवा हॉकी को 11-0 से हराया। दूसरे मैच में हॉकी गुजरात ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 6-0 से हराया। महिला वर्ग के तीसरे मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 11-0 से हराया।

## सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले सेना के जवानों को किया सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को एशियाई खेलों में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा और अविनाश सावले सहित अन्य खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया। आज यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सेना के खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अटूट निष्ठा, ध्यान और समर्पण के परिणामस्वरूप देश को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई।

## साउथ अफ्रीका पर पहली जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया तैयार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गुरूवार को वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमें आमने-सामने होगी। दोनों टीमों के बीच मुकाबला लखनऊ में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका मुकाबला भारतीय समयनुसार दोपहर 2 बजे शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया को अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। बहरहाल, पैट कमिंस की टीम को पहली जीत का इंतजार है। साउथ अफ्रीकी टीम को पहले मुकाबले में जीत मिली थी। साउथ अफ्रीका ने अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका को 102 रनों के बड़े अंतर से हराया था। इस तरह साउथ अफ्रीकी टीम लगातार दूसरी जीत की तलाश में उतरेगी। फिलहाल, साउथ अफ्रीकी टीम प्वॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर काबिज है।

### किस टीम को मिलेगी जीत?

पिछले मुकाबले में टीम इंडिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 102 रनों के बड़े अंतर से हराया। हालांकि, दोनों टीमों के खिलाड़ियों की फॉर्म को देखें तो कंगारूओं का पलड़ा भारी है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टीम इंडिया के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए थे। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने अच्छी लाइन और लेंग्थ पर गेंदबाजी की थी।

### गेंदबाजों को मिलेगी मदद!

आंकड़े बताते हैं कि लखनऊ की पिच पर गेंदबाजों को मदद मिलती है. खासकर, स्पिन गेंदबाजों को ईकाना स्टेडियम की विकेट पर स्पिनरों के लिए ठीक-ठाक मदद होती है. हालांकि, इसके अलावा बल्लेबाजों के लिए रन बनाना भी आसान होता है। अगर बल्लेबाज शुरूआत के कुछ ओवर खेल लें तो उसके बाद बल्लेबाज आसानी से रन बनाते हैं। इस विकेट पर दोनों टीमों के कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकते हैं।

## पाकिस्तान टीम अहमदाबाद पहुंची, पाकिस्तानी बशीर चाचा बोले- विराट-रोहित बनायेंगे रन

**अहमदाबाद (गुजरात)।** भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित क्रिकेट विश्व कप मुकाबले से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम बुधवार को अहमदाबाद पहुंची। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उत्साहित पाकिस्तान क्रिकेट टीम बस में सवार हुई और टीम होटल पहुंची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सबसे बड़े समर्थकों में से एक बशीर चाचा ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को होने वाले मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन किया। बशीर चाचा ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाएंगे। बता दें कि अब्दुल्ला शफीक और मोहम्मद रिजवान के शतकों के चलते हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। रिजवान ने 121 गेंद पर 131 रन तो अब्दुल्ला शफीक ने 113 रन की पारी खेली थी। ऐसे में वापसी करने के इरादे से पाकिस्तान टीम अहमदाबाद के मैदान पर दम दिखाएगी।

## एशियाई खेलों में हॉकी की विजेता टीम का अमृतसर हवाई अड्डे पर किया गया जोरदार स्वागत

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर जिले के उपायुक्त अमित तलवार ने बुधवार को एशियाई खेलों में हॉकी विजेता टीम के सदस्यों हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, मनप्रीत सिंह , सुरजीत सिंह और गुरजंत सिंह का अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद गुरजीत सिंह औजला, विधायक डॉ अजय गुप्ता, पुलिस आयुक्त नौनिहाल सिंह, अध्यक्ष जसप्रीत सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जुगराज सिंह, रमनदीप सिंह, अध्यक्ष अशोक तलवार और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## भारत, पाकिस्तान को एक दूसरे के साथ क्रिकेट खेलना चाहिए : इंजमाम उल हक

**अमृतसर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने बुधवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान का दौरा करना चाहिए और दोनों टीमों को एक-दूसरे के साथ क्रिकेट खेलना चाहिए। इंजमाम ने अमृतसर का दौरा किया और मंगलवार को उच्च स्कोर वाले खेल में श्रीलंका के खिलाफ जीत के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की। इंजमाम ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अच्छा खेल रही है और इसका श्रेय टीम को जाना चाहिए, खासकर अब्दुल्ला शफीक और रिजवान को। उन्होंने अच्छा खेल दिखाया। अगर टीम इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखती है तो परिणाम बहुत अच्छा होगा। वहीं, इंजमाम ने कहा कि भारत-पाकिस्तान को एक-दूसरे के खिलाफ खेलना चाहिए। यह अच्छी बात है। भारत ने 2008 में एशिया कप के दौरान पाकिस्तान में एक मैच खेला था और तब से उन्होंने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों देश तटस्थ स्थानों पर एक दूसरे के साथ खेल चुके हैं। मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ मैच में अब्दुल्ला शफीक और मोहम्मद रिजवान ने शतक बनाकर पाकिस्तान को विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज करने में मदद की। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में श्रीलंका 6 विकेट से हार गई। रिजवान ने 121 गेंदों में 131 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 113 रनों की पारी खेली और इफ्तिखार अहमद के तेजतर्रार कैमियो ने पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते 344 रनों का पीछा करने में मदद की। ऐसा पहली बार हुआ जब पुरुष विश्व कप इतिहास में पहली बार एक ही मैच में चार शतक लगे थे।

## पदक विजेता सलीमा टेटे, संगीता कुमारी निक्की प्रधान रांची लौटीं, भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19 वें एशियन गेम्स के हॉकी स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल झारखंड की बेटियां निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी का रांची पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी उनके साथ थे। खिलाड़ियों की ओर से फूलमाला पहनाकर और बुके देकर तथा मिठाई खिलाकर उनका भव्य



स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में मुख्य रूप हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, संयुक्त सचिव माइकल लाल, दसरथ महतो, जयंत केरकेप्ता, साई के पूर्व प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह, झारखंड के प्रथम अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, प्रशांत मुखर्जी,र णधीर कुमार, नरेंद्र सिंह, राहुल कुमार सहित एकलव्य हॉकी सेंटर और रांची रेलवे के दर्जनों हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## ग्वालियर में आज से शुरू होगी जूनियरों के बीच भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में गुरुवार से शुरू होने वाली पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप (जोन ए) में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी में शुरू होने वाली चैंपियनशिप में खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता, मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, सैल्यूट हॉकी अकादमी और एचआईएम अकादमी के बीच मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 19 अक्टूबर को होगा।

## बास्केटबॉल में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित

**जेरूसलम।** बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरूआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इजराइल बास्केटबॉल एसोसिएशन (आइबीबीए) ने अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की।

## दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने की बैठक, की अपील

# आपसी सौहार्द और श्रद्धा के साथ मनायें दुर्गा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद उपायुक्त व अन्य।

**लातेहार।** आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें।

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो होगी कारवाई**

उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शांति व सौहार्द से पर्व को मनायें। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कारवाई करें। आगे उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे सभी पूजा पंडाल समिति के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार का भड़काऊ या अश्लील गाने का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि आगामी त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह फैलाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दे और किसी तरह की समस्या होने पर सीधे पुलिस को जानकारी देंगे। दुर्गा पूजा के दौरान जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा पंडाल में सीसीटीवी एवं लाइट की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, गणमान्य व्यक्तियों समेत अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर टीटीआइपीएल कंपनी में की गयी छापेमारी

- स्थलीय छापेमारी में मिला 25 सौ सीएफटी बालू का भंडारण एवं 3 हजार पत्थर चिप्स
- डीएमओ ने कंपनी से मांगा स्पष्टीकरण

**लातेहार।** अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी निर्देश पर बुधवार को रेलवे थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगे टीटीआइपीएल कंपनी का स्थलीय निरीक्षण खान निरीक्षक राजेश हांसदा के द्वारा किया गया। निरीक्षण कि क्रम में स्थल पर बालू का भंडारण 25 सौ सीएफटी एवं 3 हजार सीएफटी पत्थर चिप्स पाया गया, जिसके बाद कंपनी से स्पष्टीकरण किया गया एवं अविलंब स्पष्टीकरण का जबाव मांगा।

**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी**


जप्त बालू एवं चिप्स।

उपायुक्त हिमांशु मोहन को गुप्त सूचना मिल रही थी कि टीटीआइपीएल कंपनी के द्वारा बालू का भंडारण किया जा रहा है। जिसके बाद उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को जांच को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी ने खान निरीक्षक को अविलंब छापेमारी को लेकर निर्देश दिए जिसके आलोक में खान निरीक्षक के द्वारा चंदवा में टीटीआइपीएल कंपनी स्थल की जांच की गयी जहां बालू का भंडारण कुल 2500 सीएफटी एवं 3000 सीएफटी पत्थर चिप्स पाया गया जिसमें 10 एमएम का 15 सौ जबकि 20 एम 1500 सीएफटी पाया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा कंपनी से स्पष्टीकरण पुछा गया एवं स्पष्टीकरण का जबाव देने को लेकर निर्देशित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा पूजा को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक 13 को

**चंदवा।** दुर्गा पूजा पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चंदवा थाना परिसर में 13 अक्टूबर, शुक्रवार की शाम अपराह्न 3 : 00 बजे शांति समिति की बैठक की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने प्रखंड के सभी पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों एवं सम्मानित नागरिकों से बैठक में ससमय शामिल होने की अपील की है।

### कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जागरूकता शिविर का आयोजन


मौके पर मौजूद सचिव व अन्य।

**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची (झालसा) के आदेशानुसार अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वाति विजय उपाध्याय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने उक्त विद्यालय की छात्राओं को अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में अनेक जानकारी दी। उन्होंने मौलिक अधिकारों पर विशेष चर्चा की तथा छात्राओं ने इस पर विशेष रूची दिखाई। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पी0एल0भी मिथलेश कुमार, सहित विद्यालय की छात्राओं मौजुद थे।

### मिशन इंद्रधनुष योजना का निरीक्षण करने पहुंचे सिविल सर्जन


आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते सिविल सर्जन।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत स्थित उच्चवाबाल गांव में सरकार द्वारा संचालित योजना मिशन इंद्रधनुष का दिन बुधवार को लातेहार जिला के सिविल सर्जन अशोक कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने कई किलोमीटर का पैदल यात्रा कर मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों को असाध बीमारी से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में किए जा रहे टीकाकरण का जांच किया। उन्होंने कहा कि मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। मौके पर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मनिका डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर,अनिल राय, राहुल कुमार,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सांप के काटने से बच्ची हुई अचेत रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड के भगिया पंचायत स्थित कांडरा ग्राम में साँप काटने से एक चार वर्षीय बच्ची अचेत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनीता कुमारी 4 वर्ष पिता मुनेश्वर गंझु कांडरा भगिया थाना बालूमाथ निवासी सांप काटने से अचेत हो गई। बच्ची को परिजनों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद की देखरेख में बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया। परिजनों ने बताया कि बच्ची मक्का के खेत में खेल रही थी और वे लोग काम कर रहे थे। इसी दौरान सांप ने काट लिया जिससे वह अचेत हो गई। बच्ची का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के हेतु लातेहार रेफर कर दिया गया।

## जिप अध्यक्ष ने बेंदी से कुमंडी तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण


सड़क की जांच करती जिप अध्यक्ष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के बेंदी पंचायत में बेंदी से लेकर कुमंडी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क की लंबाई 10 किलोमीटर है। लाखों रुपए की लागत से यह सड़क निर्माण किया जा रहा है। बता दें की 20 जुलाई से सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ है। और इसे पूरा करने के लिए 30 मार्च 2023 को लक्ष्य दिया गया था। लेकिन संवेदक के द्वारा अब तक पूरा नहीं किया गया है। वही सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। जिसकी शिकायत जिप अध्यक्ष पूनम देवी को मिलने के उपरांत ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बडाइ और सहायक अभियंता अवधेश राम के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई प्रकार की गड़बड़ियां पाई गई। हो रहे सड़क निर्माण कार्य में सड़क की मोटाई, मेटेरियल की गुणवत्ता में कमी एवं सड़क कई जगह टूटे एवं गढ़े पाए गए। सड़क निर्माण कार्य मशीन के बजाय बाहरी मजदुरों से काम लिया जा रहा है। इस पर जिप अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बडाइ को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि जो कार्य मशीन से होना है उसे बाहरी मजदूरों से ना कराय। सड़क खराब बनती है तो स्थानीय जनता को भोगना पड़ता है। वही कार्यपालक अभियंता ने संवेदक को काम सुधारने के लिए निर्देश दिया। साथ ही उसे चेताया कि कार्य मशीन से ही किया जाए यदि मजदूर का काम पड़ता है तो लोकल मजदूर को ही कार्य में लगाया जाय। अगर ऐसा नहीं किया गया तो कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को श्रद्धांजलि देने राजधानी रांची पहुंचे जेएमएम नेता


श्रद्धांजलि देने पहुंचे जेएमएम नेता।

खबर मन्त्र संवाददाता

- पी टोप्पो के निधन से सेवा के एक युग का हो गया अंत : शशि भूषण

लातेहार। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य दीपू कु. सिन्हा एवं बरवाडीह बीस सूत्री सदस्य सह वरिष्ट नेता शशिभूषण तिवारी ने राजधानी रांची के संत मेरी कैथेड्रल पहुंच कर कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के पार्थिव शरीर के दर्शन किए एवं पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि देने के बाद दोनों नेताओं ने कहा की झारखंड के गुमला जिले के छोटे से गांव से निकलकर मसीही अध्यात्म के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपनी पहचान स्थापित कर झारखंड को गौरव प्रदान करने वाले कार्डिनल ने प्रभु की राह पर चलते हुए जिस प्रकार गरीब,असहाय तथा दीन-दुखियों की सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। उनके निधन से सेवा के एक युग का अंत हो गया जिसकी भरपाई करना कठिन है। जिस तरह हमारे संस्थापक नेता और झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राजनीतिक क्षेत्र में गरीबों, दुखियों की सेवा करते हुए उनके हक - अधिकार के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। इसी तरह कार्डिनल ने धार्मिक एवम आध्यात्मिक क्षेत्र में झारखंड के लोगों के दुख -दर्द को दूर करने तथा जीवन का सच्चा और अच्छा मार्ग दिखाने के लिए अपना अप्रतिम योगदान दिया है। हमारी पार्टी और हमारे नेता दीशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमें सर्वधर्म समभाव का पाठ पढ़ाया है। जिसका आदर एवं सम्मान करते हुए हम लोग आज कार्डिनल को श्रद्धांजलि देने रांची पहुंचे हैं।

## एक नजर में

### वन विभाग ने कोयला लदा चार ट्रक को पकड़ा


पकड़े गए कोयला लदा ट्रक।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के पचफेड़ी चौक स्थित वन विभाग चेक पोस्ट के पास वन विभाग के कर्मियों के द्वारा कोयला लदा चार ट्रक को पकड़ा गया। वहीं वन विभाग के कर्मियों ने संदेह होने पर सभी ट्रकों को रोककर कागजात की मांग की तो उक्त चारों ट्रक के चालकों ने समय फेल चालान दिखाया। वहीं पकड़े गए वाहनों में जे एच 02 ए डब्लू 3990,जे एच 02 ए डब्लू 6892,जेएच 02 ए एन 7603, जे एच 02 ए एल 0459 शामिल है। वहीं मनिका वन विभाग के रेंजर ठाकुर पासवान ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों का चलान फेल पाया गया है। चारों ट्रक में 9 अक्टूबर को अमरपाली से बनारस के लिए कोयला लोडिंग किया था। सभी को 10 अक्टूबर को बनारस पहुंचना था लेकिन 10 अक्टूबर को रात्रि में मनिका चेक पोस्ट पर सभी वाहनों को पकड़ा गया। श्री पासवान ने कहा कि सभी वाहनों की कागजात की जांच की जा रही है जांच के बाद विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### डीवीसी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल शुरू की


मौके पर मौजूद महिलाएं व अन्य।

**लातेहार।** लातेहार में दुबेद कोल माइंस (डीवीसी) ने परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल शुरू की है। इस प्रयास के हिस्से के रूप में, कंपनी ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं को सिलाई मशीन संचालन में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), लातेहार के साथ साझेदारी की है। 30-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, 20 एसएचजी सदस्य अब अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए सिलाई मशीन प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीओ लातेहार थे, इस कार्यक्रम में डीपीएम जेएसएलपीएस के साथ आरसेटी के निदेशक और डीवीसी ट्यूबेड कोयला खदान लातेहार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना, बिरसा कूप संवर्धन, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान, ग्राम स्तर पर अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड समन्वयक व अन्य उपस्थित थे।

### पंकुरवा के मजदूर की हैदराबाद में मौत

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत पंकुरवा ग्राम निवासी अरविन्द गंझू (35) पिता स्व लक्ष्मण गंझू मजदूरी करने गए हैदराबाद के बिजयवाडा मे मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन सहित आसपास के ग्रामीणों मे मातम पसर गया। मृतक के परिजनों ने बताया की करमा बिताकर अरविन्द अपने परिवार का भरण-पोषण के लिए हैदराबाद मजदूरी करने गया था। अचानक उल्टी दस्त से पेट दर्द होने लगा। उनके साथी बाईक से हॉस्पिटल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते मे ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को पैतृक गाँव लाने के लिए श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता से बात किया। वहीं कंट्रोल रूम रांची व लातेहार द्वारा पूर्ण जानकारी लिया गया। इधर बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने परिजनों से मुलाकात किया। शव को गाँव लाने के लिए हैदराबाद के कई कर्मियों बात कर एम्बुलेंस व्यवस्था करायी गई। शव हैदराबाद से लेकर पंकुरवा के लिए रवाना हो गया है। मौत के खबर मिलते ही पत्नी बसंती देवी व पुत्री राखी कुमारी की रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है की मृतक के अपने पीछे पत्नी व पांच वर्षीय पुत्री को छोड़ गया है घर का मात्र एक कमाऊ सदस्य था। शव को गांव मंगवाने मे मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह अहम भूमिका निभा रहे थे जिसको लेकर ग्रामीणों ने साधुवाद दिया।

### मनिका स्थित डिग्री कॉलेज में एवीवीपी इकाई की घोषणा

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दिन बुधवार को प्रथम इकाई की घोषणा की गई। जिसमें सभी के सर्वसमिति से नीलम कुमारी को कॉलेज अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया और चंदन कुमार,सावित्री कुमारी, उज्ज्वल कुमार एवं रुचि प्रिया को कॉलेज उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं विशाल कुजूर को कॉलेज मंत्री बनाया गया और जानवी सोनी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी,रीना कुमारी को कॉलेज सह मंत्री एवं उज्ज्वल कुमार को कॉलेज सोशल मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार को कॉलेज एसएफएस प्रमुख, सोनी कुमारी को कॉलेज सह एसएफएस प्रमुख,राकेश कुमार को कॉलेज एसएफडी प्रमुख, रिचा कुमारी को कॉलेज सह एसएफडी प्रमुख का दयित्व सौंपा गया। वहीं आशीष कुमार, रेशमी कुमारी, राजू यादव, लीलावती कुमारी, विक्की यादव व रेशमी कुमारी को कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। इसकी घोषणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने किया। वहीं नवनियुक्त कॉलेज मंत्री विशाल कुजूर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मनिका में अभाविप जोर शोर से छात्र हित के कार्य में लगी हुई है और हर मुश्किल घड़ी में हम छात्रों के साथ खड़े हैं,छात्रों के हित के लिए हम कुछ भी कर गुजरने को तत्पर हैं।

## संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता


श्रद्धांजलि देते प्रचार्य।

**महुआडांड़।** संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ में बुधवार को दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के सम्मान में प्रार्थना सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शांत वातावरण में दो मिनट मौन प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य फादर एम के जोस की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कार्डिनल एक भला चरवाहा व महान व्यक्ति थे। उन्होंने छोटानागपुर की कलीसिया, आदिवासी समाज, झारखंड व देश के अमन चैन और तरक्की के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। वे छोटे बड़े एवं सभी मजहब के प्यारे थे। शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति भी उसका एक विशेष लगाव था। इस दौरान अंजना एक्का ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो की जीवनी व उनके साथ के अपने अनुभव को उपस्थित लोगों के साथ साझा की। सहायक प्राध्यापक मैक्सेनसियुस कुजूर कार्डिनल के साथ अपने अनुभव साझा किये एवं श्रद्धांजलि अर्पित किये । सभी शिक्षक एवं छात्र प्रतिनिधियों ने भी कार्डिनल के अच्छे व प्रेरणादायक गुणों को अपनाने की बात कहते हुए श्रद्धांजलि दी। कॉलेज के सभी प्रध्यापक व छात्र-छात्राओं ने भी कार्डिनल के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अभय सुकुट डुंगडुंग ने किया। कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो की आत्मा को ईश्वर अनंत शांति प्रदान करे।

### बालिकाओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का किया गया वितरण




- एक रोटी कम खाओ, मगर बच्चो को जरूर पढ़ाओ : राजू सिंह

**लातेहार।** महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्म निर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के माध्यम से लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड के तासू पंचायत में 40 बालिकाओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के जिला प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि सुकन्या ट्रस्ट लगातार महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे ले जाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं संस्था काम कर रही है और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं को अगरबत्ती मोमबत्ती पापड़ सेंट्री पेड़ आदि का प्रशिक्षण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर लगातार बना रही है ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ साथ साथ गरीब एवं सहायक लोगों का मदद करना। अभी के समय में बालिकाएं किसी से कम नहीं है। सुकन्या ट्रस्ट का जो उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सुकन्या ट्रस्ट लगातार काम कर रहे हैं अपनी बेटी को पढ़ने में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न होनी चाहिए आप अपने घर में एक रोटी कम खाइए लेकिन अपने बेटी को जरूर पढ़ाए। इस मौके पर तासु पंचायत की मुखिया सुकनी देवी देवी, प्रखंड प्रभारी फूलदेव सिंह के अलावे दर्जनों महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## बालिकाओं के सशक्तिकरण व आत्मनिर्भर होने का दिया संदेश

- बाल विवाह हमारे समाज के लिए एक अभिशाप की तरह है: कविता खलको


शपथ ग्रहण समारोह में शामिल छात्राएं।

**लातेहार।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी जी के आवाहन पर शुरू किए गए देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत झारखंड के लातेहार जिले में संचालित सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विवाह के विरुद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लातेहार जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय में वैदिक सोसाइटी और बचपन बचाओ आंदोलन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उपेंद्रनाथ दुबे, शिक्षा विभाग की एपीओ रोज मिंज, बचपन बचाओ आंदोलन से रविशंकर, वैदिक सोसाइटी के सचिव चंद्रशेखर सिंह, जिला समन्वयक पंकज पाण्डेय, काउंसलर डॉ आरती, सीएसडब्लू कुणाल कुमार आदि शामिल हुए। विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा माधुरी कुमारी ने उपस्थित सभी शिक्षकों, छात्राओं व अतिथियों से बाल विवाह नहीं करने और ऐसे किसी आयोजन में शामिल नहीं होने का शपथ दिलवाया। इसके बाद विद्यालय के प्रशाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह हमारे समाज के लिए एक अभिशाप की तरह है। इसलिए आज का दिन संकल्प लेने का दिन है कि 18 साल की उम्र से पहले शादी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। लेकिन अगर बच्चियों की कम उम्र में शादी हो जाती है तो उनके सभी तरह का विकास अवरुद्ध हो जाता है। साथ ही किसी प्रकार की असुरक्षा की भावना होने पर टॉल फ्री न0 1098 पर सूचना देने को कहा। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने रोल प्ले के माध्यम से बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक रविशंकर और धन्यवाद ज्ञापन वार्डेन मारसिला टोप्पो के द्वारा किया गया।

स्पीड न्यूज

## कुदाल से काटकर पति ने की पत्नी की हत्या

**जामा।** दुमका जिले के प्रखंड अंतर्गत चिकनियां पंचायत के जरजोखा में मंगलवार शाम को पति दिनेश किस्कू ने पत्नी मालोती सोरेन उम्र 40 वर्ष को कुदाल से काटकर हत्या कर दिया। जानकारी के अनुसार महिला का मायके भी जरजोखा ही था। उसकी शादी गांव में ही हुआ था। दोनों पति पत्नी प्रधानमंत्री आवास में बेटा के साथ रह रहा था। दोनों बेटियों की शादी हो गयी है। दोनों पति पत्नी शराब के नशे में रहते थे। किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ तो पति ने पत्नी को कुदाल से काटकर हत्या कर दिया। ग्रामीणो ने इसकी सूचना जामा थाना को दिया। मौके पर जामा थाना पुलिस पहुंचकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर शव को कब्जा मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये दुमका भेज दिया है। मृतका के भाई मानेशल सोरेन के बयान पर कांड संख्या 95/23 के तहत भादवि की धारा 302 में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अशांति फैलानेवाले को चिह्नित करेगा प्रशासन

**नौडीहा बजार पलामू।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति के बैठक आयोजित किया की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार मंडल ने कहा कि दुर्गा पूजा में सभी तरह के शांति व्यवस्था कायम रखना सबकी जिम्मेवारी है। पर्व लोग आपसी सौहार्द के साथ मनायें। वहीं दूसरी थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने कहा पूजा में सभी जगह प्रशासन सजग रहेगी। वैसे लोग पर नजर रखेगी जो समाज में अंशाति फैलना चाहते हैं। अशांति फैलानेवालों को प्रशासन चिंहित कर कार्रवाई करेगी।

## ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में 64 बंदी चिह्नित

**मेदिनीनगर।** अंडर ट्रायल रिव्यू कमिटी की बैठक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में की गई। बैठक में 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अंडर ट्राइब रिव्यू कमेटी की पहली बैठक चार अक्टूबर को हुआ था। वही दूसरी बैठक 11 अक्टूबर बुधवार का वर्चुअल मोड में हुई। जिसमें अब तक कुल 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया हैं। जिनमें जमानत के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## मनरेगा में गड़बड़ी करनेवाले अभियुक्तों को मिली जमानत

**मेदिनीनगर/पाटन।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड अंतर्गत मनरेगा में हुई भारी गड़बड़ी को लेकर चर्चित मुकदमा में पाँच अभियुक्तों को झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। अभियुक्तों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने बताया कि मनरेगा में पलामू के तत्कालीन उपायुक्त ए दोड्डे ने पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत में मनरेगा के पशु शेड निर्माण में भारी गड़बड़ी को लेकर कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था और मुखिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को सहित लगभग 7 लोगों पर पाटन थाना कांड संख्या-104/22 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## कांग्रेस संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक संपन्न हुई

**गोड्डा।** आज महागामा कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस संगठन सशक्तिकरण 2024 को लेकर महागामा विधानसभा के महागामा एवं मेहरमा तथा ठाकुर गंगटी प्रखंड के सभी कांग्रेस कार्यकताओं का एक बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा जिला कांग्रेस प्रभारी अनुकूल मिश्रा उपस्थित रहे, जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि जिला से प्रखंड एवं पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को अधिक से अधिक मजबूती देना है।

# रणवीर यादव और पत्नी को 3 साल की सजा

एजेंसी



**खगड़िया।** व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम विभा रानी सिंह ने जिप अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव व उसके पति पूर्व विधायक रणवीर यादव को रंगदारी मांगने के आरोप में तीन-तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। सरकार के पक्ष की ओर से एपीओ मो. शाहिद अनवर व बचाव पक्ष से त्रिलोकी श्री हर्ष ने सजा के बिन्दु पर बहस किया। यह फैसला गत 7 अक्टूबर को सुनाई गई। बताया जाता है कि नगर थाना में दर्ज एक मामले में यह सजा सुनाई गई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा। इस वाद के विचारण के दौरान कारा में बितायी गई अवधि को धारा 428 के प्रावधान के अनुसार समायोजित किया जाएगा। बताया जाता है कि नगर थाना में एक एजेंसी के मालिक द्वारा दर्ज मामले की जांच में जिप अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव और पूर्व विधायक रणवीर यादव का नाम आया था। 2005 में आलोक तालुकदार नाम के व्यक्ति ने खगड़िया नगर थाने में यह केस दर्ज कराया था। अज्ञात के खिलाफ दर्ज मामले में पुलिस ने अनुसंधान में दोनों को अभियुक्त बनाया था।

रंगदारी मामले में जिप अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव को कोर्ट द्वारा तीन साल की सजा सुनाए जाने पर जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या 8 के जिप सदस्य प्रतिनिधि दीपक कुमार ने डीएम से विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए अविलंब निर्लंबित करने की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष सजायाफ्ता हैं और पंचायती राज अधिनियम के तहत ऐसे लोग संवैधानिक पद पर नहीं रह सकते।

### रंगदारी मामले में लगाये गये आरोप तथ्यहीन हैं : रणवीर

पूर्व विधायक रणवीर यादव ने कहा कि उन्हें षडयंत्र के तहत सजा सुनायी गई है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप तथ्यहीन है। उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। वे इस फैसले पर विचार के लिए जल्द जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में अपील करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका राजनैतिक करियर चौपट करने की साजिश की गई है।

### दो साल या उससे अधिक की सजा मिलने पर आरोपित की सदस्यता हो सकती है रद्द

भागलपुर के अपर लोक अभियोजक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार दो साल या उससे अधिक की सजा मिलने पर आरोपित की सदस्यता रद्द हो जाती है। जब तक ऊपर की अदालत से सजा पर रोक नहीं लग जाता है। तीन साल की सजा होने पर आरोपित वैधानिक और नैतिक रूप से पद पर रहने का अधिकार खो देता है।

## मॉब लिंचिंग : ग्रामीणों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी




**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया में एक बार फिर मॉब लिंचिंग की घटना सामने आई है। किसान के बेटे की हत्या कर भाग रहे आरोपों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। घटना गोगरी थाना क्षेत्र की है। मामले में प्राथमिक की दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। हालांकि अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को कोई शिकायती आवेदन नहीं दिया है। जानकारी के मुताबिक गोगरी थाना क्षेत्र के उसरी गांव निवासी में रहने वाले किसान कामाख्या यादव के बेटे वीरप्रकाश यादव की हत्या गोली मारकर कर दी गई। उसे गोली मारकर आरोपी संतोष यादव भाग रहा था। वह मुंगेर के थाना क्षेत्र के टीकारामपुर गांव निवासी हिसाबी यादव का पुत्र था। मंगलवार की शाम वह वीर प्रकाश को गोली मारकर भाग रहा था तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।

आरोपी को पकड़कर भीड़ में शामिल लोगों ने जमकर पिटाई की। मार खाने से वह जख्मी होकर बेहोश हो गया तो लोग भाग चले। पुलिस ने उसे स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां संतोष की बुधवार की तड़के इलाज के दौरान मौत हो गई। गोगरी पुलिस ने मृत बदमाश का शव कब्जे में लेकर खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृत बदमाश के खिलाफ मुंगेर जिले के कई थाने में एफआईआर दर्ज है। इस मामले में गोगरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना को लेकर किसी भी पक्ष द्वारा आवेदन फिलहाल नही मिला है। मृतक के परिजनों के आवेदन के आलोक में कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं की अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## आरक्षण का दायरा बढ़ाने पर निर्णय विधानमंडल में चर्चा के बाद : सीएम



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि आरक्षण का दायरा बढ़ाने पर निर्णय विधानमंडल में चर्चा के बाद ही होगा। मुख्यमंत्री जेपी जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। आरक्षण का दायरा बढ़ाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। जाति आधारित गणना की रिपोर्ट को सदन में रखने के बाद सभी की राय हम सुनेंगे, उसके बाद सरकार इस पर निर्णय लेगी। जाति आधारित गणना से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पार्टियों की सहमति के बाद ही हमलोगों ने जाति आधारित गणना करायी है। जाति आधारित गणना को विधानमंडल में रखा जाएगा। सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति का ब्यौरा भी सदन में रखा जाएगा, चाहे वे किसी भी जाति-धर्म के हों। सभी विधायकों एवं विधान पार्षदों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। एक-एक चीज को लोग जानेंगे। उसके बाद सभी से विमर्श कर आगे इस पर काम किया जाएगा।

## साइबर अपराध के विरुद्ध दुमका पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा पुलिस ने साइबर अपराध कर्मियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई। 6 साइबर अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। पुलिस अधीक्षक महोदय दुमका के निदेर्शानुसार नूर मुस्तफा अंसारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दुमका के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर यह कार्रवाई की गई। कुणाल किशोर उर्फ संदीप कुमार, हिमांशु कुमार मंडल, सचिन मंडल, तीनों थाना बंधुकुरावा जिला बांका एवं मितन कुमार मंडल, सुमन मंडल, राकेश रंजन तीनों थाना सरैयाहाट जिला दुमका को दुमका रामपुरहाट मुख्य मार्ग स्थित ग्राम रामगढ़ से गिरफ्तार किया गया। सभी के विरोध दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को वादी वकार हुसैन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा थाना के स्वलिखित आवेदन के आधार पर आईटी एक्ट के अंतर्गत प्राथमिक के नाम जद 9 अभियुक्त के विरुद्ध फर्जी सिम के माध्यम से अपने आप को बैंक एवं अन्य संस्थान के कर्मचारी बताकर फोन कर क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड केवाईसी करने के नाम पर आइसीआइसीआइ एप के फाइल ऐप को इंस्टॉल करवा कर लोगों के खातों से ठगी कर उनके खाता से पैसा उड़ाने के आरोप में धारा अंकित किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, फर्जी एटीएम कार्ड, स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर बीआर10पीए 8782 सफेद रंग का सहित कुल 26 विभिन्न प्रकार के मोबाइल सिम कार्ड आदि सम्मान जप्त किया गया है। छापीमारी टीम में नूर मुस्तफा अंसारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दुमका, पुलिस निरीक्षक वकार हुसैन सह थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा, पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार, अंजनी कुमार, श्यामल मंडल साइबर सेल प्रभारी दुमका, आरक्षी अमित कुमार तकनीकी शाखा दुमका, आ.शमीम अख्तर, सोनू कुमार, अशोक कुमार दास शामिल थे।

## राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल क्षेत्र भ्रमण के दौरान रांची से पोड़ैयाहाट आया

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय, सुरक्षित बिजली की उपलब्धता, पूरक पोषाहार के साप्ताहिक मेनू की जांच, टीएचआर, पोषण ट्रैकर एप, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों की पोषण स्थिति की जांच, अति गंभीर कुपोषित बच्चे, आंगनबाड़ी केंद्र में उपकरण की जांच, बच्चों के वजन की जांच साथ ही साथ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना संबंधित अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित सर्वजन पेंशन के लाभुकों से मुलाकात की गई, साथ ही साथ पेंशन से संबंधित जानकारियां जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा प्रदान की गई। तत्पश्चात अनुश्रवण दल के द्वारा क्षेत्र विभिन्न कार्यक्रम की प्रगति एवं उनकी स्थिति पर चर्चा की गई। अनुश्रवण दल के द्वारा, विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्र, कुपोषण उपचार केन्द्र एवं ओल्ड ऐज होम, दिव्यांग विद्यालय, वन स्टॉप सेंटर,बालगृह आदि विभागीय अनुषांगी संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाऐं, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, तेजस्विनी योजना के सदस्य, समुदाय के प्रतिनिधि तथा लाभुकों की उपस्थिति में लाभुकों के समक्ष विस्तृत जानकारी ली गई।

उक्त भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला से अनीशा कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ,गोड्डा अविनाश कुमार, रूपक दिक्षित, कंसलटेंट, यूनिसेफ, मोह्ण यासिर, राजेश कुमार, लीगल प्रोबेशन ऑफिसर, ओम प्रकाश, संरक्षण पदाधिकारी, मनोज कुमार मंडल, तेजस्विनी परियोजना एवं महिला पर्यवेक्षिका मौजूद रहे।

## ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि पर प्रशिक्षण का आयोजन

**दुमका।** नाबार्ड द्वारा ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वन के लिए उपमहाप्रबंधक नाबार्ड एससी गर्ग की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप महाप्रबंधक, नाबार्ड एससी गर्ग ने बैठक की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह बैठक किया जाना अपेक्षित था ताकि परियोजनाओं के कार्यान्वन को गति प्रदान की जा सके। तथा परियोजना के ससमय क्रियान्वन में अगर कोई बाधा हो तो उसे दूर किया जा सके। कार्यान्वन कर रहे विभागों से यह अपेक्षित है कि वो परियोजना मे हुए खर्चे का मासिक ब्योरा नाबार्ड को उपलब्ध करवाएं ताकि नाबार्ड ससमय राशि निर्गत कर सके और राज्य सरकार नाबार्ड के इस किफायती वित्तीय सहयोग का समुचित लाभ ले सके। उन्होने यह भी बताया की नाबार्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप मे परियोजना से संबन्धित डिस्प्ले बोर्ड हरेक परियोजना मे लगाना आवश्यक है क्योकि यह सोशल मोनेट्रिंग का एक अंग है। विकास के लिए बहुत ही जरूरी हो जाता है की क्लास वन का संसाधन का होना।ग्रामीण क्षेत्रों को आगे बढ़ाने में नाबार्ड का योगदान काफी रहा है। प्रमोद कुमार जिला विकास प्रबन्धक पाकुड़ ने बताया कि नाबार्ड द्वारा राज्य में आरआईडीएफ के तहत राज्य सरकार को कुल 4639 परियोजनाओं के लिए 21578.96 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें 15765.62 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं।उन्होने योजना पूर्ण होने के पश्चात तुरंत प्रोजेक्ट कंप्लीट रिपोर्ट तथा उसके 6 महीनो के अंदर प्रोजेक्ट कंप्लीशन रिपोर्ट नाबार्ड को समर्पित करने का आग्रह किया।

### गोड्डा के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया जा रहा है औचक निरीक्षण

# ससमय एवं सही मात्रा में लाभुकों को मिले खाद्यान्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ग्रामीण आवेदन, दैनिक सामाचार पत्रों, सोशल मिडिया आदि अन्य माध्यमों से लगातार शिकायत प्राप्त हो रहे थे कि, जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा माह अगस्त 2023 एवं सितम्बर 2023 में लाभुकों को दिग्भ्रमित कर खाद्यान्न को अनुमान्यता से कम मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संबंध में विगत दिनों में कई जन वितरण प्रणाली दुकानदार के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई भी की गई है। शिकायत आवेदन एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के अनुसार ऐसे मामले जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी प्रकाश में आये है। उक्त के आलोक में जनवितरण प्रणाली व्यवस्था को और दुरूस्त करने लाभुकों को सही मात्रा/समय पर खाद्यान्न मिल रहा है या नहीं तथा उनकी अन्य समस्याओं से अवगत होने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गोड्डा, कार्यपालक दंडाधिकारी गोड्डा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा समेत जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल



अधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रखंड के पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 8 दिनों के अंदर शत प्रतिशत खाद्यान्न का ऊऊसुनिश्चित कराएं एवं निविदा में अंकित वाहनों से ही खाधान्न का ढुलाई कर निविदा के अनुरूप गाड़ियों की संख्या उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया एवं जिला परिवहन पदाधिकारी उपयोग में लाए जा रहे वाहनों की जांच सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकान में अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर माह में आवंटित खाद्यान्न की मात्रा, उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न की मात्रा, वितरित खाद्यान्न की मात्रा, वितरण पश्चात अवशेष खाद्यान्न की मात्रा, जन वितरण प्रणाली दुकान का भौतिक स्टॉक संबंधित बिंदुओं पर जांच सुनिश्चित कर विहित प्रपत्र का प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को सौंपने का निर्देश उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा दिया गया।

मौके पर लाभुकों से भी फीडबैक लिया जा रहा है कि उन्हें ससमय और उचित मात्रा में खाद्यान्न मिल रहा है या नहीं मापतौल मशीन का ईपॉश मशीन से कनेक्शन ताकि सही मात्रा में ही अनाज मिले, अपवाद से अनाज का उठाव समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है तथा अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### जर्जर अवस्था में है उताकी आंगनबाड़ी केंद्र

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नावाडीह उताकी ग्राम का आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर अवस्था में संचालित है। आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया था । आज इसकी स्थिति काफी दयनीय है। आंगण बाड़ी केन्द्र के भवन में कहीं दरवाजा नहीं है। ना ही बच्चों को खेलने एवं बैठने की व्यवस्था है । जबकि यह मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र है। सेविका शिल्पा कुमारी ने बताया कि शरारती तत्वों के द्वारा केन्द्र में गंदगी फैला दिया जाता है । केंद्र में किवाड़ नहीं होने के कारण राशन घर पर रखना पड़ता है । केंद्र में पानी का किल्लत होने के कारण दुसरे जगह से पानी लाकर बच्चों का खाना बनाया जाता है। पानी के अभाव में शौचालय बंद पड़ा हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र में समस्या का अंबार है। ऐसे में बच्चे कैसे शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे।

### बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने सीओ को समस्या से कराया अवगत

**मेदिनीनगर।** बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने सदर प्रखंड के नये अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह सिंह बलहोत्रा से मुलाकात किया । उन्होंने सीओ को बुके और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने सदर सीओ से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड की जनता को आपसे बहुत उम्मीद है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप निस्वार्थ भाव से यहां के ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे । मौके पर अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष रिंकू मेहता ने मुलाकात के दौरान कहा कि यहां के ग्रामीण बहुत अच्छे हैं । आप जनसमस्या का निदान हर हाल में करेंगे। सदर अंचल अधिकारी ने विशुत्री अध्यक्ष तेजू साव को भरोसा दिलाया ग्रामीण और जनप्रतिनिधि को मिलाकर एक साथ प्रखंड का विकास के लिए काम करेंगे। कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे । इस मौके पर लहलहे पंचायत समिति सुभाष तिवारी, राजू चौहान, अमर मिश्रा, नरेंद्र तिवारी समेत कई लोग शामिल थे।

### पासवान समाज की बैठक या सम्मेलन केवल दिखावा : निरंजन

**पाटन (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारणी के सदस्य निरंजन पासवान ने कहा कि पासवान जाति एक है दो नहीं। यदि पासवान समाज का संगठन का निर्माण चाहते हैं। तो सभी पासवान को एक मंच पर आना होगा। चाहे जिस रूप से आवे नहीं तो पासवान का संगठन अधूरा रहेगा ।क्योंकि पासवान समाज दो भाग में बट जाएगा। पासवान समाज का संगठन में जो उद्देश है जो एजेंडा है वह धरातल पर नहीं देखने को मिल रहा है। पासवान पासवान के ही शोषित, पीड़ित, बलात्कार, अत्याचार, लूट खसोट में लगे है । यदि पासवान का संगठन अपने समाज में बैठक कर उचित फैसला करे। और फैसला नहीं मानने वाले लोगो को सजा देने का पावर रखे ।तभी पासवान समाज संगठन का महत्व समझा जाएगा। अभी तक ऊंचे ऊंचे पदों पर बहुत पासवान लोग कुर्सी पर बैठे और अभी भी बैठे हैं। किस गरीब पासवान जाति को मदद किया गया। चाहे दहेज का मामला हो या नौकरी का मामला हो। समाज में बहुत गरीब लोग हैं जिन्हें समाज के लोग आगे बढ़ाने में मदद करते तो शायद आज हमारा समाज इतिहास बनता। लेकिन समाज की बात सिर्फ चुनाव के समय ही आती है।

### दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**ठाकुर गंगटी(गोड्डा)।** आगामी दुर्गा पूजा को ले ठाकुर गंगटी के नए थाना भवन में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक में अंचलाधिकारी राजीव कुमार और थाना प्रभारी रफीक ने उपस्थित गणमान्य ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मोरडीहा माल मंडरो, चपरी, बनियाडीह, मिश्र गंगटी, ठाकुर गंगटी गांव के दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी सदस्यों से होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया पंडाल निर्माण, तोरन द्वारा से लेकर अन्य प्रकार की विधि व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ किया। सभी जगह के पूजा पंडाल में सी सी टी वी कैमरा लगाने का निर्देश दिया ।साथ ही साथ कहा कि पुरुषों और महिलाओं का प्रवेश द्वार अलग-अलग बना दें। ताकि सभी सुरक्षित रह सके ।डी जे बाजा पर पाबंदी रहेगी ।धीमी गति का वादक यंत्र बजा सकते हैं ।सबों से यह भी कहा गया कि दुर्गा पूजा पंडाल के साथ-साथ निकटवर्ती जगह पर पूर्ण रूप से साफ सुथरा रखें और सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखें ।विसर्जन के समय मार्ग में अधिक भीड़ नहीं लगने दें और निर्धारित रास्ते से ही आवागमन करें। विसर्जन के समय तालाब किनारे बहुत अच्छी तरह से सावधानी बरतें। ताकि कोई अनहोनी ना हो। सुरक्षा की दृष्टि कौन से कोई तैराक, एन डी आर एफ टीम के सदस्य आदि को भी बुलाकर रखें।

## पेज 1 का शेष

### युवा ऊर्जा के उपयोग को...

विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाये गये कार्यक्रमों में लाभार्थी 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे। इससे अनुभव के साथ नेतृत्व कौशल का विकास होगा। इससे युवाओं की सक्रियता बढ़ेगी। युवा आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। मौजूदा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह मंच युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करेगा। इसमें एक केंद्रीकृत युवा डाटा बेस बनाया जायेगा। सरकारी पहलों और अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने के लिए दोतरफा व्यवस्था प्रदान करेगा। यह एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए युवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा।

### मेरे मुवक्किल को इडी...

हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई क्रिमिनल ऑफेंस भी नहीं है और कोई एफआइआर दर्ज भी नहीं है। फिर पीएमएलए के तहत उन्हें समन जारी करना गलत है।दरअसल, इडी ने पांचवां समन जारी कर सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 4 अक्टूबर को रांची स्थित जनरल कार्यालय में बुलाया था। लेकिन, वे इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। सीएम के अधिवक्ता की ओर से 4 अक्टूबर को इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को पत्र लिख कर बताया गया था कि यह मामला हाइकोर्ट में विचारणीय है। यह मामला जब तक हाइकोर्ट में डिसाइड नहीं होता है, तब तक सीएम को जारी समन पर कार्रवाई न की जाये। 23 सितंबर को सीएम की ओर से इडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की गयी थी। इसमें उनकी ओर से कहा गया है कि इडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाये। साथ ही, इडी को आगे भी समन जारी करने से रोक लगाने का अभी आग्रह किया गया है। सीएम ने इडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। आइपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिये गये बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के दिये गये बयान की कोर्ट में मान्यता है। इडी को मिली शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार उसके पास है।

### 600 छात्राओं ने ली...

वहीं, बीइओ ने कहा की शिक्षा से बेहतर साथी दूसरा नहीं। शिक्षा से ही अपने अधिकार को प्राप्त किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण इकाई एसजीवीवी रांची के सचिव राजेन कुमार ने बताया की देश में बाल विवाह के आंकड़े 23 प्रतिशत हैं। वहीं, झारखंड में 36 प्रतिशत है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक अरविंद कुमार ने भी संबोधित किया। धन्यवाद प्रस्ताव विवेक कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर वार्डेन सोशन, सुधा देवी, बबिता देवी, विद्यालय के शिक्षिकाएं व 600 छात्राएं उपस्थित थीं। **एक पीड़िता ने बताया अपना दर्द :** बाल विवाह की पीड़िता बबीता देवी ने कस्तूरबा की छात्राओं से अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया- मात्र 16 साल की उम्र में विवाह होने के कारण आज तक मेरे शरीर का विकास नहीं हो सका। किसी भी किशोरी के लिए बाल विवाह उसके जीवन का सबसे कठिनाई भरा समय होता है। बाल विवाह के कारण उसे शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ाता है। मेरे बच्चे के जन्म के बाद से अक्सर स्वास्थ्य खराब रहने लगा और पढ़ाई भी अधूरी रह गयी।

# हमास को जवाब देना इजराइल का अधिकार : बाइडेन

एजेंसी

- हमास के हमले में 14 अमेरिकी मारे गये और अन्य नागरिकों को बंधक बना गया : राष्ट्रपति
- बंधकों की वापसी के लिए विशेषज्ञों को किया तैनात
- इजराइल में अब तक करीब 1,200 की मौत, जवाबी हवाई हमले में 950 से ज्यादा मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सप्ताहांत में हमास के हमलों का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है, जिसे उन्होंने सरासर दुष्ट कृत्य करार दिया है। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा रहेगा और उसे जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह प्रदान करेगा। बाइडेन ने कहा कि हमलों में कम से कम 14 अमेरिकी मारे गए और अन्य अमेरिकी नागरिकों को बंधक बना लिया गया। एक ब्रीफिंग में मंगलवार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 20 अमेरिकी लापता थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने को हमास ने बंदी बना लिया है। समूह के उग्रवादियों ने शनिवार को गाजा पट्टी में कई स्थानों पर सीमा बाड़ को तोड़ दिया और सबसे गंभीर सीमा पार हमला किया, जिसका इजराइल ने एक पीढ़ी में सामना किया है। इजराइल में शनिवार से अब तक करीब 1,200 लोग मारे जा चुके हैं, गाजा पर जवाबी इजरायली हवाई हमलों में 950 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन के साथ खड़े होकर, बाइडेन ने कहा कि हमास आतंकवादियों द्वारा हिंसक कार्रवाई का कोई औचित्य नहीं है। बाइडेन ने कहा कि इस जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, और मेरा शाब्दिक अर्थ यह है, जब शुद्ध शुद्ध बुराई इस दुनिया पर फैलती है। इजराइल के लोग इस सप्ताहांत ऐसे ही एक क्षण से गुजरे। उन्होंने कहा कि हम यह



निर्धारित करने के लिए घंटे-दर-घंटे काम करेंगे कि क्या हम उन अमेरिकियों में से किसी का पता लगा सकते हैं, या बंधक बनाए गए अमेरिकियों की सटीक संख्या की पुष्टि कर सकते हैं। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका इजरायल के साथ खुफिया जानकारी साझा कर रहा है, और बंधकों की वापसी के प्रयासों पर इजरायली समकक्षों को सलाह देने के लिए विशेषज्ञों को तैनात किया है। इस सप्ताह की शुरूआत में, अमेरिका ने एक विमानवाहक पोत सहित - नौसैनिक बलों को पूर्वी भूमध्य सागर में स्थानांतरित करने की योजना की घोषणा की। क्षेत्र में स्थित अमेरिकी वायु सेना के स्क्वाड्रनों को भी अतिरिक्त लड़ाकू विमानों से मजबूत किया जा रहा है। बाइडेन ने कहा है कि वह कांग्रेस से अधिक समर्थन प्रदान करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहेंगे। एक सूत्र ने बताया कि व्हाइट हाउस कांग्रेस को एक अनुरोध सौंपने पर विचार कर रहा है जिसमें यूक्रेन और इजराइल दोनों के लिए अधिक सैन्य सहायता शामिल होगी। बाइडेन और हैरिस ने मंगलवार को इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की तथा इजरायल की आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए ताजा गोला-बारूद की आपूर्ति करने का वादा किया। ब्लिंकन के बुधवार को वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों से मिलने के लिए इजरायल की यात्रा करने की उम्मीद है। इजराइल ने गाजा के चारों ओर सैकड़ों हजारों सैनिकों के साथ-साथ टैंक और अन्य भारी हथियारों को तैनात कर दिया है, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह संभावित जमीनी हमले के लिए तैयार है क्योंकि हवाई हमले जारी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

## इजराइल ने हमास सैन्य कमांडर दीफ के पिता और रिश्तेदारों के घरों पर बरसाये बम



**तेल अवीव।** इजरायल की सेना ने गाजा पट्टी के अल फुरकान में बुधवा सुबह हमास सैन्य कमांडर के पिता और रिश्तेदारों के घरों पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। उसे इजरायल पर ताजा हमले का प्रमुख साजिशकर्ता माना जाता है। इजरायल उसे जिंदा या मुर्दा पकड़ने की जीतोड़ कोशिश कर रहा है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार सुबह हमास के खिलाफ चल रहे जवाबी हमले के बीच इजरायल के रक्षा बलों ने हमास के सैन्य विंग के प्रमुख मोहम्मद दीफ के पिता और रिश्तेदारों के घर पर बमबारी की है। उसे इजरायल के खिलाफ ताजा आतंकवादी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। इसके अलावा हमास पर हवाई हमला जारी रखते हुए इजरायल के रक्षाबलों ने आतंकवादी समूह के 200 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इसके अलावा इजरायल की नौसेना ने जल मार्ग से घुसपैठ की कोशिश कर रहे हमास के एक गोताखोर जवान को मार डाला।

## स्पीड न्यूज

### इजरायल-हमास जंग में लेबनान भी कूदा

**तेल अवीव।** इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इजरायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इजरायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इजरायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रुसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इजरायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताजा स्थिति की जानकारी देंगे।

### राजस्थान में अब 25 नवंबर को पड़ेंगे वोट

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बड़े पैमाने पर शादियों और सामाजिक कार्यक्रमों का हवाला देते हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख को बुधवार को 23 नवंबर से बदलकर 25 नवंबर कर दिया। आयोग ने कहा कि मतदान की तारीख में बदलाव के लिए विभिन्न दलों और सामाजिक संगठनों ने आग्रह किया था।

### डोडा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को एक ठिकाने का पता लगाया और वहां से गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 44 राष्ट्रीय राइफल्स ने सियोज धार इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान ठिकाने का पता चला जहां हथियार रखे थे। अधिकारियों ने बताया कि मौके से तीन पिस्तौल, नौ मैगजीन और 69 कारतूस बरामद किए गए।

### 2.5 फीसदी रहेगी पाक की आर्थिक वृद्धि दर

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 2.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आईएमएफ का यह अनुमान अन्य बहुपक्षीय एजेंसियों के अनुमान के उलट है, जिन्होंने पाकिस्तान का वृद्धि दर अनुमान काफी नीचे रखा है। आईएमएफ की ओर से मंगलवार को जारी अक्टूबर के विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर चालू वर्ष में 2.5 प्रतिशत रहने की जबकि अगले साल यानी 2024 में पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

### अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके

**काबुल।** अफगानिस्तान में बुधवार को तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने कहा है कि अफगानिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई पर था।

### एसइसीएल ने स्क्रैप से बनायी मूर्तियां



**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया की शाखा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने एक विशेष अभियान के तहत खनन स्क्रैप (अवशेष) से मूर्तियों बनाई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में स्क्रैप टू स्कल्पचर अभियान चलाया गया। कोयला मंत्रालय के अनुसार, परियोजना का मकसद कोयला खदानों की स्क्रैप सामग्री को कई रचनात्मक मूर्तियों में तब्दील करना है। जमुना कोतमा क्षेत्र के बंकिम विहार में इन मूर्तियों को एक सार्वजनिक पार्क में प्रदर्शित किया गया।

## अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ

### नौकरी घोटाले में इडी ने चार स्थानों पर की छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा से बुधवार को सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

साल्ट लेक इलाके में केंद्र सरकार कार्यालय परिसर में स्थित निदेशालय के कार्यालय में पूर्वाह्न करीब 11 बजे पूछताछ शुरू की गई जो शाम छह बजे के बाद भी



जारी रही। ईडी अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने नौकरी घोटाले की जांच के संबंध में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कम से कम चार स्थानों पर कुछ दुकानों के अलावा कई चावल मिल में बुधवार को छापे मारे।

केंद्रीय बलों के कर्मियों को शांतिपुर, धुबुलिया, राणाघाट और कृष्णानगर में उन मिल की सुरक्षा में तैनात किया गया जहां छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि नौकरी घोटाले से अर्जित अच्छे-खासे धन का कई चावल मिल में निवेश किया गया। हमारे पास इसे साबित करने के लिए दस्तावेज हैं।

## रेप मामले में कोर्ट ने भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को समन भेजा



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित बलात्कार और धमकी के एक मामले में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन को समन भेजा है। न्यायाधीश ने बलात्कार और धमकी के अपराधों का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दिल्ली पुलिस की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें शाहनवाज हुसैन को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट को अस्वीकृत कर दिया है। शिकायतकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर भरोसा किया, जिसने अदालत को दिखाया कि अगर अभियोजक की एकमात्र गवाही विश्वसनीय है, तो आरोपी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है। अदालत ने कहा कि इसलिए यह कहना सुरक्षित है कि अभियोजक की लगातार एकमात्र गवाही आरोपी को बुलाने और मामले को सुनवाई के लिए ले जाने के लिए पर्याप्त है।

## वेबसाइट पर शुल्क और रैंकिंग का खुलासा करें कॉलेज-विवि : यूजीसी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अपनी वेबसाइट पर शुल्क संरचना और भुगतान वापसी संबंधी नीति, छात्रावास सुविधाओं, छात्रवृत्ति, रैंकिंग और आधिकारिक मान्यता के विवरण का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्च शिक्षा नियामक के इस बात पर गौर करने के बाद यह कदम उठाया गया है कि कई विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर बुनियादी न्यूनतम जानकारी की कमी है। पेटेंट, विदेशी और उद्योग सहयोग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, आंतरिक शिकायत समिति, हेल्पलाइन नंबर के साथ रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ और समान अवसर प्रकोष्ठ का विवरण भी यूजीसी द्वारा जारी सूची (चेकलिस्ट) का हिस्सा है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि हमने पाया है कि कई विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर न केवल उनके विश्वविद्यालय से संबंधित बुनियादी न्यूनतम जानकारी की कमी है, बल्कि कई बार उनकी वेबसाइट अद्यतन भी नहीं होती हैं। इससे हितधारकों को काफी असुविधाओं और अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। कुमार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में जब हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीसरे वर्ष का जश्न मना रहे हैं, तो विश्वविद्यालयों से उनकी वेबसाइट पर बुनियादी न्यूनतम जानकारी और अद्यतन सामग्री प्रदान करना बेहतर होगा।

## फिल्म रामायण में राम बनेंगे रणबीर कपूर



**मुंबई।** निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण की हर तरफ चर्चा हो रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्रीराम के किरदार में नजर आएंगे जबकि केजीएफ स्टार यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में पहले आलिया भट्ट भी सीता के किरदार में नजर आई थीं, लेकिन किसी वजह से उन्होंने फिल्म से किनारा कर लिया। इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर जमकर मेहनत कर रहे हैं, इतना ही नहीं चर्चा तो यह भी है कि वह इसके लिए मांस-शराब खाना भी बंद कर देंगे। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई अपडेट सामने आ रही है। इस फिल्म में सनी देओल की एंट्री होने वाली है।

उम्मीद है कि इस फिल्म में सनी हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं और इस रोल के लिए सनी देओल से बेहतर एक्टर मिलना मुश्किल है। इसी बीच सनी ने 'रामायण' से जुड़ी एक फिल्म में काम करने की इच्छा भी जताई थी। फिलहाल मेकर्स और सनी देओल के बीच चर्चा चल रही है और उम्मीद है कि इसमें कोई सकारात्मक फैसला निकलेगा। इतना ही नहीं निर्देशक नितेश तिवारी बजरंगी बली पर एक अलग फिल्म भी बनाना चाहते हैं। देखा जा सकता है कि दर्शक इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।

## जयशंकर ने भारत को बताया विश्वमित्र



**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को भारत को विश्व मित्र और ह्यग्लोबल साउथ की आवाज बताया। हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के मंत्रियों की परिषद की 23वीं बैठक में भारत ने 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका ग्रहण की। जयशंकर ने कहा कि यहां हममें से कई ग्लोबल साउथ के सदस्य हैं और भारत जी20 के माध्यम से जिस चीज को केंद्र में लाने में सफल रहा है, उसका आप सभी निश्चित रूप से स्वागत करेंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं।

## प्राचीन ज्ञान खोजना विद्वानों का कर्तव्य : राष्ट्रपति

**कश्मीर विवि का दीक्षांत समारोह**

### भारत के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाने के लिए महिलाएं तैयार : मुर्मू



**श्रीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश में प्राचीन, मूल रूप से विकसित ज्ञान खोजना विद्वानों का दायित्व है। कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि नयी शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान प्रणाली पर केंद्रित है। झेलम नदी के किनारे बसे शहर को बचाने के लिए 1,200 साल पहले किए गए काम को आज हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग के रूप में जाना जाता है। प्राचीन भारत में ऐसे कई उदाहरण हैं। यह मूल रूप से विकसित ज्ञान की खोज करना आज विद्वानों का दायित्व है। केंद्र शासित प्रदेश के पहले दौरे पर आयीं राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने भाषण की शुरूआत मौज काशीर (ओ मां कश्मीर) से की, जिस पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजायीं। उन्होंने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय पर हजरतबल दरगाह का करम है। यह विश्वविद्यालय दरगाह के समीप स्थित है। राष्ट्रपति ने संबोधन में विश्वविद्यालय में महिला छात्रों की संख्या 55 फीसदी होने पर खुशी जतायी। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं और लड़कियां देश के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा,ह्न लड़कियां हमारे देश की तस्वीर और उसकी तकदीर पेश करती हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिस समाज और देश के युवा विकास और अनुशासन के मार्ग पर चलते हैं, वह प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता है।देश को कश्मीर के जिम्मेदार युवाओं पर गर्व है। राष्ट्रपति ने कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों से अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके वे सामाजिक बदलाव ला सकते हैं और एक मिसाल कायम कर सकते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पूर्व छात्रों ने देश की सेवा करके इस विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान और विज्ञान के हर क्षेत्र में अमूल्य खजाना है और यह अकादमिक जगत की जिम्मेदारी है कि आज की परिस्थितियों में ऐसी जैविक रूप से विकसित ज्ञान प्रणालियों का पुनः उपयोग करने के तरीके खोजें। कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश की सेवा करके इस विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति ने यहां सेना मुख्यालय में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गुमनाम हीरो की कहानी बयां करेगी भारत हैं हम

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एनिमेटेड शो का जारी किया ट्रेलर

एजेंसी

- 15 अक्टूबर से प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स और दूरदर्शन पर होगा प्रसारण
- मुंजाल श्राफ और तिलक शेट्टी ने किया है निर्माण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को आगामी एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर जारी किया। इस सीरीज में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के बारे में बताया जाएगा। भारत हैं हम एनिमेटेड सीरीज को आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित दूरदर्शन पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है। उनके दृष्टिकोण के तहत, राष्ट्र की स्मृति को फिर से जागृत करना और इन गुमनाम नायकों के प्रति कृतज्ञता जताने का हमारा विनम्र




प्रयास है। हमारे यहां ऐसे कई गुमनाम नायक हैं जिन्हें हमारे इतिहास में उचित श्रेय नहीं दिया गया। इनमें से 30 प्रतिशत नायक महिलाएं हैं और ये कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए और भी बहुत कुछ करेंगे कि हमारे देश के छात्र और लोग ऐसे नायकों के बारे में अवगत हों।

हम इस सीरीज को संसद में भी प्रदर्शित करेंगे ताकि संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में इसका प्रचार-प्रसार कर सकें। भारत हैं हम का निर्माण मुंजाल श्राफ और तिलक शेट्टी ने किया है। इस सीरीज के पहले सीजन में 26 एपिसोड होंगे। भारत हैं हम का प्रसारण 15 अक्टूबर से प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स और दूरदर्शन पर होगा।

## शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 393 अंक चढ़ा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिलेजुले संकेतों और मुद्रास्फीति की चिंताएं नरम पड़ने के बीच बुधवार को ऊर्जा, एफएमसीजी और पूंजीगत उत्पादों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक सेंसेक्स 393 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 19,800 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स 393.69 अंक यानी 0.6 प्रतिशत बढ़कर 66,473.05 अंक पर बंद हुआ। इसके 30 में से 24 शेयर बढ़त में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 121.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,811.35 अंक पर बंद हुआ।

इजराइल-हमास संघर्ष से बेअसर घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !